सोमवार
01 जुलाई 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



चिराग ने भी किया स्पष्ट... नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए लड़ेगी विधानसभा चुनाव 2



# टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन भारतीय टीम को 125 करोड़ रुपये देने का बीसीसीआई का ऐलान













**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत ने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर दूसरी बार टी-20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने साल 2007 में इससे पहले विश्व कप अपने नाम किया था। भारत की जीत के हीरो विराट कोहली रहे, जिन्होंने 76 रनों की पारी खेली. उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया है। वहीं शानदार गेंदबाजी के लिए जसप्रीत बुमराह को मैन ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब दिया गया। अंतिम ओवर में डेविड मिलर का अदभुत कैच पकड़ मैच का पासा पलटनेवाले सूर्यकुमार यादव को ड्रेसिंग रूम में भारतीय टीम की ओर से बेस्ट फिल्डर का अवार्ड प्रदान किया गया। भारत की इस ऐतिहासिक जीत से खुश होकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विजेता टीम के सदस्यों पर पैसों की बरसात कर दी है। बीसीसीसीआई ने भारतीय टीम को इनाम के तौर पर 125 करोड़ रुपये देने का ऐलान किया है। इस बात की जानकारी बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ट्वीट कर दी है। जय शाह ने एक्स पर लिखा, टीम ने पूरे टूनार्मेंट में असाधारण प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सभी खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को बधाई।

## प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार की 'मन की बात'

# पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनी मां के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं: मोदी

- रेडियो प्रोग्राम के 111वें एपिसोड में पीएम मोदी बोले- मैंने कहा था, चुनाव के बाद फिर मिलूंगा
- देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर विश्वास दोहराया है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के बाद किये गए पहले 'मन की बात' रेडियो प्रोग्राम के 111वें एपिसोड में कहा कि मैंने कहा था, चुनाव नतीजों के बाद फिर मिलूंगा, उम्मीद करता हूं कि आप सब अच्छे होंगे। मैंने विदा लिया था, फिर मिलने के लिए। इस बीच मुझे आप लोगों के लाखों संदेश मिले। चुनाव के दौरान मन को छू लेने वाली कई खबरें आईं। 65 करोड़ लोगों ने चुनाव में वोट डाला। इसके साथ ही पीएम मोदी ने देशवासियों से अपील की है कि एक पेड़ अपने नाम पर जरूर लगाएं। पेड़ लगाने से धरती मां की रक्षा होगी। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को लेकर पीएम मोदी ने कहा, मैं आज देशवासियों को धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है। 2024 का चुनाव, दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ। मैं चुनाव आयोग और मतदान की प्रकिया से जुड़े हर व्यक्ति को इसके लिए बधाई देता हूं।



### हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है

मां के रिश्ते और पर्यावरण पर पीएम मोदी ने कहा, मैं आपसे पूछूं कि दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता कौन सा होता है तो आप जरूर कहेंगे - मां। हम सबके जीवन में 'मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां हर दुख सहकर भी अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है। हर मां अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है। जन्मदात्री माँ का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है जिसे कोई चुका नहीं सकता। हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं, लेकिन और कुछ कर सकते हैं क्या? इसी सोच में से इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम है एक पेड़ मां के नाम'। मैंने भी एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाया है।

**पीएम मोदी ने बताई 'कार्थुम्बी छाते' की खासियतः** केरल में बनने वाले छातों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, मन की बात में आज मैं आपको एक खास तरह के छातों के बारे में बताना चाहता हूं। ये छाते तैयार होते हैं केरला में। वैसे तो केरला की संस्कृति में छातों का विशेष महत्व है। छाते वहां कई परंपराओं और विधि-विधान का अहम हिस्सा होते हैं। लेकिन मैं जिस छाते की बात कर रहा हूं, वो हैं 'कार्थुम्बी छाते' और इन्हें तैयार किया जाता है केरला के अट्टापडी में। इन रंग-बिरंगे छातों को केरला की हमारी आदिवासी बहनें तैयार करती हैं। आज देशभर में इन छातों की मांग बढ़ रही हैं। इनकी ऑनलाइन बिक्री भी हो रही है। इन छातों को 'वट्टालक्की सहकारी कृषि सोसाइटी' की देखरेख में बनाया जाता है।

### आदिवासी भाई-बहनों ने उठाए थे अंग्रेजों के खिलाफ हथियार

'हूल दिवस' का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज 30 जून का ये दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन को हमारे आदिवासी भाई-बहन 'हूल दिवस' के रूप में मनाते हैं। यह दिन वीर सिद्धो-कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है, जिन्होंने विदेशी शासकों के अत्याचार का पुरजोर विरोध किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि ये 1855 में हुआ था। यानि ये 1857 में भारत कें प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से भी 2 साल पहले हुआ था। तब झारखंड के संथाल परगना में हारे आदिवासी भाई-बहनों ने विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठा लिया था।



## विराट-रोहित के बाद जडेजा ने भी लिया टी-20 से संन्यास

**नई दिल्ली।** विराट कोहली और रोहित शर्मा के बाद भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास की घोषणा कर दी है। उन्होंने इसकी जानकारी इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी। हालांकि, वह भारत के लिए अन्य प्रारूपों में खेलते रहेंगे। जडेजा ने लिखा, पूरे दिल से आभार जताते हुए मैं टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों को अलविदा कहता हूं। गर्व से सरपट दौड़ने वाले एक दृढ़ घोड़े की तरह मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य प्रारूपों में भी ऐसा करना जारी रखूंगा। टी20 विश्व कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था, मेरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का एक शिखर। यादों, उत्साह और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद। जय हिंद। इस टी20 विश्व कप में रवींद्र जडेजा कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उन्होंने आठ मैच खेले और सिर्फ 35 रन बनाए। वहीं, उन्हें मात्र एक विकेट मिला।

## अब सीबीएसई के छात्र साल में दो बार दे सकेंगे बोर्ड परीक्षा



**एजेंसी/नई दिल्ली**

सीबीएसई बोर्ड से पढे रहे छात्र छत्राओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। अब साल में 2 बार 10 वीं और 12 वीं के स्टूडेंट्स परीक्षा दे सकेंगे। शिक्षा मंत्रालय एवं देशभर के स्कूलों के बीच सत्र 2025 -26 से साल में दो बार कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने पर सहमति बन गई है। ऐसे में सत्र 2025 -26 से सीबीएसई की ओर से 10वीं-12वीं क्लास के एग्जाम जनवरी और फरवरी से कराए जाएंगे। पहली बार एग्जाम 2026 के जनवरी महीने में आयोजित किए जाएंगे और इसी साल अप्रैल में दूसरी बार बोर्ड एग्जाम्स का आयोजन किया जाएगा।

1. इस नए नियम के तहत 10वीं एवं 12वीं के छात्र बोर्ड परीक्षाओं में अपनी सुविधानुसार एक बार या दोनों बार भाग ले सकेंगे। वहीं स्टूडेंट्स पर दोनों बोर्ड एग्जाम देने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।

2. वहीं अगर किसी स्टूडेंट्स को अपने रिजल्ट में सुधार करना चाहेंगे वे भी दोनों सेशन की परीक्षाओं में भाग ले सकेंगे। ऐसे में दोनों ही बोर्ड परीक्षाओं में छात्र इसमें से अपना बेस्ट स्कोर चुन सकेंगे। छात्र चाहें तो वे केवल एक ही सत्र की परीक्षा में भाग ले सकते हैं।

3. सीबीएसई बोर्ड का नया दृष्टिकोण छात्रों को उनके परीक्षा कार्यक्रम पर लचीलापन और नियंत्रण प्रदान करता है, जिसका उद्देश्य किसी एक अवसर को चूकने की उनकी चिंता को कम करना है।

4. सबसे बड़ी जानकारी यह कि शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, सत्र 2025-26 में बोर्ड एग्जाम पुराने सिलेबस के आधार पर ही संपन्न करवाई जाएंगी।

5. वहीं नए सिलेबस की किताबें आने में 2 साल का समय लगेगा। नयी किताबें आने के बाद सत्र 2026-27 से 8वीं, 10वीं एवं 12वीं कक्षा की नई किताबें उपलब्ध हो जाएंगी।

## बारिश की वजह से गिरिडीह जिले में निमार्णाधीन पुल का एक गर्डर गिरा

**एजेंसी/रांची**

बिहार में तमाम पुलों के गिरने की खबरों के बीच अब झारखंड के गिरिडीह जिले देवरी प्रखंड में भी पुल गिरने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि भारी बारिश की वजह से निमार्णाधीन पुल का एक गर्डर गिर गया, जिसके बार एक पिलर भी झुक गया। हालांकि इस हादसे में किसी के घायल होने की कोई जानकारी नहीं सामने आया है। बता दें कि इस पुल का निर्माण गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर किया जा रहा था।

एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह पुल अरगा नदी पर डुबरीटोला और करिहरी गांव को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बनाया जा रहा है। सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने बताया, भारी बारिश के कारण पुल का सिंगल-स्पैन गर्डर गिर गया और एक पिलर झुक गया।

## नीट पेपर लीक केस में दूसरे दिन भी हुई पूछताछ

**केटी न्यूज/पटना**

नीट पेपर लीक कांड की जांच कर रही सीबीआई की टीम एक्शन में है। दूसरे दिन भी सीबीआई की टीम पटना के बेऊर जेल पहुंची और पेपर लीक केस में अरेस्ट आरोपियों से पूछताछ की है। शनिवार को भी सीबीआई की टीम ने बेऊर जेल पहुंचकर आरोपियों से पूछताछ की थी।

सीबीआई को कोर्ट से कुल पांच आरोपियों की रिमांड मिली है। दरअसल, नीट पेपर लीक कांड की जांच का जिम्मा मिलने के बाद पटना पहुंची सीबीआई की टीम आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है। मामले में गिरफ्तार 13 आरोपियों से अलग-अलग पूछताछ हो रही है। पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के खास चिंटू और मुकेश को सीबीआई पहले ही रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। कोर्ट से तीन और आरोपियों से भी पूछताछ चल रही है। सीबीआई की टीम हजारीबाग ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. एहसानुल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज आलम और पत्रकार जमालुद्दीन से पूछताछ कर रही है। सीबीआई की टीम तीनों को शुक्रवार को हजारीबाग से गिरफ्तार करने के बाद पटना लेकर पहुंची थी, जहां कोर्ट में पेशी के बाद पांच दिन की रिमांड सीबीआई को मिली है। पेपर लीक के दो आरोपी मनीष और आशुतोष भी रिमांड पर हैं। पांच दिनों तक रिमांड पर लिए गए सभी सात आरोपियों से सीबीआई की टीम पूछताछ करेगी। कुल 13 आरोपी बेऊर जेल में बंद हैं जिसमें 6 माफिया, चार अभ्यर्थी और तीन अभिभावक हैं। इन सभी से सीबीआई की टीम बारी-बारी से पूछताछ करेगी।

## टोकन जेनरेशन के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश का है स्थान

# आभा आईडी से 1 करोड़ टोकन जेनरेट करने वाला पहला राज्य बना उप्र

### कीर्तिमान

**केटी न्यूज/लखनऊ**

हेल्थ सेक्टर में लगातार कीर्तिमान बना रहे उत्तर प्रदेश ने अब एक और उपलब्धि अपने नाम की है। प्रदेश ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी के माध्यम से एक करोड़ टोकन जेनरेट करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। इतनी बड़ी संख्या में टोकन जेनरेट करने वाला उत्तर प्रदेश भारत का पहला और एकमात्र राज्य है। उत्तर प्रदेश ने अब तक कुल एक करोड़ 43 टोकन जेनरेट किए हैं। टोकन जेनरेशन के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश का स्थान आता है, जिसने 60 लाख 33 हजार 104 टोकन जेनरेट किए हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर कर्नाटक है, जिसने कुल 42 लाख 57 हजार 944 टोकन जेनरेट किए हैं। इस क्रम में जम्मू और कश्मीर (38,87,226), दिल्ली (22,28,079), बिहार (15,65,332), मध्य प्रदेश (12,53,722), महाराष्ट्र (7,96,938), छत्तीसगढ़ (7,34,781), ओडिशा (5,06,580) और गुजरात (3,83,789) जैसे राज्यों का स्थान आता है। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में उत्तर प्रदेश ने आभा आधारित ओपीडी रजिस्ट्रेशन में 80 लाख के आंकड़े को पार कर भी नया रिकार्ड बनाया था। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश ने 10 करोड़ आभा आईडी बनाने का भी कीर्तिमान बनाया था। आभा टोकन जेनरेशन और आईडी बनाने की यह उपलब्धियां सीएम योगी द्वारा प्रदेश में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रति लोगों में जागरूकता और सक्रिय भागीदारी के लिए किए गए प्रभावी प्रयासों का नतीजा है।

### आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की पहल

आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की पहल है। यह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत शुरू किया गया एक स्वास्थ्य बचत खाता है। इसे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को उनकी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। आभा आईडी नागरिक के आधार या मोबाइल नंबर से जुड़ी एक अद्वितीय 14 अंकों की पहचान संख्या है। यह उन्हें सभी सूचनाओं को डिजिटल रूप से संग्रहीत करने और उन तक पहुंचने में मदद करता है। इसमें उनकी हेल्थ हिस्ट्री, परामर्श विवरण, मेडिकल रिकॉर्ड और नुस्खे शामिल हैं।



# सूबे में लालू राज नहीं है जो सीएम हाउस बैठककर ऑर्गनाइज क्राइम हो : डिप्टी सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में बढ़ती अपराध की घटनाओं को लेकर विपक्षी दल सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव अपराधिक घटनाओं को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और हर दिन सोशल मीडिया के जरिए हमले बोल रहे हैं। तेजस्वी के हमलों का डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने जवाब दिया है और लालू-तेजस्वी पर डबल अटैक किया है। अपराध को लेकर तेजस्वी यादव द्वारा सरकार पर सवाल उठाने पर सम्राट चौधरी ने कहा कि एकदम निश्चित रहिए। सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट तौर पर समझा



दिया गया है। कोई भी व्यक्ति या बड़ा से बड़ा अधिकारी हो, उनको हर हालत में काम करना पड़ेगा और बिहार में कानून का राज स्थापित करना पड़ेगा। नीतीश कुमार ने जो सुशासन स्थापित किया है, उसको फिर से स्थापित करना पड़ेगा। किसी भी अधिकारी की मनमानी नहीं चलेगी। यदि कोई अधिकारी मनमानी करते हुए पकड़ा गया। तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भले ही वह किसी भी पद पर आसीन क्यों नहीं हो। यह लालू प्रसाद का राज नहीं है, जो सीएम हाउस में बैठकर ऑर्गनाइज क्राइम होगा, बिहार में नीतीश कुमार की सरकार है पूर्ण रूप से राज्य में सुशासन स्थापित किया जाएगा। वहीं लालू प्रसाद द्वारा आपातकाल को लेकर बीजेपी पर हमला बोलने पर सम्राट चौधरी ने पलटवार करते हुए कहा कि लालू प्रसाद बूढ़े हो गए हैं उन्हें कुछ याद नहीं रहता है लेकिन एक बात तो समझनी होगी, 74 के आंदोलन में जिस व्यक्ति ने अपनी बेटी का नाम मीसा रखा हो और वह कांग्रेस पार्टी की गोद में खेलता हो इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा। उन्होंने कहा कि आपातकाल इस देश के लिए काला अध्याय है, देश के लिए बदनूमा दाग है और लोकतंत्र के लिए शर्मसार करने वाला रहा है। देश के हजारों राजनीतिक कार्यकताओं को जेल में बंद कर के रखा गया। संविधान और सुप्रीम कोर्ट के साथ छेड़छाड़ किया गया। सेक्यूलर शब्द लाकर भी देश में सेक्यूलरिज्म नहीं ला पाए लेकिन देश में जब नरेंद्र मोदी की सरकार बनी तो पूरे देश में सेक्यूलरिज्म स्थापित हुआ।

## 21 महीने बाद सम्राट तोड़ेंगे प्रण, उतारेंगे पगड़ी

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी 21 महीने बाद प्रण तोड़ेंगे। इस बीच वह संगी-साथी के साथ अयोध्या जाकर प्रभु श्रीराम के चरणों में अपनी पगड़ी समर्पित करेंगे। साथ ही वह वहां मुंडन भी करवाएंगे। उनका काफिला गोपालगंज-छपरा के रास्ते होते हुए अयोध्याधाम पहुंचेगा। सम्राट चौधरी मां के निधन के बाद सितंबर-2022 में पगड़ी बांधी थी। श्रीराम प्रभु के दर्शन एवं मुंडन कराने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंगलवार को संगी-साथी के साथ जाएंगे। सम्राट का काफिला सड़क मार्ग से छपरा-गोपालगंज के रास्ते अयोध्या पहुंचेगा। अयोध्या पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री बाकायदा श्रीराम के चरणों में अपनी पगड़ी समर्पित कर मुंडन भी कराएंगे। दरअसल, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए सम्राट ने मुख्यमंत्री की कुर्सी से नीतीश कुमार को हटाने के बाद ही पगड़ी उतारने की घोषणा की थी। अब बदली हुई परिस्थितियों में सम्राट ने निर्णय वापस ले लिया है। बकौल सम्राट, मां के निधन के बाद सितंबर-2022 में सिर पर पगड़ी बांधी थी, पर इसे दूसरे अर्थ में प्रचारित किया गया। लगभग दो वर्ष से चर्चा में है पगड़ी सम्राट की पगड़ी पिछले 21 महीने से चर्चा में हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए सम्राट से पगड़ी को लेकर पूछ चुके हैं। अब पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्णय के तहत सम्राट संगी-साथी संग श्रीराम लला के दर्शन के लिए अयोध्या जा रहे हैं। सम्राट के साथ जाने वाले नितिन नवीन, प्रेम कुमार, रेणु देवी, नीरज कुमार सिंह, नीतीश मिश्रा, दिलीप जायसवाल, जनक राम, कृष्णनंदन पासवान, केदार गुप्ता, सुरेंद्र मेहता के अलावा संतोष सिंह भी जायेंगे।

### किसी भी पार्टी का अधिकृत बयान पार्टी के अध्यक्ष का होता है, अन्य का व्यक्तिगत

# चिराग ने भी किया स्पष्ट... नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए लड़ेगी विधानसभा चुनाव

- टिकट कटने से नाराज पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के बयान के बाद गरमा गई थी सियासत
- बीजेपी अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने किया था ऐलान, नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा विधानसभा चुनाव



**केटी न्यूज/पटना**

केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने के बाद अब सभी दलों ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। बिहार में एनडीए किसके नेतृत्व में चुनावी मैदान में उतरेगी इसको लेकर बीजेपी के वरिष्ठ नेता अश्विनी चौबे ने पिछले दिनों यह कह कर सियासत को गर्म कर दिया था कि विधानसभा का चुनाव बीजेपी के नेतृत्व में लड़ा जाए हालांकि बिहार बीजेपी के बाद अब चिराग ने भी स्पष्ट कर दिया है कि एनडीए किसके नेतृत्व मे बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। दरअसल, लोकसभा चुनाव के बाद नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू बिहार में बड़े भाई की भूमिका में उभरकर सामने आई है। चुनावी नतीजों के बाद बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने ऐलान किया था कि एनडीए बिहार विधानसभा का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगी, इसमें कहीं कोई शक नहीं है। इसी बीच टिकट कटने से नाराज पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने ऐसी बात कह दी कि उसको लेकर सियासत गरमा गई। बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी पर निशाना साधते हुए अश्विनी चौबे ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया था कि हमें आयातीत माल नहीं चाहिए बल्कि अध्यक्ष के पद पर पार्टी के मूल सदस्य का होना बहुत ही जरूरी है। बीजेपी पूर्ण बहुमत के साथ अकेले अपने दम पर आए और अपने सहयोगी दलों को भी आगे बढ़ाए। सम्राट चौधरी के बाद अब गठबंधन में शामिल लोजपा(रामविलास) के चीफ चिराग पासवान ने भी स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी किसके नेतृत्व मे विधानसभा का चुनाव लड़ेगी। चिराग ने कहा कि हर किसी के बयान पर टिप्पणी करते रहे तो उसका क्या मतलब है। किसी भी पार्टी का अधिकृत बयान पार्टी के अध्यक्ष का होता है। किसी भी पार्टी के नेता अपनी पार्टी के प्रति आस्था को दिखाने के लिए इस तरीके के बयान देते हैं। चिराग ने कहा कि ऐसे नेताओं के व्यक्तिगत भावना का भी सम्मान होना चाहिए। लेकिन जब आप किसी गठबंधन का हिस्सा होते हैं तो किसी भी दल के अध्यक्ष के बयान का ज्यादा महत्व होता है। चिराग ने कहा है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ेगी।

## जनता ऐसा उतारेगी कि कुछ करने लायक नहीं बचेंगे: पीके

**पटना।** आगामी बिहार विधानसभा में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रहे जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने जेडीयू की दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी पर हमला बोलते हुए सीएम नीतीश कुमार को निशाने पर लिया है और कहा है कि बिहार की जनता इसबार कुर्सी से ऐसा उतारेगी कि कोई बात करने लायक नहीं बचेंगे। प्रशांत किशोर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बिहार में अगर बीजेपी को बड़ी बहुमत मिल जाती तो नीतीश कुमार की कहानी बीजेपी हमेशा के लिए खत्म कर देती और अपनी पार्टी का सीएम को कुर्सी पर बैठा देती। बिहार की जनता को लगता कि बीजेपी का नया मुख्यमंत्री बना है तो क्यों न इसी को मौका दिया जाए। पीके ने कहा कि नियती और पदयात्रा की ताकत देखिए, ऊपर वाले ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही रहेंगे। बिहार की जनता भी चाह रही है कि 2025 के बाद नीतीश कुमार नहीं चाहिए। बिहार के युवाओं को अगर मजदूरी करने दूसरे राज्यों में नहीं जाना है तो इसके लिए नीतीश कुमार को हराना ही होगा। बता दें कि पदयात्रा कर बिहार के हर पंचायत में घूम-घूमकर अपनी सियासी जमीन तलाश रहे प्रशांत किशोर जल्द ही अपनी पार्टी का एलान करने वाले हैं। विधानसभा चुनाव से पहले इसी साल पीके जन सुराज पार्टी का एलान करेंगे। प्रशांत किशोर ने पूरे राज्य में लोगों के सामने जन सुराज को विकल्प के तौर पर पेश किया है और विधानसभा चुनाव में मैदान में उतरने की तैयारी शुरू कर दी है।

## स्नान करने के दौरान पांच बच्चे तिलैया नदी में डूबे दो की मौत, तीन को ग्रामीणों ने डूबने से बचाया

**केटी न्यूज/पटना**

नदी में स्नान करने के दौरान पांच बच्चे डूब गए। तीन बच्चों को तो ग्रामीणों ने बचा लिया। लेकिन दो की डूबने से मौत हो गई। वहीं एक लड़के की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना सकौर थाना क्षेत्र के देउरा गांव की है। मृतक बच्चों की पहचान प्रवीण सिंह के 12 साल के बेटे प्रिंस राज और शिवकुमार चौधरी के 10 वर्षीय बेटे सतीश कुमार उर्फ कारू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पांचों बच्चे तिलैया नदी में नहाने के लिए गए थे, तभी गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। बच्चों को बचाने के लिए लोग हंगामा करने लगे। तभी वहां मौजूद बच्चों को डूबता देख स्थानीय गोताखोरों ने नदी में छलांग लगा दी। तीन बच्चों को काफी मशक्त के बाद किसी तरह से बाहर निकाला गया। तीन में से दो ठीक रहे। लेकिन, एक की हालत गंभीर देखते हुए तत्काल सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं दूसरी ओर दो बच्चों के शव को निकालने में काफी मशक्त करनी पड़ी। इसके के बाद नदी में डूबे बच्चों को बाहर निकाला हालांकि तबतक दो बच्चों की मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।






## नालंदा पुलिस ने फर्जी सिपाही को किया गिरफ्तार किराए के कमरे से खाकी वर्दी व अन्य सामान बरामद

**केटी न्यूज/पटना**



आज कल फजीर्वाड़ा इतना बढ़ गया है कि लोग पुलिस को भी ठगने में पीछे नही रहते। ऐसे ही एक फजीर्वाड़े का मामला नालंदा से सामने आया है। बिहार पुलिस के एक फर्जी सिपाही को नालंदा पुलिस ने पकड़ा है। फर्जी सिपाही की पहचान शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत माहुर गांव निवासी कुंवर यादव के पुत्र पप्पू कुमार के रूप में हुई है। रविवार को बिहार थाना अध्यक्ष रामाशंकर सिंह ने बताया कि 18 जून को बिहार थाना में कृष्ण कुमार की पत्नी तनु सिंह जो निचली किला गढ़पर चंदन कुमार के घर में किराए के मकान में फ्लैट लेकर रह रही है। उनकी फ्लैट में चोरी हुई थी। तनु सिंह ने अपने फ्लैट के सामने वाले किराएदार जमुई के चंद्रदीप थाना क्षेत्र के खड़गपुर गांव निवासी मनीष कुमार पर आरोप लगाया था। तनु का कहना यह था कि उसी ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुट गई थी। 26 जून को वादी ने केस के अनुसंधानकर्ता को जानकारी दी कि उनके पास बिहार थाना की पुलिस आई थी। जो यह कह रही थी कि उसने एफआईआर कर गलती कर दी है। मनीष कुमार निर्दोष हैं और उसे चोरी में फंसा दिया गया है। अब उन्हें डीएसपी और एसपी कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ेगा।तभी छानबीन में पता चला कि बिहार थाना से कोई पुलिसकर्मी वादी के घर नहीं गया था। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो पता चला की उक्त फर्जी सिपाही बिहार थाना और जिला बल का नहीं है। फर्जी सिपाही पप्पू कुमार को शेखपुरा जिला के बरबीघा से पकड़ लिया गया। फर्जी सिपाही ने पूछताछ के दौरान कहा कि बिहार थाना क्षेत्र के गढ़पर स्थित सिद्धेश्वर प्रसाद के मकान में एक किराए का कमरा लेकर रहता है। फर्जी सिपाही की निशानदेही पर उसे किराए के कमरे से पुलिस की वर्दी, जूता, टोपी, बिहार पुलिस का बैच बरामद किया गया है। फर्जी सिपाही का पूर्व से आपराधिक इतिहास भी रहा है।

## बकाया पैसा मांगने पर महिला की पीट-पीटकर हत्या

**पटना।** मधुबनी में मजदूरी का बकाया पैसा मांगने पर दबंगों ने एक महिला को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है। घटना लौकहा थाना क्षेत्र के चन्नीपुर गांव की है। मृतका की पहचान खिलही गांव निवासी मिथिलेश महतो की पत्नी बबिता देवी के रूप में हुई है। चन्नीपुर निवासी स्व. शुभक लाल यादव के बेटे रामबाबू यादव ने खिलही गांव की 10 महिलाओं को एक बीघा जमीन धान की रोपनी के लिए ठेका पर दिया था। रोपनी का काम पूरा होने के बाद महिला मजदूरों की ठेकेदार बबिता देवी रामबाबू यादव के घर पैसे मांगने के लिए गई थी। पैसे मांगने पर आरोपी रामबाबू आपे से बाहर हो गया और बबिता देवी के सिर पर जोरदार वार कर दिया। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।






### तस्करी के विरोध में जमुई जीआरपी की ओर से चलाया जा रहा है अभियान

# टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस के स्लीपर बोगी से मिला दो लावारिस बैग, 3 लाख 33 हजार रुपये का गांजा बरामद

- जमुई जीआरपी ने ट्रेन के शौचालय के पास से किया बैग बरामद
- अलग-अलग पैकेट में करीब 16 किलोग्राम गांजा की हो रही थी तस्करी

**केटी न्यूज/पटना**




जमुई जीआरपी ने टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस के स्लीपर बोगी के शौचालय के पास रखे दो लावारिस बैग को बरामद किया है। यात्रियों से जब लावारिस बैग के बारे में पूछा गया तो सभी ने अनभिज्ञता जतायी। जब बैग को खोला गया तब उसमें से 16 किलोग्राम 650 ग्राम गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत 3 लाख 33 हजार बतायी जा रही है। जमुई रेल पुलिस ने ट्रेनों में जांच अभियान चलाया। इस दौरान गाड़ी संख्या 18183 टाटानगर-बक्सर एक्सप्रेस के जनरल बोगी गांजा बरामद हुआ। रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार देव ने बताया कि टाटा नगर बक्सर एक्सप्रेस ट्रेन जमुई स्टेशन पर करीब 3 बजकर 36 मिनट पर पहुंची थी। पुलिस बल के साथ उक्त ट्रेन की बोगी की जांच की गई। तभी इस दौरान स्लीपर कोच संख्या 4 में शौचालय के पास एक ट्राली बैग और एक काले रंग का बैग लावारिस हालत में मिला। इस संबंध में पूछताछ की गई तो सभी ने अपनी अनभिज्ञता जाहिर की। बैग को ट्रेन से उतारकर जब उसकी जांच की गई तो उससे पीले रंग के प्लास्टिक में पैक अलग-अलग पैकेट में गांजा मिला। इस संबंध में रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार देव ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। ट्रेन जांच में अखिलेश कुमार,जीवेश कुमार, विकास कुमार सहित अन्य जवान मौजूद थे।

## तेज रफ्तार हाईवा से टकराई बाइक, बाप-बेटे की मौत

**पटना।** बिहार में सड़क हादसे के मामले में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला औरंगाबाद से निकल कर सामने आ रहा है। जहां सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 139 पर ऐसा कोई भी दिन नहीं होता जिस दिन सड़क दुर्घटना ना हो। फोर लेन नहीं बनने के कारण यहां आए दिन हादसा होते रहता है। ऐसे में ताजा मामला जिले के रिसियप थाना क्षेत्र के दोमुहान के पास का है। यहां रिसियप थाना क्षेत्र में एक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे बाइक सवार पिता पुत्र की हाईवा ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नबीनगर थाना क्षेत्र के सुनील प्रजापति और उनके पुत्र सुशील कुमार के रूप में की गई है। वहीं घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि सुनील अपने पुत्र सुशील के साथ घर से औरंगाबाद के लिए निकले थे।

# खेल मनोरंजन के साथ बच्चों के कैरियर बनाने में भी सहायक: एसडीएम धीरेंद्र मिश्र

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर के अहिरौली स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय 35 वां प्रांतीय समूह खेलकूद प्रतियोगिता रविवार को कबड्डी एवं खो-खो के फाईनल के साथ संपन्न हो गया। कबड्डी प्रतियोगिता में मेजबान बक्सर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। इस प्रतियोगिता में दक्षिण बिहार के सत्रह जिलों से लगभग आठ सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में बक्सर के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। समापन समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीएम धीरेंद्र मिश्र, भारती शिक्षा समिति बिहार पटना के प्रदेश सचिव

- ♦ तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न, कबड्डी में बक्सर का रहा दबदबा

प्रदीप कुमार कुशवाहा एवं विभाग संयोजक डॉ हनुमान प्रसाद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। स्वागत एवं परिचय प्रधानाचार्य रामजी प्रसाद सिन्हा ने किया। जबकि अध्यक्षता राजेश प्रताप सिंह ने व संचालन विभाग प्रमुख उमाशंकर पोद्दार ने किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सदर एसडीओ ने कहा कि खेलकूद से शरीर स्वस्थ्य रहता है तथा अब यह कैरियर निर्माण में भी महत्वपूर्ण हो



गया है। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल से अपना कैरियर भी गढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन व भाईचारा बढ़ाता है। वही प्रदेश सचिव ने कहा कि कबड्डी खेल केवल खेल नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति और सभ्यता भी है। उन्होंने कहा कि यह प्राचीन खेल है। इस खेल में संदेश छिपा है कि हमारे बहादूर खिलाड़ी सीमोलंघन कर दुश्मन को अपनी ताकत दिखाते है। उन्होंने कहा कि खेल हमें आपस में अनुशासन, समरसता एवं एकजुटता का संदेश देता है। खेलकूद से बालक शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। बच्चों में आपस में टीम भावना उत्पन्न होता है। इस प्रकार से खेल खिलाड़ी देश और राज्य का नाम रोशन करते हैं। वही आभार ज्ञापन शारीरिक के क्षेत्रीय संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने किया।

**ये रहे प्रांतीय समूह खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता :** कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू की टीम विजेता बनी जबकि हसनपुर राजगीर की टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर रामगढ़ की टीम विजेता व तिलौथू उपविजेता रही। अंडर 17 बालक वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर अहिरौली विजेता व रामगढ़ उपविजेता। बालिका वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर नया बाजार, बक्सर विजेता एवं औरंगाबाद उपविजेता रहा। अंडर 19 में बालक एवं बालिका वर्ग में हसनपुर राजगीर की टीम विजेता रही। इसी तरह खो खो प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर पुरानी गंज विजेता, मोहनिया उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर बालिका खंड बक्सर विजेता, सादीपुर मुंगेर उपविजेता रहा। वहीं अंडर 17 बालक वर्ग में सैनिक सरस्वती विद्या मंदिर पटना विजेता, बांका उपविजेता रहा जबकि बालिका वर्ग में नवीनगर औरंगाबाद विजेता वही बालिका खंड बक्सर उपविजेता रहा। अंडर 19 बालक वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर औरंगाबाद विजेता व हसनपुर राजगीर उपविजेता रहा। सफल खिलाड़ियों को अतिथियों ने कप, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। इसके अलावा सभी खेल विधाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया।

**लोहरदगा, झारखंड में क्षेत्रीय खेलकूद में भाग लेंगे खिलाड़ी :** इस प्रांतीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 16 एवं 17 जुलाई को सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा, झारखंड में आयोजित क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रांतीय खेलकूद प्रमुख राकेश पांडेय ने बताया कि लोहरदगा जाने के लिए बच्चों को बेहतर तैयारी कराई जाएगी। ताकि प्रांत का नाम रोशन कर सके। समापन समारोह में विभाग प्रमुख बीरेंद्र कुमार, सतीश चंद्र त्रिपाठी, दीपक कुमार, गंगा प्रसाद, जीवन राठौर, जितेंद्र लाल, वीरेंद्र कुमार, चंद्रशेखर कुमार, अविनाश कुमार, ईश्वर चंद्र, सत्येंद्र उपाध्याय, मदन पांडेय समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### इंटर कॉलेज की सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका को दी गई विदाई

**चौसा।** अखौरीपुर गोला स्थित महर्षि च्यवन इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या चंद्रकला देवी शनिवार को सेवानिवृत हो गई। उनके सेवानिवृत होने पर पर शिक्षकों तथा अन्य कर्मियों ने एक समारोह आयोजित उन्हें भावभीनी विदाई दी। अध्यापकों ने बताया कि महर्षि च्यवन इंटर कॉलेज में चंद्रकला देवी की नियुक्ति 1988 में हिंदी व्याख्याता के पद पर हुई थी। इन्होंने प्रधानाचार्य का पद भार पूर्व प्रधानाचार्य हृदय नारायण चौबे के देहांत के बाद 2021 में ग्रहण किया था। लगभग 3 वर्षो तक प्रधानाचार्य के पद पर अपनी सेवा दी। मौके पर शिक्षक राम निवास चौबे, अशोक पाठक, किरन सिंह, सच्चिदानंद राय, नीलम कुमारी, संजय दुबे, सुधीर कुमार पांडे, राजीव रंजन, मो. शौकत खां, सुरेंद्र सिंह, अशोक कुमार, उमाशंकर सिंह, आशुतोष, रामाशीश दुबे, विमलेश चौबे, कामेश्वर पांडेय, वंश नारायण चौबे, अमित यादव, बाल बच्चन यादव, शिव बच्चन यादव, रामनाथ खरवार, केदार राम आदि उपस्थित रहे।

### संजय झा को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई

**डुमरांव।** जदयू के वरिष्ठ नेता व राज्य सभा सांसद संजय झा को जदयू का राष्ट्रीय कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर स्थानीय जदयू नेताओं में खुशी व्याप्त है। जदयू नेताओं ने इस पुनीत कार्य के लिए मुख्यमंत्री नीतीश को बधाई दी है और उम्मीद जताया है कि उनके नेतृत्व में जदयू का विकास होगा तथा हमारी पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से एनडीए गठबंधन को लीड करते हुए बिहार में पूर्ण बहुमत से सत्ता में आएगी। जदयू के नगर अध्यक्ष गोपालजी गुप्ता ने कहा कि संजय झा पार्टी के समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ता है, उन्हें यह जिम्मेवारी देकर मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं का उत्साह बढ़ा दिया है। बधाई देने वालों में तकनिकी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मिन्टू हाशमी। आदिवासी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष नथुनी खरवार, नगर प्रवक्ता विशोका चंद, प्रखंड अध्यक्ष अजय चंद लोदी, संजय सिंह, विनोद सिंह, महेंद्र राम, संजय चन्द्रवंशी, सत्यनारायण ठाकुर, विमिलेश सिंह, प्रीति पटेल, मो. आशीफ आदि शामिल है।

### दो दिनों से दिव्यांग युवक गायब

**डुमरांव।** स्थानीय नगर के चतुरशालगंज मोहल्ले से एक 34 वर्षीय दिव्यांग युवक पिछले दो दिनों से गायब है। युवक जगनारायण चौधरी के पुत्र उमाकांत चौधरी बताया जाता है। युवक पिछले 28 जून की सुबह से ही घर से निकला था। लेकिन, अब तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों के अनुसार युवक कुछ बोल नहीं सकता पर सुन सकता है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सोनू राय ने बताया कि लापता युवक की खोजबीन जारी हैं। परिजनों द्वारा कई मोबाइल नंबर भी जारी कर उसकी खोजबीन को लेकर सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।

### स्टेशन रोड व गोला रोड में जाम से हर दिन जूझ रहे है वाहन चालक व आम लोग

# अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देने के बाद नप ने साधी चुप्पी, जाम का दंश जारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या नासूर बन गई है। जाम के कारण स्टेशन रोड व राजगोला रोड में पूरे दिन वाहन चालकों से लेकर पैदल यात्रियों तक को परेशान होना पड़ रहा है। वही जाम के कारण व्यवसाय भी बाधित होता है। बावजूद नगर परिषद प्रशासन इस समस्या से निजात दिलाने के बदले सिर्फ अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देकर चुप्पी साध लिया है। जिससे अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ा है। डुमरांव के मुख्य सड़कों में शामिल स्टेशन रोड, राजगोला रोड, चौक रोड, साफाखाना रोड तथा जंगल बाजर में स्थानीय व फुटपाथी दोनों तरह के दुकानदारों द्वारा फुटपाथ का अतिक्रमण कर लिया गया है। जिस कारण इन सड़कों पर फुटपाथ बची ही नहीं है। हालांकि, इस समस्या का सबसे बड़ा जिम्मेवारी खुद नगर परिषद प्रशासन ही है।

पिछले एक दशक से नगर परिषद प्रशासन सिर्फ कागजों में ही वेंडिंग जोन बना रहा है। वेंडिंग जोन के अभाव में फुटपाथी दुकानदार फुटपाथ किनारे दुकान लगाने को मजबूर हो रहे है। जबकि कई स्थायी दुकानदारों द्वारा भी अपने सामने की फुटपाथ का या तो अतिक्रमण कर लिया गया है या फिर कुछ पैसे के लालच में अपने दुकान के आगे फुटपाथी दुकानदारों की दुकान सजवाते है। जिस कारण जाम की समस्या नासूर बन गई है। स्थानीय निवासियों की मानें तो हर दिन जाम से घंटो जूझना पड़ता है। इस दौरान कई बार नगर परिषद से लगायत अनुमंडल प्रशासन की गाड़ियां भी इधर से गुजरती है। कई बार तो जाम का दंश महकमे को भी भुगतना पड़ता है, बावजूद इसका समाधान नहीं निकाले जाने से कई सवाल खड़े हो रहे है।



अतिक्रमण के कारण सड़क पर जाम में फंसी बस व परेशान होते राहगीर।

### बाहर के व्यवसायी व खरीददार आने से कतरा रहे

राजगोला रोड में कपड़ा का थोक व्यवसाय करने वाले श्रीकांत राकेश का कहना है कि जाम के कारण अब बाहर के व्यवसायी व खरीददार आने से कतरा रहे है। किराना व्यवसायी सुभाष केशरी की माने तो बाहर से सामन मंगवाना भी मुश्किल हो रहा है। जाम के कारण ट्रक तथा अन्य भारी वाहनों के चालक गोला में आने से मना कर दे रहे है। जबकि यहा सामान खरीदने वाले खुदरा व्यवसायियों को आने जाने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कास्मेटिक सामानों के थोक व्यवसायी विनोद केशरी ने भी माना की गोला रोड में हर दिन लगने वाले जाम से व्यवसाय बाधित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जाम के कारण दुकानदारी मारी जा रही है। उन्होंने नगर परिषद प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की। वही किराना व्यवसायी नंदजी केशरी, बब्लू कुमार, अमित कुमार, पंचम कुमार आदि व्यवसायियों ने कहा कि जाम के कारण पिछले चार-पांच वर्षों में यहा का व्यवसाय बढ़ने के बजाय घटा है।

**राजगोला रोड में पैदल चलना भी मुश्किल :** राजगोला रोड में लगने वाले जाम से व्यवसाय भी प्रभावित होता है। बता दें कि राजगोला रोड यहा की मुख्य मंडी है, जहां हर दिन सैकड़ो बाहरी व्यापारी खरीद बिक्री करने आते है। इस रोड में स्थित अनाज व सब्जी गोला के अलावे कपड़ा तथा कास्मेटिक की कई थोक दुकानें भी है। जिस कारण हर दिन लाखों की खरीद बिक्री होती है। लेकिन, स्थायी हो चुकी जाम की समस्या से अब व्यवसायियों का मोहभंग होने लगा है। बाहरी व्यवसायी जाम के झाम से बचने के लिए अब डुमरांव के बदले दूसरे बाजारों का रूख करने लगे है। जिस कारण स्थानीय व्यवसायियों का व्यवसाय प्रभावित होता है। आलम यह है कि पूरे दिन इस रोड में पैदल चलना भी मुश्किल रहता है।

### स्टेशन रोड की स्थिति गंभीर

जाम के दंश से गोला रोड के साथ ही सबसे अधिक स्टेशन रोड भी प्रभावित है। इस रोड में नया थाना से राज लंगटू महादेव मंदिर तक सड़क के दोनों किनारे या तो फुटपाथी दुकानदार काबिज रहते है या फिर लोग अपनी बाइक या अन्य वाहन लगा जाम का कारण बनते है। एनएच में शुमार इस सड़क पर अतिक्रमण के कारण स्थिति काफी गंभीर हो चुकी है। जब भी इस सड़क से दो वाहन आमने सामने से गुजरते है तो ऐसा लगता है माने वे एक दूसरे से टकरा सकते है। जब भी दोनों तरफ से बस गुजरती है तो करीब आधा घंटा तक जाम लगा रहता है। स्टेशन रोड के अजय कुमार, संतोष सिंह, जय प्रकाश गुप्ता का कहना है कि जाम के कारण दुकानदारी पर असर पड़ रहा है।

### नप ने दी थी चेतवानी

पांच दिन पहले नप के ईओ अनिरूद्ध प्रसाद खुद शहर से लेकर स्टेशन तक घुम अतिक्रमण का जायजा लिए थे। उन्होंने अतिक्रमण करने वाले आधा दर्जन दुकानदारों से चार हजार रूपए जुर्माना भी लिए थे। लेकिन, इसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा अतिक्रमणकारियों पर इसका कुछ असर नहीं हुआ।

### शुरू होगा बड़ा अभियान

“ अतिक्रमणकारियों पर कुछ दिन पहले ही कार्रवाई की गई थी। शहर को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए नगर परिषद प्रशासन की कवायदे जारी है। जल्दी ही अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया जाएगा।

– अनिरूद्ध प्रसाद, ईओ, नगर परिषद डुमरांव

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की मौत

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा ओपी के मणिया गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका उक्त गांव के डॉक्टर शर्मा की 46 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी बताई जाती हैं। जानकारी के अनुसार मृतका छत पर सूखने के लिए कपड़ा फैलाई थी। अचानक बारिश होते देखकर वह छत से कपड़ा लाने गई थी। इसी बीच तेज गड़गड़ाहट व चमक के साथ आकाशीय बिजली उसके घर के पास गिरी। जिसके चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

घटना शनिवार की शाम की है। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर सदर अस्पताल भेज दिया था। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मचा हुआ है। पति व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही छह दिन के अंदर दो बार बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से हुई मौतों को लेकर मणियां पंचायत के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

बता दें कि बीते सोमवार को बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने से मणियां एवं सारा में एक युवक व दो किशोर की मौत हुई थी। जबकि एक-एक किशोर-किशोरी जख्मी हो गई थी। पहली घटना के छठवें दिन एक बार फिर आकाशीय बिजली ने मणियां पंचायत के स्थानीय गांव पर कहर बरपाया है।

## पेड़ व खंभे से टकराई बेकाबू बाइक, दो घायल

**केटी न्यूज/चौसा**



चौसा-बक्सर मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवा घाट के पास पिकअप से बचने के क्रम में एक तेज रफ्तार बाइक बेकाबू हो पहले पेड़ से टकराई और इसके बाद बिजली के खंभे से टकरा गई। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवकों की जान बाल बाल बच गई, हालांकि, दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के तत्काल बाद स्थानीय लोगों ने डायल 112 टीम को इसकी सूचना भेज एंबुलेंस बुला उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर भिजवाया। समाचार लिखे जाने तक दोनों युवकों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

चौसा दुर्गा मंदिर निवासी अनिल कुमार गोंड व नारायण कुमार राम घर से बाइक पर सवार होकर बक्सर की तरफ तेज रफ्तार से जा रहे थे। तभी महादेवा घाट के पास सामने से पिकअप आ रही थी। वे बाइक की गति को कंट्रोल नहीं कर पाए अचानक बाइक बेकाबू होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराई फिर उसके बाद इलेक्ट्रिक पोल से टकरा गई। घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। संयोग बढ़िया था कि वे करंट की चपेट में नहीं आए। करंट की चपेट में आने पर मौके पर ही दोनों की जान जा सकती थी। तुरंत वहा लोगों की भीड़ जुट गई। आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा एम्बुलेंस बुला इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहा चिकित्सकों ने उपचार किया। सदर अस्पताल के चिकित्सक ने बताया कि दोनों खतरे से बाहर है। हालांकि, अनिल कुमार के सर में चोट आने से घटना स्थल पर ही काफी खून गिर चुका था। हाथ और पैर की हड्डियां भी टूट गई है।

### नगर के वार्ड 22 चतुरशाल गंज मोहल्ला की महिलाओं ने पेयजल के लिए किया जमकर हंगामा

# शहर के मोहल्ले में फेल हर घर नल का जल स्कीम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर के कई मोहल्ले ऐसे हैं, जहां हर घर नल का जल का स्कीम पूरी तरह से फेल हैं। पेयजल के लिए लोगों को भटकना पड़ता है। नगर के वार्ड 22 चतुरशाल गंज मोहल्ला की महिलाओं ने रविवार को पेयजल के लिए जमकर हंगामा किया। महिलाएं हंगामे के दौरान पानी के बर्तन को हाथ में उठकाकर नप ईओ के खिलाफ नारेबाजी कर रही थी। हंगामा को देखते हुए वार्ड पार्षद सुभाद्रा देवी ने हंगामा स्थल पर जाकर महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत कराया।



नगर के कांव नदी के पार अनुमंडल कार्यालय जाने वाले रास्ते में वार्ड 22 का चतुरशाल गंज मोहल्ला पड़ता है। वर्षों से यह मोहल्ला उपेक्षित रहा है। इस मोहल्ले में पेयजल की समस्या काफी गंभीर है। चार साल पहले लगा बोरिंग चला ही नहीं, जिससे मोहल्लेवासियों की प्यास बुझ सके। इस मोहल्ले में अधिकांश महादलित और पिछड़ा वर्ग के लोग निवास करते हैं। मेहनत मजदूरी कर पेट पालने वाले इन मोहल्लेवासियों के पास इतने पैसे नहीं की व्यक्तिगत रूप से पेयजल की व्यवस्था कर सकें। सभी सरकारी नल से ही पानी अपने घरों में ले जाते हैं। मोहल्ले में ले देकर एक चापाकल है, जिससे पूरे मोहल्ले की प्यास बुझती है।

गांव की महिलाएं शिवलोचनी देवी, प्रियंका देवी, बबनी देवी, बेबी देवी, सीता देवी, इंदू देवी, सावित्री देवी, सुनैना देवी, सीता सुंदरी, धर्मशीला, रत्ना देवी, मुनिया देवी, अनारा देवी, सोनामति देवी सहित अन्य महिलाओं का कहना था कि इस भीषण गर्मी में पेयजल के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। पेयजल के लिए मोहल्ले की महिलाओं को इधर से उधर भटकना पड़ता है। मोहल्ले में एक सरकारी चापाकल है, जिससे गांव की लगभग दो हजार की आबादी की प्यास बुझती है। इसमें खराबी आ जाती है तो सभी लोग मिलकर चंदा से बनवाते हैं। बोरिंग चार साल पहले लगा था, पाइप भी बिछाया गया, लेकिन घरों तक पानी नहीं पहुंचा। बोरिंग गांव के लिए एक शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। इस संबंध में जब ईओ अनिरूद्ध प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने बताया की किस कारण से बोरिंग नहीं चल रहा है, इसकी जानाकरी लेकर चालू करवाया जाएगा। घरों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी।

## एक नजर

### बक्सर में विश्वस्तरीय सभी विरासत एवं दिव्यता है मौजूद: सत्यप्रकाश पांडेय



**बक्सर।** रविवार को नगर के बाईपास रोड स्थित एक निजी सभागार में जानतांत्रिक लोकहित पार्टी के कार्यकताओं की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश नारायण, प्रदेश अध्यक्ष प्रेम रंजन कुमार और पार्टी के वरीय नेता अभय कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्षता अधिवक्ता सत्य प्रकाश पाण्डेय ने किया। अधिवक्ता सत्यप्रकाश ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि बक्सर में सभी विरासत और दिव्यता मौजूद है। जिसके आधार पर बक्सर पुरे विश्व में स्थापित हो सकता है। लेकिन राजनैतिक उपेक्षा के चलते बक्सर पिछड़ा हीं नहीं बल्कि अतिपिछड़ा जिला बनकर रह गया है। इसे स्थापित करने के लिए किसी ऐसे व्यक्ति कि जरूरत है जो निजी हित से ऊपर उठकर कार्य करें। जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश नारायण ने कहा कि बक्सर में धार्मिक, ऐतिहासिक, कृषि, रोजगार सभी गुण विद्यमान है। उन्होंने कहा कि बक्सर का विकास कोई बक्सर का ही बेटा कर सकता है, ना कि दत्तक पुत्र। कार्यक्रम में सीमा प्रजापति, ऋतूराज, जीवन कुमार, कमल सिंह सत्यप्रकास पाण्डेय, किरण, पुष्पा देवी सहित कई अन्य शामिल हुए।

### खरीफ महोत्सव में किसानों को दी गई खेती के नए व आधुनिक तकनीक की जानकारी



**ब्रह्मपुर।** प्रखण्ड मुख्यालय परिसर स्थित कृषि भवन सभागार में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा बक्सर के तत्वावधान में प्रखंडस्तरीय खरीफ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी आशिष कुमार मिश्र तथा उद्घाटन प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी देवानंद रजक द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वहीं मंच संचालन उद्यान पदाधिकारी शशी भूषण यादव तथा पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान आत्मा तकनीकी प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार के द्वारा किया गया। प्रखण्डस्तरीय खरीफ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप उप परियोजना निदेशक आत्मा बक्सर बेबी कुमारी एवं सहायक निदेशक उद्यान बक्सर के किरण भारती उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में खरीफ योजनाओं पर विस्तृत चर्चा कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने जैसे बिन्दुओं प्रकाश डालते हुए जानकारी दी गई। सहायक निदेशक आत्मा बक्सर के बेबी कुमारी ने किसानों को मोटे अनाज पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि मोटे अनाजों से होने वाले अधिक से अधिक लाभों एवं सेवन करने से स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से जिवन के लिए काफी लाभदायक एवं वर्धक माना गया है। वहीं सहायक निदेशक उद्यान बक्सर के किरण भारती ने उद्यान संबंधित योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए मिलने वाले अधिक से अधिक अनुदान का लाभ प्राप्त कर आर्थिक विकास कर की बात उपस्थित किसानों को बताई।

### नशे में हंगामा करता युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के परमानपुर गांव से शराब के नशे में परिवार के साथ हंगामा कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया है। गिरफ्तार युवक उक्त गांव के महेंद्र साह बताया जाता है। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक के परिवार वालो द्वारा दूरभाष पर सूचना दिया गया था, कि वह शराब के नशे में परिजनों के साथ मारपीट व हंगामा कर रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर नावानगर सीएचसी में मेडिकल जांच कराया। जांच में अल्कोहल की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार शराबी को पुलिस ने कोर्ट भेज दिया है।

### डुमरांव के हरिजी के हाता व सफाखाना रोड की जोड़ने वाली सड़क जर्जर, लोग परेशान



**डुमरांव।** बरसात के दिनों में नगर के कई ऐसे मोहल्ले की गलियां और रोड हैं, जो गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। मोहल्ले के मुख्य सड़कों पर उभर आए गड्ढे में पानी जमा हो जाने से लोगों को आना-जाना मुश्किल हो रहा है। ऐसा ही एक मोहल्ला हरिजी हाता और साफाखाना रोड की जोड़ने वाली सड़क है। जिसकी स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि जहां गड्ढा है वहां पर पानी जमा है और जहा गड्ढा नहीं वहां कीचड़ भरा हुआ है। इस सड़क के दोनों तरफ बहुमंजिले इमारते खड़ी हैं, जो लोगों को मुंह चिढ़ाती हैं। इस सड़क की सबसे बड़ी समस्या यह है कि सड़क के दोनों तरफ नाली बना ही नहीं है। लिहाजा घरों का पानी रोड पर बहकर जमा हो जाता है। बरसात से पहले भी यही स्थिति थी, अब तो बरसात शुरू होने से इसकी स्थिति और भी खराब हो चुकी है। रोड पार करने के लिए जो स्थल था, पानी में वह भी डूब चुका है।

## घटना को अंजाम देकर फरार हुए अपराधी, घटना स्थल पर पहुंचे एसडीपीओ व अन्य

# दुस्साहस: बेखौफ अपराधियों ने जिम संचालक पर चलाई अंधाधुंध गोलियां, इलाज के दौरान मौत

- अंधाधुंध गोलियों की आवाज से थर्राया नासरीगंज, सहमे लोग
- बोले एसडीपीओ... खंगाले जा रहे हैं सीसीटीवी के फुटेज





**केटी न्यूज/नासरीगंज**

रोहतास जिले के नासरीगंज थाना समीप नवनिर्मित झंझरिया पुल के बिल्कुल पास शनिवार की देररात बेखौफ अपराधियों ने अंधाधुंध गोली चला जिम संचालक को गोली मारकर फरार हो गये। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का नाम वार्ड नम्बर 04 स्थित गीता कम्प्लेक्स में फिटनेस जिम के संचालक आदित्य कुमार श्रीवास्तव उर्फ आदि बताया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रतिदिन की तरह अपने को बन्द कर आदित्य अपनी बुलेट से घर जा रहे था। उसके साथ बुलेट पर उसके गांव का ही विशाल कुमार भी पीछे बैठा हुआ था। जैसे ही आदित्य झंझरिया पुल के समीप पहुंचा तो वहां पहले से घात लगाकर बैठक अज्ञात अपराधियों ने उनपर गोलियां बरसा दी। जिसके बाद सभी तीन बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय को दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई।

## जिम संचालक के सीने व बांह में लगी चार गोलियां

इधर, बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय की सूचना पर घटना स्थल पर नासरीगंज इंस्पेक्टर कुणाल कृष्णा व थानाध्यक्ष अमित कुमार अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गए। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने पुलिस की मदद से गम्भीर रूप से घायल जिम संचालक को नासरीगंज पीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसकी चिंताजनक स्तिथि को देखते हुए एनएमसीएच जमुहार सासाराम रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि जिम संचालक के सीने व बांह में चार गोलियां लगी है। बताया जाता है कि 32 वर्षीय जिम संचालक आदित्य कुमार श्रीवास्तव उर्फ आदि अमियावर निवासी नागेंद्र श्रीवास्तव के बड़े बेटे हैं। उक्त घटना को लेकर थाना सहित आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल बना हुआ है। आनन-फानन की स्थिति में पुलिस प्रशासन और परिजनों के सहयोग से उन्हें बेहतर उपचार के लिए नारायण मेडिकल हॉस्पिटल जमुहार सासाराम में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुन स्वजनों में कोहराम मच गया। साथ ही साथ पूरे गांव समेत आसपास के क्षेत्रों में मातमी सन्नाटा छा गया।

**पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंपा :** स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर परिजनों के समक्ष कानूनी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया। उक्त घटना के उपरांत जब उनका शव पोस्टमार्टम कराकर गांव लाया गया तो उक्त दौरान सभी लोगों की आंखें नम हो गई। गांव में चहुओर चीख पुकार सुनाई देने लगी। झमाझम बारिश के बावजूद भी उनके पैतृक आवास पर रविवार को सुबह से ही हो रही लोगों की भीड़ लगी रही। उस वक्त उनके आवास पर पहुंचे हुए सभी लोगों के आंखों से आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहा था। इस घटना के संदर्भ में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि घटित घटना को लेकर उनके परिजनों के द्वारा अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है। वैसे घटित घटना को लेकर पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाली जा रही है। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ में पता चला कि घटना स्थल पर पहले से ही घात लगाए तीन बाइक पर सवार अपराधियों ने अंधाधुंध गोली चलाई और फरार हो गये।

## पुस्तकालय हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा: बीडीओ



**केटी न्यूज/काराकाट**

स्थानीय नगर पंचायत के गोडारी में रविवार को बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने एडी लाइब्रेरी का उद्घघाटन किया। मौके पर पूर्व मुखिया अरुण प्रसाद, ग्रामीण बैंक मैनेजर सूरज प्रकाश तिवारी, अधिवक्ता अरविंद कुमार सहित प्रखंड के सैकड़ों छात्र-छात्रा मौजूद रहे। इस दौरान एडी लाइब्रेरी के संचालक ने बीडीओ का अंगवस्त्र और फूल मालाओं से स्वागत किया।

इस दौरान बीडीओ कहा कि पुस्तकालय हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। लाइब्रेरी अध्ययन से एकाग्रता भंग नहीं होती और लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग मिलता है। शिक्षा के माध्यम से ही समाज में आत्मसम्मान और समानता का दर्जा मिलता है। युवा वर्ग को अपनी भाषा पर संयम रखकर उच्च शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग अपनी ऊर्जा को नष्ट न करें, बल्कि शिक्षा ग्रहण में उसका उपयोग करें। प्रत्येक छात्र-छात्राओं के मन में असमंजस नहीं होनी चाहिए। किसी एक दृढ़ लक्ष्य सुनिश्चित कर लेनी चाहिए। बीडीओ ने छात्रा नेमी कुमारी के सवाल का जवाब देते समय यह भी कहा कि हमारे समाज लिंग भेदभाव बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। आजकल लड़कियों का परफॉर्मेंस लड़कों से भी काफी अच्छा है। साथ ही, पीसीएस की तैयारी की विभिन्न जानकारी उपस्थित छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया। इस दौरान अधिवक्ता अरविंद कुमार ने छात्रों का भविष्य को देखते बताया कि सभी छात्र-छात्राओं में कहीं ना कहीं क्षमता होती है जो अंदर दबा हुआ होता है उस क्षमता को व उस प्रतिभा को पहचान करने का माध्यम सिर्फ पुस्तकालय ही होता है। मौके पर माइंड स्क्वायर के अमित कुमार, शिक्षक आनंद कुमार, अंकित कुमार, संजय कुमार रविंद्र कुमार, सोनू कुमार सोनी, रमाशंकर कुमार, संजय पुस्तक सहित कई लोग एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## मिट्टी गिराने को लेकर उपजे विवाद में चले लाठी व डंडे, नवजात बच्ची की मौत

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जले में मिट्टी गिराने को लेकर उपजे विवाद में चचेरे भाइयों के बीच हुई मारपीट के दौरान दुधमुंही बच्ची को डंडे से चोट लगी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के पुराना हरीपुर गांव में शनिवार की देर शाम की है। बताया जाता है कि बारिश का पानी निकालने को लेकर चौखट पर मिट्टी भरने को लेकर दो पट्टीदार आपस में उलझ पड़े और दोनों परिवारों के बीच जमकर झड़प हो गई।

जानकारी के अनुसार दोनों परिवारों के बीच हो रही मारपीट के दौरान घर आई उनकी बेटी अमृता अपनी चार माह की बच्ची को झुला रही थी कि अचानक मारपीट में लाठी बच्ची को जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आननफानन में परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सुचना स्थानीय थाना को दी। जिसके बाद पुलिस ने दुधमुंही बच्ची का शव अपने कब्जे में लेकर रविवार की सुबह उसका पोस्टमार्टम आरा सदर अस्पताल में कराया।

**उत्तर प्रदेश में हुई है बेटी शादी :** तीन माह की बच्ची पम्मी कुमारी उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के काठ थाना के कटेया गांव निवासी पप्पू कुमार की पुत्री थी, जो अपनी मां के साथ अपने ननिहाल वीरबहादुर महतो के यहां आई थी। मारपीट कर हत्या करने का आरोप अपने ही पट्टीदार के कुछ लोगों पर लगाया जा रहा है। दोनों ओर से चले लाठी-डंडे में स्थानीय हरिपुर निवासी रामराज सिंह, वीरबहादुर सिंह व अक्षय सिंह के अलावा अवधेश सिंह के परिवार जख्मी हुए हैं। परिजनों ने बताया कि अमृता की शादी यूपी में पप्पू के साथ हुई थी। जिसे इसी वर्ष बच्ची हुई थी और वह अपने नैयर हरिपुर घूमाने आई थी। इस घटना को लेकर कोईलवर थानाध्यक्ष ने बताया कि इस सम्बन्ध में थाने में मामला दर्ज करा लिया गया है। जिसके बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## बिक्रमगंज के स्कूलों में रिस्टार्ट तहत स्कॉलरशिप सह प्रवेश परीक्षा आयोजित

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

शहर के डिहरी रोड में रिस्टार्ट रिमेडियल क्लासेज ने स्कॉलरशिप सह प्रवेश परीक्षा से अपना आगाज किया। डीएवी, संत एसएन ग्लोबल स्कूल, द डिवाइन पब्लिक स्कूल, प्रज्ञापूंज, विन्यदा एकेडमी आदि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने रिस्टार्ट रिमेडियल क्लासेज के आरआरसीसैट में बड़े ही उत्साह से भाग लिया। जो रिस्टार्ट की डायरेक्टर रेखा सिंह और नीलम सिंह ने बताया कि रिस्टार्ट रिमेडियल क्लासेज एसएसजी प्राइवेट लिमिटेड की एक इकाई है। जो इसी वर्ष बिहार के बिक्रमगंज, बक्सर, भागलपुर, हाजीपुर, उत्तरप्रदेश के मथुरा वृंदावन, इलाहाबाद, नोयडा एक्सटेंसन, वैशाली सहित विभिन्न जगहों पर सीबीएसई स्टूडेंट्स और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं, परीक्षार्थियों हेतु प्रारंभ की जा रही है। बिक्रमगंज के रिस्टार्ट सेंटर में फिलहाल सीबीएसई विद्यालयों के कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के स्टूडेंट्स के लिए कक्षाएं प्रारम्भ की जा रही है। ऐकडेमिक डायरेक्टर सिमरन मुखिया ने बताया कि रिस्टार्ट रिमेडियल क्लासेज कुछ ही दिनों में आईआईटी, नीट क्लैट, सीयूटई, एनडीए, सीडीएस, यूपीएससी, पीसीएस, निफ्ट, बीपीएससिटीआरई, सीटेट, एस्टेट, बैंकिंग, सीजीएल, बैंकिंग, रेलवे आदि अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कक्षाएं शुरू की जाएगी।

## फ्रूट-डे पर आकर्षण का केंद्र बनी स्कूली बच्चों की रंग-बिरंगे फलों की वेशभूषा

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**



स्थानीय शहर के माई छोटा स्कूल में फ्रूट डे पर बच्चों को फल खिलाए गए। अवसर पर इसमें बच्चों ने पाइन एप्पल, अंगुर, आम आदि का रूप धारण किया था। फ्रूट दिवस का संचालन बच्चों को फलों के महत्व बताने के लिए किया गया।

अंजबित सिंह कॉलेज रोड स्थित माई छोटा स्कूल शाखा में निदेशक रेणु सिंह के नेतृत्व में छोटे बच्चों के बीच फ्रूट डे मनाते हुए विभिन्न प्रकार के शिक्षकों ने फल खिलाया। कार्यक्रम में स्कूल के प्री नर्सरी क्लास, एलकेजी, यूकेजी सहित वन क्लास के बच्चे रंग-बिरंगे फलों की वेषभूषा में सजे सभी के आकर्षण का केन्द्र बने थे। इस दिवस स्कूल निदेशक रेणु ने बच्चों को फलों और हमारे लिए इनकी उपयोगिता के बारे में बताया। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य और मानसिक विकास को लेकर हर रोज एक फल खाने की सलाह भी दी। मौके रुद्र कुमार पाठक, चिन्मय प्रिदर्शी, अयंश कुमार चौधरी, शिवांश त्रिपाठी, शिवांश मोदी, नित्या प्रकाश, चित्रांशी प्रियदर्शी, श्रेया प्रताप सिंह, वैष्णवी गुप्ता, वैष्णवी तिवारी, विहान चौबे सहित शिक्षक-नेहा शर्मा, प्रिया कुमारी, प्रीति कुमारी, कुमारी पम्मी, निशा कुमारी, काजल कुमारी उपस्थित थे।


## ब्राह्मण समाज की समृद्धि व उत्थान को लेकर हुई चर्चा



बैठक में शामिल ब्राह्मण समाज के लोग।

**बिक्रमगंज।** रविवार को गोड़ारी स्टेट बैंक एटीएम के समीप कारुणेश शांडिल्य उर्फ सोनू तिवारी के आवास पर ब्राह्मण समाज के समृद्धि एवं उत्थान को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिस बैठक की अध्यक्षता गुप्तेश्वर तिवारी एवं संचालन पूर्व उपप्रमुख संजय तिवारी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में भगवान परशुराम जी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त दौरान कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण कस्बों से ब्राह्मण समाज के शिष्टमंडल पहुंचे हुए थे। उसके बाद भगवान परशुराम जी के तैलचित्र समक्ष सभी लोगों ने पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन व वंदन किया। कार्यक्रम के शुरूआत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आदि-अनादि काल से ही ब्राह्मण सर्वश्रेष्ठ रहा है और रहेगा। साथ ही, दूर दराज से आए हुए सभी ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध जनों से अपील करते हुए कहा कि आज के परिवेश में ब्राह्मण समाज की क्या स्थिति है इसपर विशेष रूप से सोचने और समझने की जरूरत है। आज के समय में हमारा समाज कहां जा रहा है उसको देखने की जरूरत है। साथ ही साथ सभा स्थल पर उपस्थित सभी लोगों ने ब्राह्मण समाज के समृद्धि एवं उत्थान पर अपनी-अपनी बातें रखी।






# परिषदीय स्कूलों को मिले 544 शिक्षक, यूपी में 2016 में शुरू हुए 12460 भर्ती प्रक्रिया में हुए थे चयनित

♦ करीब 6 माह पहले मिला था नियुक्ति पत्र, अब मिला विद्यालय

केटी न्यूज / बलिया

जिले के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को 544 नए शिक्षक मिले हैं। सभी अध्यापक एक जुलाई से स्कूलों पर कार्य करना शुरू कर देंगे। यह सभी शिक्षक 2016 शुरू हुई 12460 भर्ती में चयनित हुए थे। हालांकि न्यायालय में मामला लंबित होने के कारण उन्हें नियुक्ति नहीं मिल रही थी। बता दे कि आठ साल पहले शुरू हुई 12460 भर्ती में जिले में 720 शिक्षकों का चयन हुआ था। इनमें से मात्र 125 को मई 2018 में नियुक्ति मिल गई थी। हाईकोर्ट के आदेश पर गैर जनपद के निवासी आवेदकों का नियुक्ति पत्र रोक दिया गया था। लंबी लड़ाई के बाद जीत हासिल कर गैर जनपद के 595 में से 557 शिक्षकों ने 30 दिसंबर 2023 व सात जनवरी 2024 को नियुक्ति पत्र प्राप्त किया। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति का आदेश पारित कर दिया। इस वजह से पिछले छह माह से प्रक्रिया पुनः बाधित चल रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले माह प्रक्रिया



जारी रखने की अनुमति दे दी। इसके बाद शासन के आदेश पर गुरुवार से शनिवार तक बीएसए कार्यालय में ऑनलाइन विद्यालय आवंटन किया गया। विद्यालय आवंटन के दौरान 557 शिक्षकों में से 13 अनुपस्थित रहें। सभी उपस्थित शिक्षकों को उनकी इच्छानुसार स्कूल आवंटित किए गए। बीएसए मनीष कुमार सिंह ने बताया कि एक जुलाई को सभी नव चयनित शिक्षक व शिक्षिकाएं आवंटित स्कूल में योगदान देंगे।

## प्रावि उसुरी पर लाठी लेकर एचएम कक्ष में पहुंच दबंग युवक

**बलिया।** शिक्षा क्षेत्र नवानगर के प्राथमिक विद्यालय उसुरी में एक दबंग युवक लाठी लेकर प्रधानाध्यापक के कक्ष में पहुंच गया। उसने गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी। वह मिट्टी डालने के लिए धमका रहा है। पीड़ित प्रधानाध्यापक ने दबंग युवक के विरुद्ध सरकारी काम में बाधा डालने और गाली गलौज सहित धमकी देने की नामजद तहरीर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के बस्ती बुजुर्ग गांव निवासी मोहन प्रसाद गुप्ता पुत्र स्वर्गीय परशुराम प्रसाद गुप्ता शिक्षा क्षेत्र नवानगर के प्राथमिक विद्यालय उसुरी पर प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात है। वह प्राथमिक विद्यालय उसुरी पर पहुंचे, जहां वह अपने कक्ष में विद्यालय का कार्य कर रहे थे, तभी उसुरी गांव निवासी अतिश कुमार यादव लाठी लेकर उनके कक्ष में पहुंचा और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा।

## खबरें फटाफट

### अभ्यर्थी व्यय का ब्यौरा अभिलेख जिला निर्वाचन को उपलब्ध कराये

**मऊ।** लेखा समाधान की बैठक जिलाधिकारी के अध्यक्षता एवं व्यय प्रेक्षक व वरिष्ठ कोषाधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुई। व्यय प्रेक्षक ने समस्त अभ्यर्थियों की उपस्थिति में बताया कि यदि किसी को लेखा संबंधी कोई समस्या हो तो उसका निस्तारण करा ले। उन्होंने बताया कि समस्त अभ्यर्थियों के चुनाव के दौरान खर्च हुए समस्त व्यय को जिला निर्वाचन के माध्यम से निर्वाचन आयोग को प्रेषित किया जाना है। अतः समस्त अभ्यर्थी इस दौरान अपने समस्त व्यय का ब्यौरा समस्त अभिलेख सहित जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कर दे।

### असदुद्दीन ओवैसी का नगर में फूंका पुतला

**चंदौली।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर से में हैदराबाद के सांसद ओवैसी के खिलाफ लोगों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। उनके द्वारा शपथ ग्रहण के दौरान जय फिलिस्तीन का नारा लगाने से हिंदू युवा वाहिनी कार्यकताओं ने उसी से आहत होकर रविवार को ओवैसी का पुतला फूंका ।आपको बता दे की एआईएमआईएम पार्टी के प्रमुख और हैदराबाद लोकसभा सीट से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर से विवाद खड़ा कर दिया । मंगलवार को लोकसभा में सांसद पद की शपथ के दौरान ओवैसी ने फिलीस्तीन के समर्थन में जय फिलिस्तीन का नारा लगाया जिसको लेकर संसद भवन में भी उनका विरोध हुआ और धीरे-धीरे अब यह गुस्सा आमजन में भी व्याप्त होता जा रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने ओवैसी का पुतला फूंका और उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दायर करने और संसद की सदस्यता समाप्त करने की मांग की।

### अखिलेश के जन्मदिन पर लिया पौधारोपण का संकल्प

**चंदौली।** सदर विकासखंड के नारायणपुर मड़ई स्थित काली मंदिर में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्म दिन पर 51 पौधारोपण का संकल्प लिया। इस दौरान रमेश यादव ने कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के पूर्व संध्या पर काली माता मंदिर में पूजन अर्चन किया गया और उनके दीर्घायु होने की कामना की गई।

## निर्माण कार्य पूरा हो चुके भवनों का हस्तांतरण सात दिनों में करें पूरा

# विकास संबंधित निर्माण कार्यों में मानक व गुणवत्ता का रखें ध्यान : जिलाधिकारी

♦ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जनपद के विकास कार्यों से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं की समीक्षा बैठक

केटी न्यूज / बलिया

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में रविवार को विकास भवन सभागार में जनपद के विभिन्न निमार्णाधीन परियोजनाओं के विकास कार्यों से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधक व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड मुख्यमंत्री की घोषणा से अच्छादित, 50 लाख से कम और अधिक लागत वाली, क्रिटिकल गैप और त्वरित आर्थिक विकास योजना से संबंधित निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा किया गया। जिले में लोक निर्माण विभाग, सीएन्डडीएस उत्तर प्रदेश जल निगम आजमगढ़, यूपीपीसीएल, यूपीआरएनएस, एस बलिया , राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, निर्माण खंड- वाराणसी- तीन आजमगढ़, उत्तर प्रदेश सेतु निगम लिमिटेड, उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड, वाराणसी और उत्तर प्रदेश जल निगम, बलिया सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा विकास कार्यों से संबंधित निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

डीएम ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधकों के द्वारा अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूरा हो चुके भवनों का हस्तांतरण संबंधित विभाग के अधिकारियों को 7 दिन के अंदर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्माण कार्य जहां बजट नहीं है हमारे हस्ताक्षर से उसे विभाग के प्रमुख सचिव को चिट्ठी भेजवाएं। जहां पर एनओसी या जमीन का प्रकरण लंबित हैं, उसका शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। पैसा होने के बावजूद भी जहां निर्माण कार्य बंद है उसे तत्काल शुरू कराएं। कोई भी प्रोजेक्ट बिना कारण बंद नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी परियोजना प्रबंधकों व अधिकारियों से निर्माण कार्यों की मंथली फोटो पीपीटी के माध्यम से समीक्षा के दौरान प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी कार्यदाई संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों को निमार्णाधीन परियोजनाओं का मौके पर जाकर निरीक्षण करने का निर्देश दिया।



## कार्यकारी संस्थाएं गोबर के पेंट से कराए पेंटिंग कार्य : डीएम

मऊ ।जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के तहत संचालित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में ही जिलाधिकारी ने समस्त कार्यकारी संस्थाओं के जिला प्रतिनिधियों को विकासखंड दोहरीघाट के ग्राम पंचायत गोठा में स्वयं सहायता समूह द्वारा गोबर से निर्मित पेंट का प्रयोग परियोजनाओं में करने के निर्देश दिए। जिससे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आमदनी में वृद्धि हो सके एवं गोबर से पेंट बनाने के उत्पादन में वृद्धि हो सके। उन्होंने परियोजनाओं के दौरान टंकियो, पंप हाउस एवं बाउंड्री वॉल की पेंटिंग हेतु गोबर से निर्मित पेंट का प्रयोग करने को कहा। कार्यदाई संस्थाओं द्वारा कुछ स्थलों पर ट्यूबवेल एवं टंकी निर्माण हेतु उचित सरकारी भूमि की अनुपलब्धता संज्ञान में लाने पर जिलाधिकारी ने स्वयं जमीन क्रय कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ट्यूबवेल, ओएचटी, पंप हाउस एवं बाउंड्री वॉल के निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान कुछ स्थलों पर अभी भी कार्य प्रारंभ न होने पर जिलाधिकारी ने समस्त कार्यकारी संस्थाओं को सभी कार्य एक माह के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पौधारोपण अभियान जन जन तक पहुंचाएं: डीएम

**गाजीपुर।** राइफल क्लब सभागार में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने पौधारोपण की विभागवार लक्ष्य व उसके सापेक्ष खुदे गढ्ढों की समीक्षा की। जनपद के अधिक लक्ष्य वाले विभाग ग्राम विकास, कृषि, उद्यान, व अन्य विभागों को शीघ्र ही गढ्ढा खुदान कार्य को पूर्ण कर लेने के कड़े निर्देश दिए व जुलाई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाने वाले वृहद पौधरोपण अभियान को अधिक से अधिक जन सहभागिता के साथ सफल बनाने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि वृहद स्तर पर लोगों को पौध रोपित करने को जागरूक किया जाए। जिला गंगा समिति अंतर्गत एनजीटी के आदेशों का अक्षरशः पालन करने को संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए ससमय कार्य योजना एवं संबंधित को सूचना उपलब्ध कराने को कहा। जिला पर्यावरण समिति के तहत सभी नगर निकायों के प्लास्टिक वेस्ट, सीएनडी वेस्ट, नाला प्रबंधन इत्यादि के बिंदुवार चर्चा करते हुए उत्तरदाई विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनभागीदारी से ही सफल बनाया जा सकता है। बैठक में सदस्य सैलेश राम,मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, प्रभागीय निदेशक विवेक यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी मनरेगा एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सद्भावना क्लब ने 40 लोगों का रक्तदान करा रचा इतिहास

केटी न्यूज / जौनपुर

सदभावना क्लब के अध्यक्ष हफीज शाह के नेतृत्व में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया। संस्था के सभी सक्रिय सदस्यों के अथक प्रयत्नों से 40 यूनिट का रक्तदान किया। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दिनेश टंडन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर ने फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात रक्तदान करने वालों का सिलसिला चल गया। इस कार्यक्रम में रक्तदाताओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित सम्मान समारोह का प्रारम्भ माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मधु सूदन बैंकर ने कहा कि वैसे तो हिन्दू शास्त्रों में चार प्रकार के दान बताये गये हैं लेकिन उन सबसे भी बड़ा दान रक्तदान है। एक यूनिट रक्तदान से पांच लोगों की जान बचायी जा सकती है। पूर्व अध्यक्ष डॉ अलमदार नजर ने कहा कि हफीज शाह के नेतृत्व में संस्था ने ?इतने कार्यक्रम कर दिये है कि आने वाले समय में यह संस्था शीर्ष पर दिखायी देगी। पूर्व अध्यक्ष आशीष साहू और नरसिंह अवतार जायसवाल ने भी इस रक्तदान की सफलता के लिये सभी सदस्यों को बधाई दी। संस्थाध्यक्ष



हफीज शाह ने अपने उद्बोधन में सभी सम्मानितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि इस संगठन का हर साथी अत्यन्त ऊर्जावान है और आप लोगों के सहयोग से ही संस्था जनपद में सेवा भाव करने वाली संस्था बन गयी हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व अध्यक्ष लालजी यादव ने लोगों को शुभकामनाएं दी ।कोषाध्यक्ष मोहम्मद रजा खान ने कहा की आने वाले दिनों में संस्था सेवा से जुड़े अन्य कार्यक्रमों को करेगी ।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि के द्वारा सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र वितरित किया गया।

## पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से किया ताबड़तोड़ हमला

केटी न्यूज / चंदौली

सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत केशवपुर में एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले के कारण पत्नी को गंभीर चोटें आई है। आनन-फानन में महिला को अस्पताल भर्ती करवाया गया ।जहां महिला की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना के बाबत सदर पुलिस को सूचना दे दी गयी है।बताते है कि चंदौली नगर पंचायत के वार्ड नंबर -2 शास्त्री नगर निवासी शिवनारायण की पुत्री चंद्रतारा की शादी लगभग 12 वर्ष पहले बलुआ थाना के मथेला गांव निवासी प्रदीप राम से हुई थी। पिछले तीन साल से पति और पत्नी अलग रहे है। चंद्रतारा, फिलहाल एक निजी अस्पताल में काम करती है,और अपने मायके में रह कर वह अपने छह वर्षीय पुत्र अंश और चार वर्षीय पुत्री शीतल की भरण-पोषण करती है।घायल चंद्रतारा ने बताया कि उसका पति नशेड़ी है,और हमेशा उससे पैसा मांगता रहता है।आरोप लगाया कि इस बार पैसे देने से मना किया तो पति ने ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी से वार कर दिया। कुल्हाड़ी के वार से उसके पैर सहित कई जगहों पर गंभीर चोटें आई है। इस बाबत कोतवाली प्रभारी गगन राज सिंह ने बताया कि घटना पांच दिन पुरानी है।पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### बजरंग दल ने स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन



**बलिया।** विश्व हिंदू परिषद कि युवा शाखा बजरंग दल के तत्वावधान एवं विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत सह-मंत्री मंगलदेव चौबे की उपस्थिती में 24 जून से प्रारंभ होकर 30 जून तक चलने वाले बजरंग दल सेवा सप्ताह के अंतिम दिन रविवार को जिले के 21 गांवों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा सप्ताह के अंतर्गत बजरंग दल ने समाज और पर्यावरण से संबंधित अनेक कार्य किये। जिनके माध्यम से जन - जन तक सेवा कार्यों को पहुंचाने का कार्य किया गया। इस क्रम में सवरूबांध ग्राम में नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों के नेत्रों की निःशुल्क जांच, दवा और निःशुल्क ऑपरेशन हेतु नेत्रालय ले जाया गया। वही लोगों को नेत्रदोष एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस नेत्र स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से सैकड़ों लोगों ने अपने नेत्रों का परीक्षण करवाया। इसके साथ ही बजरंग दल ने जिले के कई क्षेत्रों में प्रतिवर्ष स्वास्थ्य एवं सेवा शिविर चलाने की बात कही। इस मौके पर जिला कार्याध्यक्ष सुनील यादव, जिला मंत्री भानू तिवारी, जिला प्रचार प्रमुख अरुण सिंह, जिला विद्यार्थी सम्पर्क प्रमुख शिवम दुबे, जिला सुरक्षा प्रमुख रितेश मौर्य, ऋषु, कृष्णा, आनंद आदि बजरंग दल के दर्जनों कार्यकताओं उपस्थित रहे।

### चार निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

**बलिया।** सिविल लाइन स्थित कार्यालय में एसपी देवरंजन वर्मा ने रविवार को बताया कि पुलिस व्यवस्था को बेहतर करने के लिए चार निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। निरीक्षक अपराध थाना सहतवार संजय सिंह को प्रभारी निरीक्षक बांसडीह बनाया गया है। निरीक्षक संतोष यादव को अपराध शाखा से प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू बनाए गए हैं। जबकि निरीक्षक अपराध थाना फेफना हरिशंकर सिंह को प्रभारी निरीक्षक नगरा की कमान मिली है। निरीक्षक अशोक कुमार को पुलिस लाइन से प्रभारी निरीक्षक हल्दी बनाया गया है।

### रिश्ता तार-तार, बाप ने बेटी से किया दुष्कर्म

**बैरिया।** थाना क्षेत्र में खून के रिश्तों को शर्मसार करने का मामला प्रकाश में आया है। एक कलियुगी पिता ने अपनी ही नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म दिया है। जब बेटी ने पुरी घटना मां को बताई तो पीड़िता की मां ने अपने ही पति के खिलाफ थाना में तहरीर दिया। तहरीर पर बैरिया पुलिस ने शनिवार रात केस दर्ज कर लिया। मामला बैरिया थाना क्षेत्र के चांद दियर चौकी क्षेत्र के एक गांव की है। शराबी पिता ने अपनी 12 वर्षीय पुत्री को डरा-धमका कर लगातार तीन महीने तक दुष्कर्म करता रहा। डर के कारण बेटी अपना मुंह बंद रखती थी। परेशान बेटी ने पूरी घटना अपनी मां को बताई। मां ने जब पूरी घटना सुनी तो उसके पैर के नीचे से जमीन ही खिसक गई। बगैर समय गंवाए पीड़िता की मां बेटी के साथ थाने पहुंची और घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया ।एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपी को सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के पास से रविवार को उस समय गिरफ्तार किया गया ।जब वह ट्रेन पड़कर कहीं अन्यत्र भगाने की फिराक में था। परंतु पुलिस ने समय रहते उसे धर दबोचा। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं पीड़िता को सहायता प्रदान की जा रही है।

### शिव भक्तों का जत्था अमरनाथ यात्रा पर रवाना

**मऊ ।** जनपद के कोपागंज नगर क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त श्रद्धाल अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। शिव भक्त श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के जयकारा के साथ सर्वप्रथम प्राचीन गौरीशंकर मंदिर कोपागंज पर बाबा भोलेनाथ एवं माता पार्वती को जलाभिषेक किया और मत्था टेका इसके बाद अपने यात्रा का शुभारंभ किया। आज अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए शिव भक्तों में बृजेश गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता पप्पू, हिमांशु गुप्ता, विकास गुप्ता, गोपाल चंद वर्मा, मुन्ना मद्धेशिया, भानु प्रताप, रामनिवास राजभर, आनंद प्रताप गुप्ता, मनोज बरनवाल, मनीष वर्मा, विजय कुमार, प्रदीप वर्मा, किशन, दिनेश गुप्ता, सर्वेश यादव, प्रदीप गुप्ता सहित भारी संख्या में शिव भक्त रवाना हुए।

### सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर मजदूर की मौत

**बलिया।** रविवार को बलिया सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन से रेवती कोलनाला के समीप एक मजदूर की मौत हो गई। यह हादसा पत्नी के आंखों के सामने हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बिहार प्रांत के लखीसराय के संसार पोखर बड़की मुसहरी निवासी पप्पू मांझी 35 वर्ष उम्र के फरुखाबाद ईट भट्ठे पर परिवार के साथ मजदूरी का काम करते थे। काम बंद होने के बाद अपने गांव अपनी पत्नी मिन्ता देवी एवं अन्य सदस्यों के साथ जा रहे थे। बताया जाता है कि बलिया से क्यूल जक्शन का टिकट लेकर बलिया सियालदह एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हुए। पप्पू मांझी गेट के पास खड़ा था जो पत्नी के आँख के सामने ही अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर पड़े। जिससे उसकी मौत हो गई। ट्रेन जैसे ही सुरेमनपुर स्टेशन पर रुकी वैसे ही पत्नी ननद रीता नंदनी और दुंधमुहे बेटे अजीत के साथ घटना स्थल पर पहुंच दहाड़े मारकर रोने लगे। मौके पर पहुँचे एसआई प्रभाकर शुक्ल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। वहीं इस घटना के बाद पत्नी का रो-रोकर बूरा हाल हो गया।

## बलिया के गंगा बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

# तीन नई आपराधिक विधियों से अवगत हुए वकील व पुलिस पदाधिकारी

केटी न्यूज/बलिया

जनपद की न्यायपालिका, कार्यपालिका, पुलिस प्रशासन एवं अधिवक्तागण सिविल व क्रिमिनल और रेवेन्यू बार एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित नवीन दांडिक विधियों (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023) पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला जिला जज अशोक कुमार सप्तम की अध्यक्षता में गंगा बहुउद्देशीय सभागार में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, अधिवक्तागण व कानून से संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। सभागार में सभी को नवीन दांडिक विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में सहायक अभियोजन अधिकारी, मऊ स्वदेश





कुमार शर्मा ने तीन नई आपराधिक विधियों पर विशेषज्ञ के रूप में विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) की नवीन दाण्डिक विधियों के महत्वपूर्ण बिंदुओं से सबको अवगत कराया। उन्होंने इन नवीन विधियों की विभिन्न धाराओं के बारे में बताते हुए किन धाराओं में कैसे कार्यवाही होगी, इसकी विस्तार से जानकारी दी। इससे न्याय प्रणाली में सुविधा प्रदान होगी। इसके तहत त्वरीत न्याय करना है। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी महेश चंद्र वर्मा, अपर जिला जज अरविंद उपाध्याय, पुनीत गुप्ता, ज्ञान प्रकाश तिवारी, रवि करण, नीलम ढाका, हरीश कुमार, रामकृपाल व अन्य पीठासीन अधिकारियों के अलावा क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत सिंह एवं महासचिव रामविचार यादव,सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, सिविल जज सीनियर डिवीजन-एफटीसी, विराटमणि त्रिपाठी, एसीजेएम गार्गी शर्मा,सभी न्यायिक अधिकारी-कर्मचारी आदि मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा,अपर पुलिस अधीक्षक डीपी तिवारी,सभी एसडीएम व सीओ,सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रकांत द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद मौजूद रहे। कार्यशाला का संचालन अपर जिला जज प्रथमकांत ने किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शाम्भवी यादव इस कार्यक्रम की संयोजक थी।

# वादों की कुशल पैरवी आवश्यक, पालिका अधिवक्ता जिम्मेदारी से करें काम: अरशद

केटी न्यूज / मऊ

सरकारी सम्पत्तियों के संरक्षण व देख-रेख तथा मुकदमों की कुशल पैरवी की समीक्षा हेतु आज नगर पालिका परिषद के अधिवक्ताओं के साथ लम्बी समीक्षा बैठक चली। बैठक में उच्च न्यायलय के अधिवक्ता धर्मवीर सिंह, क्लेक्ट्रेट परिसर के अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह, दीवानी परिसर के अधिवक्ता विनोद राय, दीवानी कचहरी आजमगढ़ के अधिवक्ता सुनील सिंह, तहसील सदर के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद, ईपीएफ वाराणसी के अधिवक्ता छोटे लाल मौर्य, नगर पालिका के कर अधीक्षक-संतोष कुमार, राजस्व निरीक्षक-अमृता राय, निर्माण लिपिक-धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुहम्मद फैसल समेत अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व पैरोकार आदि उपस्थित रहे। इस बैठक में नगर पालिका परिषद से सम्बन्धित वादों तथा जनहित के विवादित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गयी तथा वादों से सम्बन्धित वास्तविकता एवं साक्ष्यों के संदर्भ में अपने पक्ष को न्यायालय में मजबूती से प्रस्तुत करने पर जोर दिया गया।

अध्यक्ष ने बताया कि बहुत सी ऐसी सरकारी सम्पत्तियां हैं जिन पर लोगों का अवैध कब्जा है जिन पर सम्बन्धित न्यायालयों में मजबूत पैरवी के अभाव में



या राजस्व विभाग के कम सहयोग के कारण कब्जा नहीं मिल पा रहा है। पालिकाध्यक्ष ने इस संबंध में बताते हुये कहा कि समीक्षा के दौरान पता चला कि तहसील में ही नगर पालिका से सम्बन्धित लगभग 400 से अधिक वाद विचाराधीन हैं, जबकि सिविल कोर्ट में लगभग 100 एवं हाई कोर्ट में लगभग 45 तथा इसी प्रकार कलेक्ट्रेट मऊ में लगभग 240 मुकदमें विचाराधीन हैं। पालिकाध्यक्ष अरशद जमाल ने अधिवक्ताओं से कहा कि मैं यह चाहता हूं कि पालिका का जो भी वाद न्यायालय में विचाराधीन है उसे शीघ्रताशीघ्र न्यायालय द्वारा निस्तारित कराने में आप प्रभावी पैरवी करें। विकास के मार्ग में विद्यमान अवरोध को दूर करते हुये सम्पत्तियों पर कब्जा कर जनहित से सम्बद्ध अपनी भावी योजनाओं को जमीन पर उतारें।

## सुभाषितम्

जब आप दूसरों के लिये जीना सीख लेते हैं तो वे आपके लिये जीते हैं। - श्री परमहंस योगानंद

# अब भारत को विभिन्न क्षेत्रों में अपने सूचकांक तैयार करना चाहिए

- प्रहलाद सबनानी

वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की भिन्न भिन्न क्षेत्रों में रेटिंग तय करने की दृष्टि से वित्तीय एवं विशिष्ट संस्थानों द्वारा सूचकांक तैयार किए जाते हैं। हाल ही के समय में इन विदेशी संस्थानों द्वारा जारी किए गए कई सूचकांकों में भारत की स्थिति को संभवत जान बूझकर गल्त दशार्या गया है। इन सूचकांकों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अफ्रीका के गरीब देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया गया है। उदाहरण के लिए अभी हाल ही में पश्चिमी देशों द्वारा जारी किए गए तीन सूचकांकों की स्थिति देखिए। सबसे पहिले उदार (लिबरल) लोकतंत्र सूचकांक में भारत की रैंकिंग को 104 बताया गया है और भारत के ऊपर निजेर देश को बताया गया है। इसी प्रकार, आनंद (हैपीनेस) सूचकांक में भी भारत का स्थान 126वां बताया गया है जबकि पाकिस्तान को 108वां स्थान मिला है, जहां अत्यधिक मुद्रा स्फीति के चलते वहां के नागरिक अत्यधिक त्रस्त हैं। एक अन्य, प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया है और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है, अर्थात इस सर्वे के अनुसार, अफगानिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता भारत की तुलना में अच्छी पाई गई है। पश्चिमी देशों में स्थिति इन संस्थानों द्वारा इस प्रकार के सूचकांक तैयार किए जाकर पूरे विश्व को भ्रमित किए जाने का प्रयास हो रहा है। इसी प्रकार, भारत में हाल ही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनावों पर भी पश्चिमी देशों ने कई प्रकार के सवाल खड़े करने के प्रयास किए थे। जैसे, इस भीषण गर्मी के मौसम में चुनाव क्यों कराए गए हैं, जिससे सामान्यजन वोट डालने के लिए घरों से बाहर ही नहीं निकले, ईवीएम मशीन में कोई खराबी तो नहीं है, आदि। परंतु, भारतीय मतदाताओं ने इन लोक सभा चुनावों में भारी संख्या में भाग लेकर पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया है। न ही, ईवीएम मशीन में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई और न ही गर्मी का प्रभाव चुनावों पर पड़ा। हालांकि सत्ताधारी दल को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ कम स्थान जरूर प्राप्त हुए हैं परंतु देश में किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हुई है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव सामान्यतः शांति के साथ सम्पन्न हो गए। साथ ही, विपक्षी दलों को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ अधिक स्थान मिले हैं और उन्होंने भी चुनाव के परिणामों को स्वीकार कर लिया है। चुनाव की प्रक्रिया पर कोई सवाल खड़ा नहीं किया गया है। इस सबके बावजूद पश्चिमी देशों ने पश्चिमी लोकतंत्र सूचकांक में वर्ष 2014 में भारत को 27वां स्थान दिया था और वर्ष 2023 में भारत की रैंकिंग नीचे गिराकर 41वें स्थान पर बताई गई है। जबकि वास्तव में तो इस बीच देश में लोकतंत्र अधिक मजबूत ही हुआ है, परंतु पश्चिमी देशों द्वारा भारतीय लोकतंत्र को ही जैसे खतरे में बताया जा रहा है और एक तरह से भारतीय लोकतंत्र पर ही सवाल खड़े कर दिए गए हैं। दरअसल पश्चिमी देशों में कुछ शक्तियां भारत के हितों के विरुद्ध कार्य कर रही हैं एवं ये ताकतें विभिन्न सूचकांक तैयार करने वाली संस्थाओं को प्रभावित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़तीं हैं।

कुछ समय पूर्व एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान ने वैश्विक भुखमरी सूचकांक जारी किया था। इस सूचकांक में यह बताया गया था कि भारत की तुलना में श्रीलंका, म्यांमार, पाकिस्तान, एथीयोपिया, नेपाल, भूटान आदि देशों में भुखमरी की स्थिति बेहतर है। अर्थात, सर्वे में शामिल किए गए 121 देशों की सूची में श्रीलंका का स्थान 64वां, म्यांमार का 71वां, बांग्लादेश का 84वां, पाकिस्तान का 99वां, एथीयोपिया का 104वां एवं भारत का 107वां स्थान बताया गया था। जबकि पूरा विश्व जानता है कि व श्रीलंका, पाकिस्तान एवं म्यांमार जैसे देशों में खाद्य पदार्थों की भारी कमी है जिसके चलते इन देशों के नागरिकों के लिए दो जून की रोटी जुटाना भी बहुत मुश्किल हो रहा है। जबकि, भारत कई देशों को आज खाद्य सामग्री उपलब्ध करा रहा है। फिर किस प्रकार उक्त सूचकांक बनाकर वैश्विक स्तर पर जारी किए जा रहे हैं। ऐसा आभास हो रहा है कि भारत की आर्थिक तरक्की को विश्व के कई देश अब सहन नहीं कर पा रहे हैं एवं भारत के बारे में इस प्रकार के सूचकांक जारी कर भारत की साख को वैश्विक स्तर पर प्रभावित किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। युद्ध की विभीषिका झेल रहे एथीयोपिया में नागरिक अपनी भूख मिटाने के लिए घास जैसे भारी पदार्थों को खाकर अपना जीवन गुजारने को मजबूर हैं। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच जीवन यापन करने वाले नागरिकों को भुखमरी के मामले में भारत के नागरिकों से बेहतर स्थिति में बताया गया है। वहीं दूसरी ओर भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ नागरिकों को केंद्र सरकार द्वारा प्रतिमाह 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि इन लोगों को खाने पीने सम्बंधी किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। फिर भी भारत के नागरिकों को भुखमरी सूचकांक में ईथीयोपिया के नागरिकों की तुलना में इतना नीचे बताया गया है। अब कौन इस प्रकार के सूचकांकों पर विश्वास करेगा। यह भी बताया जा रहा है कि इस सूचकांक को आंकने के लिए भारत के 140 करोड़ नागरिकों में से केवल 3000 नागरिकों को ही इस सर्वे में शामिल किया गया था। इस प्रकार सर्वे का सैम्पल बनाते समय भारत जैसे विशाल देश के लिए अपर्याप्त संख्या का उपयोग किया गया है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की सावरेन क्रेडिट रेटिंग पर कार्य कर रही संस्था स्टैंडर्ड एंड पूअर ने हाल ही में भारतीय अर्थव्यवस्था का आंकलन करते हुए भारत के सम्बंध में अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक किया है एवं कहा है कि वह भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के उद्देश्य से भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी विभिन्न पैमानों का, आधारभूत ढांचे को विकसित करने एवं भारत के राजकोषीय घाटे को कम करने से सम्बंधित आंकड़ों एवं प्रयासों का गम्भीरता से लगातार अध्ययन एवं विश्लेषण कर रहा है। आगे आने वाले दो वर्षों के दौरान यदि उक्त तीनों क्षेत्रों में लगातार सुधार दिखाई देता है तो भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया जा सकता है। वर्तमान में भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग इइइ- है, जो निवेश के लिए सबसे कम रेटिंग की श्रेणी में गिनी जाती है। किसी भी देश की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को यदि अपग्रेड किया जाता है तो इससे उस देश में विदेशी निवेश बढ़ने लगते हैं क्योंकि निवेशकों का इन देशों में पूंजी निवेश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित माना जाता है। साथ ही, अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग प्राप्त देशों की कम्पनियों को अन्य देशों में पूंजी उगाहना न केवल आसान होता है बल्कि इस प्रकार लिए जाने वाले ऋण पर ब्याज की राशि भी कम देनी होती है। किसी भी देश की जितनी अच्छी सावरेन क्रेडिट रेटिंग होती है उस देश की कम्पनियों को कम से कम ब्याज दरों पर ऋण उगाहने में आसानी होती है। परंतु, भारत की सावरेन क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड करने के लिए स्टैंडर्ड एंड पूअर को दो वर्षों का समय क्यों चाहिए?

## भारत भूला पंचशील का सिद्धांत चीन ने याद दिलाई

29 अप्रैल 1954 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पंचशील के सिद्धांत की स्थापना की थी। भारत,चीन और म्यांमार के बीच की सीमा विवाद सुलझाने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने तीनों देशों के नेताओं के साथ मिलकर पंचशील के सिद्धांत पर 1954 में सहमति बनाई थी। संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, आपसी सम्मान,आपसी गैर आक्रामकता, एक दूसरे के आंतरिक मामलों में गैर हस्तक्षेप, समानता के आधार पर पारस्परिक लाभ, शांतिपूर्ण अस्तित्व, पंचशील के सिद्धांत हैं। इसी सिद्धांत पर भारत ने अपनी विदेश नीति बनाई। पिछले 70 वर्षों में यह सिद्धांत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किया गया। भारत ने 60 वर्ष तक पंचशील के सिद्धांत की नीति पर काम किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका को समय समय पर सराहा गया। जब भी दुनिया के देशों के बीच मतभेद युद्ध के स्तर तक पहुंचे। उस समय भारत ने पंचशील सिद्धांत के आधार पर विश्व मंच पर अपनी भूमिका निभाई। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद में भारत की भूमिका हमेशा समन्वय की रही है। इसी नीति के कारण भारत की सारे विश्व में विशिष्ट पहचान रही है। 28 जून 2024 को पंचशील सिद्धांतों की 70वीं वर्षगांठ का आयोजन किया गया था। इसमें भारत को भी आमंत्रित किया गया था। इस आयोजन में भारत की कोई सहभागिता नहीं रही। जबकि इसका आयोजन भारत सरकार को ही करना चाहिए था। इस आयोजन में चीन के राष्ट्रपति, श्रीलंका के राष्ट्रपति, गयाना के राष्ट्रपति और एशियाई देशों के कई राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए। इस समारोह में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दुनिया में बढ़ रहे संघर्ष को रोकने के लिए पंचशील सिद्धांतों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा पिछले 70 सालों में बार-बार साबित हुआ है। पंचशील के सिद्धांतों से ही सभी प्रकार की चुनौतियों से निपटा जा सकता है। एकता, सहयोग, आपस का संवाद और समझ दुनिया के सभी देशों के बीच में जरूरी है। दुनिया का विकास, शांति से ही संभव है। शांति ओर साझा विकास को बढ़ावा देने के लिए पंचशील के सिद्धांत ही सारी दुनिया को बेहतर दिशा दे सकते हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत को पंचशील के सिद्धांतों की याद दिलाते हुए, भारत की भूमिका याद दिलाई। पंचशील के सिद्धांत की स्थापना भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और चीन के प्रधानमंत्री चाउ एनलाई के संयुक्त प्रयास से यह सिद्धांत अस्तित्व में आया था। एशियाई देशों के विवादों को सुलझाने के लिए इस सिद्धांत पर काम किया गया। इसके सार्थक परिणाम निकले। बाद में अंतरराष्ट्रीय विवादों में पंचशील के सिद्धांतों पर आधारित भारत की भूमिका अति महत्वपूर्ण रही। भारत कभी भी किसी एक पक्ष के साथ नहीं रहा। निष्पक्षता के साथ भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी बात रखी। सभी देशों के बीच समन्वय बनाने मे निवार्वाद भूमिका रही। पिछले एक दशक में दुनिया की महाशक्तियों के बीच आर्थिक एवं प्राकृतिक संपदा पर कब्जा करने के लिए तरह-तरह के प्रयास किये जा रहे हैं। महाशक्तियों के बीच घातक हथियारों की होड़ लगी हुई है। जैविक और रासायनिक हथियार भी प्रयोग में लाये जाने की संभावना बन गई है। कई देश जैविक और रासायनिक युद्ध लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। आणविक और घातक हथियार तो पहले से ही हैं। दुनिया के सभी देशों के बीच में टकराव बढता जा रहा है। चीन,अमेरिका और रूस के बीच मे टकराव बना हुआ है। तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बन गई है। रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है। इसराइल और फिलीस्तीन के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है। इस युद्ध में लाखों लोगों की मौत हो चुकी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति के कोई प्रयास सफल नहीं हुए। पिछले 30-40 वर्षों में युद्धरत देशों में जो विकास हुआ था। वह पूरी तरह से नष्ट होता हुआ दिख रहा है।

## चिंतन-मनन

### उसका अभिमान नाश कर के छोड़ता है

जब व्यक्ति अपार धन-दौलत और आलीशान भवनों का मालिक हो जाता है तो वह स्वयं को औरों से अलग महसूस करने लगता है। ऊंचेपन की भावना के कारण वह किसी को कुछ नहीं समझता। यही भाव अभिमान है जो उसके रोम-रोम से दिखाई देता है। इस स्थिति में शेष लोग उसके लिए अवशेष हो जाते हैं। सिक्खों के पंचम गुरु अर्जन देव जी ने अपनी रचना में ऐसे लोगों को मूर्ख, अंधा व अज्ञानी माना है। जब ऐसी स्थिति आ जाती है तो वह अराजक होकर अत्याचार पर उतारू हो जाता है। गरीब और कमजोर उसके शिकार होते हैं। गुरु अर्जन देव ने अपने समय में ऐसे अत्याचारों को देखा और सामना भी किया। उनके अनुसार व्यक्ति कितना भी ऊंचा क्यों न हो जाए, अभिमान उसका नाश करके ही छोड़ता है। हृदय में गरीबी यानी विनम्रता का वास जरूरी है। इससे सारे लोकों में सुखों की प्राप्ति होती है। उन्होंने इन पवित्र विचारों को अपनी कालजयी रचना सुखमनी साहिब में यूं लिखा है-जिस कै हिरदै गरीबी बसावै। नानक ईहा मुकतु आगै सुखु पावै। वास्तव में अभिमान निर्माण का नहीं, विनाश का लक्षण है। व्यक्ति स्वयं को महत्ता देने लगता है। अपनी अराजकता से वह आस-पास के लोगों को भी संप्रमित कर देता है। इसी आग में विकास डूबकर विनाश में परिवर्तित हो जाता है। प्राचीन काल में रावण, कंस, कौरव आदि अभिमान के ही मिथ्या जाल में फंसे थे। धार्मिक हों या राजनीतिक, आज भी कई समूह उसी राह पर बढ़ रहे हैं। अभिमान इन्हें गिरावट का ही ग्राफ दिखा रहा है, बढ़ने का नहीं। गुरु अर्जन देव के अनुसार अगर ऐसे विनाशकारी भाव से बचना है तो अपने आचार-व्यवहार में नम्रता को प्रथम स्थान देना होगा। उन्होंने आगे नम्रता को लाने का उपाय भी बताया है। अमीरी हो या गरीबी, हर हाल में व्यक्ति को उस अकाल शक्ति के निकट स्वयं को महसूस करना चाहिए-सदा निकटि निकटि हरि जानु। हर मनुष्य का कर्तव्य बनता है कि जिस अकाल शक्ति से उसकी उत्पत्ति हुई है वह स्वयं को उसके साथ जुड़ा रखे। यह भाव व्यक्ति को ईश्वर के प्रति कृतज्ञ होना सिखाता है, जिससे विनम्रता का जन्म होता है।

# क्रिकेट की विश्वगुरु टीम को सलाम

- राकेश अचल



एक लम्बे अरसे से न क्रिकेट का खेल देखा और न इसके बारे में लिखा। वैसे भी क्रिकेट के बारे में मेरा ज्ञान लगभग शून्य ही है। एक जमाना था जब जनसत्ता के हमारे सम्पादक स्वर्गीय प्रभाष जोशी ने मुझसे क्रिकेट के ग्वालियर में हुए अनेक अंतर्राष्ट्रीय मैचों का कव्हरेज जबरन कराया था। शनिवार की रात अमेरिका में टी-20 क्रिकेट का फाइनल देख रहे मेरे बेटे ने मुझे एक बार फिर खेल देखने के लिए प्रेरित किया और युगों बाद मैंने न केवल पूरा मैच देखा बल्कि उन स्वर्णिम क्षणों का साक्षी भी बना जो हर हिंदुस्तानी के लिए गौरव के क्षण कहे जा सकते हैं। दरअसल पिछले अनेक वर्षों से सम-सामयिक विषयों पर लिखते-लिखते मेरी खेलों से रूचि लगभग समाप्त हो गयी थी। खेलों में राजनीति ने भी इसमें अपनी भूमिका निभाई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पर थैली शाहों के बेटों को देखकर क्रिकेट के भाग्य पर तरस आता है। आप आश्चर्य करेंगे कि मै अभी तक अपने शहर में बनाये गए नए क्रिकेट स्टेडियम को देखने तक नहीं गया ,क्योंकि हमारे यहां भी क्रिकेट एक परिवार की दासी बनी हुई है। लेकिन शनिवार की रात मुझे लगा कि हम भले ही राजनीति में विश्व गुरु न बने हों किन्तु क्रिकेट के खेल में तो आज विश्व गुरु हैं ,और इसका श्रेय किसी मोशा की जोड़ी को नहीं बल्कि उन क्रिकेटरों को जाता है जो सचमुच भारत के मान-सम्मान के लिए खेलते हैं। फाइनल मैच की कमेंट्री पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू कपिलशर्मा शो के जज की ही तरह फुल फार्म में कर रहे थे। चूंकि भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया था इसलिए मुझे भी मैच ने बाँध लिया। एक लम्बे अरसे बाद मुझे चौके और छक्के देखने का रोमांच हुआ। मैच में हालांकि रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार यादव इस मैच में बड़ी पारी नहीं खेल सके ,मगर उसके बार विराट कोहली और अक्षर पटेल के बीच 72 रन की साझेदारी ने टीम इंडिया की मैच में वापसी कराई। अक्षर पटेल ने 31 गेंद में 47 रन और विराट कोहली ने 59 गेंद में 76 रन की पारी खेली. शिवम दुबे ने भी 16 गेंद में 27 रन की पारी खेलकर भारत को 176 रन तक पहुंचने में मदद क। नवजोत सिंह का अनुमान था कि भारत 180 रन का लक्ष्य पार कर लेगा लेकिन भारत ये लक्ष्य पाने से 4 कदम पीछे रह गया। अमूमन रात को 10 बजे सो जाने वाले इस बन्दे ने पूरे साहस के साथ फाइनल मैच देखा। मेरे ख्याल से दक्षिण अफ्रीका के लिए शुरूआत अच्छी नहीं रही क्योंकि रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडन मार्करम चार-चार रन बनाकर आउट हो गये। लेकिन क्विंटन डी कॉक और ट्रिस्टन स्टब्स ने 68 रन की साझेदारी करके दक्षिण अफ्रीका की मैच में वापसी करवाई बल्कि मैच के रोमांच को भी बनाये रखा। स्टब्स ने 21 गेंद में 31 रन और डी कॉक ने 31 गेंद में 39 रन की पारी खेली। हेनरिक क्लासेन तब बैटिंग के लिए क्रीज पर उतरे जब दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 3 विकेट पर 70 रन बना लिए थे। क्लासेन ने यहां से ताबड़तोड़ बैटिंग शुरू की और उन्होंने मात्र 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 2 चौके और 5 छक्के लगाकर अपना अर्धशतक पूरा कर दिखाया। क्लासेन ने 27 गेंद में 52 रन बनाए। 15वें ओवर में क्लासेन ने अक्षर पटेल के 24 रन बटोरे जहां से मैच पूरी तरह पलटा हुआ नजर आने लगा था। भारत ने गेंदबाजी के दम पर वापसी की वो भी आखिरी 4 ओवरों में जैसा कि आप सभी ने देखा होगा कि 16 ओवर के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट के नुकसान पर 151 रन बना लिए थे। अफ्रीका को आखिरी 4 ओवर में जीत के लिए 26 रन बनाने थे। 17वें ओवर की पहली ही गेंद पर हार्दिक पांड्या ने क्लासेन को आउट कर दिया। अगले 2 ओवरों में सिर्फ 6 रन आए। 19वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने केवल 4 रन दिए, जिससे मैच का रुख भारत की ओर हो गया। आखिरी ओवर में हार्दिक पांड्या ने केवल 8 रन देकर भारत की 7 रन से जीत सुनिश्चित की। पूरे सत्रह साल बाद मिली इस विजय से मुझे एक बार लगा कि जैसे ये एक सपना है ,लेकिन बारबाडोस से लेकर दिल्ली और ग्वालियर में जब आधी रात को जश्न शुरू हुआ तो यकीन करना ही पड़ा कि हम क्रिकेट के विश्व गुरु फिर बन गए हैं। इतना जश्न देश में एनडीए गठबंधन की सरकार के तीसरी बार सत्ता में वापस लौटने के बाद भी शायद नहीं मनाया गया था। दरअसल खेलों में खिलाडी पुरुषार्थ दिखाते हैं। खेलों में अदावत नहीं होती ,प्रतिस्पर्द्धा होती है। खेलों में कोई फैसला संसद की तरह ध्वनिमत से नहीं होता। मै भारतीय क्रिकेट टीम की इस महान उपलब्धि से गदगद हूँ। मै हमेशा ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ की वो हमारे देश की सियासत को अदावत से बचाकर उसमें प्रतिस्पर्द्धा और खेल की भावना भर दे। सियासत में भी नेता अपनी पारी समाप्ति की घोषणा खुद करें। कब्र में पैर लटकने तक कुर्सी से चिपके न रहें। खेलों से सीखें कि नयी पीढ़ी के लिए पुरानी पीढ़ी कैसे रास्ता छोड़ती है ? भारतीय राजनीति को क्रिकेट के विराट कोहली चाहिए रोम के नीरो नहीं पूरी भारतीय टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई ,क्योंकि वर्षों बाद हम भारतीयों का सीना एक बार फिर 56 इंच का हुआ है।

# असुविधा की सड़कों का टोल-टैक्स ज्यादती है

- ललित गर्ग

बेहतर सेवाओं के नाम पर सरकारें कई तरह के शुल्क वसूलती है, इसमें कोई आपत्ति एवं अतिश्योक्ति नहीं है। लेकिन सेवाएं बेहतर न हो फिर भी उनके नाम पर शुल्क या कर वसूलना आपत्तिजनक एवं गैरकानूनी है। यह एक तरह से आम जनता का शोषण है, धोखाधड़ी है। राजमार्ग एवं अन्य मार्गों पर बेहतर एवं सुविधाजनक सड़कों के नाम पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूला जाता है, लेकिन विडम्बना एवं त्रासदी यह है कि टूटी-फूटी सड़कों के नाम पर भी टोल वसूला जाता है, जो अन्यायपूर्ण एवं आपत्तिजनक है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के हालिया बयान में जनता के इस बड़े होते दुःख, धोखाधड़ी एवं शोषण पर न केवल दुःख जताया बल्कि ऐसी जबरन की जा रही वसूली को रोकने के लिये अधिकारियों को चेताया है। अपनी बात को बेबाकी से कहने वाले नितिन गडकरी ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सड़कें अच्छी हालत में न हों और लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो, तो राजमार्ग पर एजेंसियों द्वारा टोल टैक्स वसूलने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि टोल टैक्स वसूलने से पहले हमें अच्छी सेवाएं देनी चाहिए। लेकिन हम अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये टोल टैक्स वसूलने की जल्दी में रहते हैं। रोड टैक्स का उपयोग राज्य के भीतर सड़कों के रखरखाव और विकास के लिए किया जाना चाहिए न कि सरकार की आमद को बढ़ाने के लिये। ऐसे अनेक उदाहरण है कि बिना सुविधा एवं आवश्यकता के भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है। राज्य सरकारें भी स्वतंत्र रूप से टोल वसूलती है। दूसरी ओर, टोल टैक्स एक उपयोगकर्ता शुल्क है जिसे वाहन मालिकों को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या निजी ठेकेदारों को कुछ टोल सड़कों, जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेसवे, पुल और सुरंगों का उपयोग करने के लिए देना पड़ता है। जो अन्य सड़कों की तुलना में इन सड़कों को उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों की माना जाता है। निश्चित रूप से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क-क्रांति की है बल्कि व्यवस्था की खामियों को सुधारने के भी सराहनीय प्रयास किये हैं। किसी देश को विवेकपूर्ण, बेहतर सुविधाओं एवं विकास के नये मानकों के साथ चलाने के लिए सरकार को पात्र नागरिकों से बेहतर सुविधाओं के लिये कर एकत्र में कोई ऐतराज नहीं है; लेकिन सड़कें हो या अन्य सुविधाएं, अच्छी नहीं होने पर भी टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने पर उपभोक्ता स्वयं को ठगा हुआ एवं शोषित महसूस करता है, जिसके कारण टोल टैक्स या अन्य टैक्स वसूलने वाली एजेन्सियों के खिलाफ शिकायतें बढ़ती जा रही है। टोल टैक्स प्रणाली सरकार या निजी ठेकेदारों के लिए राजस्व सृजन का स्रोत नहीं होनी चाहिए, बल्कि जनता के लिए बेहतर और सुरक्षित सड़कें उपलब्ध कराने का साधन होनी चाहिए। निश्चित तौर पर गुणवत्ता की सेवा दिए बिना कोई टैक्स वसूलना उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी एवं अन्याय है। यह बात हर सरकारी व निजी महकमे पर भी लागू होती है। लेकिन यथार्थ में ऐसा होता नहीं है और बेहतर सेवा के बिना टैक्स वसूलने की स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही है। इन स्थितियों को लेकर आम जनता एवं उपभोक्ताओं में विरोध एवं विद्रोह पनप रहा है, इसलिये सरकार एवं ऐसी एजेन्सियों के खिलाफ लोग लोक अदालतों से लेकर विभिन्न अदालतों के दरवाजे खटखटाते रहते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** आज आपको भाग्?य का पूरा साथ मिलेगा। घर के लिए कुछ नई चीजों की खरीद करें।

**तुला** आज भाग्य साथ देगा और आपको करियर में सफलता मिलने के योग हैं।

**वृषभ** करियर के मामले में लाभ होगा और आपके द्वारा जीविका के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास सफल होंगे।

**वृश्चिक** आज भाग्य साथ दे रहा है और आज आपका पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**मिथुन** आज करियर के मामले में लाभ होगा और आज आपकी व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**धनु** आज करियर में लाभ होगा और आर्थिक मामलों में सफलता मिलने के योग हैं।

**कर्क** आज करियर में सफलता का दिन है और आपके धन में वृद्धि होने से आपके जमा कोष में वृद्धि होगी।

**मकर** दिन सफलता से भरा होगा। आपकी व्यावसायिक योजनाओं को बल मिलेगा।

**सिंह** आज आपको रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। आपके पराक्रम में वृद्धि होगी।

**कुंभ** करियर में लाभ होगा और आज रोजगार पाने के लिए चल रही आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**कन्या** आज आप कुछ जरूरी कार्य पर खर्च करेंगे और आपकी कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मीन** आज आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रोजगार के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे।

## विशेष

### पेपर लीक मामला सरकार के गले की हड्डी बना

मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ। एक लाख विद्यार्थियों को 620 से लेकर 720 नंबर मिले। लगभग 67 छात्रों को सो फीसदी अंक मिले। मेडिकल की एक लाख सीट है। इसमें हजारों करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ। इसके बाद यह मामला तूल पकड़ गया। पिछले वर्षों में 70 से अधिक पेपर लीक हुए हैं। इसमें डबल इंजन की सरकार सबसे ज्यादा बदनाम हुई है। नीट की परीक्षा में 24 लाख विद्यार्थी बैठे थे। करोडों लोग इसे प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। अब यह मामला आंदोलन के रूप में सामने आ रहा है। इसमें जो पुराने पेपर लीक हुए हैं। वह भी सरकार के गले में हड्डी बन रहे हैं।

### बारिश ने तोड़ा भाजपा और आम आदमी पार्टी का अहंकार

शुक्रवार की सुबह हुई बारिश में दिल्ली पूरी तरह से डूब गई। पानी को लेकर पिछले 15 दिनों से भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी एक दूसरे के खिलाफ आंदोलन प्रदर्शन कर रहे थे। लेकिन दिल्ली की जनता को पानी नहीं मिला था। प्यासी जनता यहां से वहां भटकती रही। इंद्रदेव ने दोनों पर्टियों के घमंड को न केवल तोड़ा है। बल्कि दिल्ली को पानी पानी कर दिया है। साथ में यह भी समझा दिया है, पानी की कदर करो और जनता की कदर करो। आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी, के राज में दिल्ली दरिया बन गई है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1499: तुर्की और वेनिस में युद्ध भड़का. 1535: इंग्लैंड में सर थामस पर राजद्रोह का मुकदमा शुरू हुआ. 1784: हैदर अली और अंग्रेजों के बीच पोटो नोवो की लड़ाई हुई. 1840: नेपोलियन बोनापार्ट के दबाव में हालैंड नरेश लुई ने गद्दी छोड़ी. 1839: तुर्की के बेड़े ने सिकंदरिया में मिस्त्र के मेहनत अली के आगे हथियार डाल दिए. 1862: कोलकात्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ. 1862: डॉ. विधानचंद्र राय का जन्म हुआ. 1909: क्रांतिकारी मदनलाल ढींगरा ने लंदन में विलियम विलो और डॉ.लाल काका को गोली मार दी. 1940: दक्षिण अफ्रीका संघ ब्रिटिश साम्राज्य का अंग बना. 1926: दक्षिण अंगोला सीमा पर विवाद इंग्लो पुर्तगाली समझौता हुआ. 1934: कोरिया में चीन विरोधी दंगे भड़के.

## दैनिक पंचांग

1 जुलाई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




**सोमवार** 2024 वर्ष का 183 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 10.27 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 06.26 बजे को समाप्त। **योग** सुकर्मा 13.42 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 10.27 बजे तदनन्तर बव 21.33 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 05' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872027 **जूलियन दिन** 2460492.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जिल्हेतारीख 24 **विशेष** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस, राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस, चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.28 बजे से |
| चंद्र | मेष में | सिंह | 08.44 बजे से |
| मंगल | मेष में | कन्या | 10.56 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.06 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृश्चिक | 15.21 ब.से |
| शुक्र | मिथुन में | धनु | 17.37 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.42 बजे से |
| राहु | मीन में | कुंभ | 21.29 बजे से |
| केतु | कन्या में | मीन | 23.02 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | मेष | 00.32 बजे से |
| | | वृष | 02.12 बजे से |
| | | मिथुन | 04.10 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore








> हल्दी एक जिन्जीबरेशी कुल का पौधा है। इसका उपयोग विभिन्न प्रकार की औषधियों, मसाला, रंग सामग्री, उबटन एवं विभिन्न धर्मानुष्ठानों में किया जाता है। हल्दी की उत्पत्ति स्थान भारत ही माना जाता है। भारत, विश्व में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक एवं उपभोक्ता देश है।

# औषधीय गुणों से भरपूर हल्दी

## जलवायु

हल्दी की फसल के लिये गर्म एवं तर जलवायु की आवश्यकता होती है। हल्दी की बुवाई, अंकुरण एवं जमाव के समय अपेक्षाकृत कम वर्षा एवं पौधों में वृद्धि के समय अधिक वर्षा उपयुक्त रहती है। इसकी खेती हेतु 20–25 डिग्री सेंटीग्रेड और वार्षिक वर्षा 1500 मिमी आवश्यक है।

## उन्नत किस्में

प्रजाति, सुवर्णा, सुगुणा, सुदर्शना, कृष्णा, सुगंधम रोमा20.7, सुरोमा, रंगा 29.0, रश्मि 31.3

## खेत की तैयारी

खेत की गहरी जुताई करके खेत की अच्छी तैयारी कर लें ताकि मिट्टी भुरभुरी हो सके जिससे गांठों का विकास अच्छा हो सके। 50 सेमी की दूरी पर मेढ़ बनायी जाती है।



## बुवाई का समय

जलवायु, किस्म एवं सिंचाई की सुविधानुसार इसकी बुवाई 15 मई से 15 जून के मध्य की जा सकती है।

## बीज मात्रा

बीज की मात्रा, बुवाई की विधि एवं गांठों के आकार पर निर्भर करती है। हल्दी की बुवाई हेतु 20–25 क्विंटल/ हेक्टेयर गांठों की आवश्यकता होती है।



## बीजोपचार

मैंकोजेब 3 ग्राम/ लीटर या रिडोमिल 3 ग्राम/ लीटर पानी के घोल में कंदों को 30 मिनट तक डुबोकर रखें। सुखाने के बाद बुवाई के काम में लें।

## बुवाई

बुवाई हेतु हल्दी की सुविकसित गांठों वाले कंदों का प्रयोग करते हैं। बुवाई मेढ़ बनाकर करते हैं। कतार से कतार की दूरी 50–60 सेंमी तथा पौधे से पौधे की दूरी 25 सेमी रखें।

## खाद एवं उर्वरक

खेत की तैयारी के समय 40 टन/ हेक्टेयर गोबर की सड़ी खाद का प्रयोग करें। हल्दी हेतु 130 किग्रा, यूरिया, 313 किग्रा फास्फोरस 130 किग्रा पोटाश प्रति हैक्टेयर की आवश्यकता होती है। फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा बुवाई के समय दें। तथा नत्रजन की आधी मात्रा बुवाई के 40 दिन बाद एवं शेष आधी मात्रा 90 दिन बाद खेत में डालें। बुवाई के तुरंत बाद सूखे पत्तों से खेत में पलवार बिछा दें।

## सिंचाई एवं निंदाई गुड़ाई

पहली सिंचाई बुवाई के तुरंत बाद तथा इसके बाद आवश्यकतानुसार सिंचाई की जा सकती है। खेत में आवश्यकतानुसार 40 दिन व 90 दिन पर निंदाई गुड़ाई करके पौधों पर मिट्टी चढ़ायें

## खुदाई एवं उपज

हल्दी की फसल 7 से 9 महीने में जब पत्तियां पीली होकर सूखने लगें तो खोदने लायक हो जाती है। खुदाई करते समय ध्यान रखें कि प्रकंद न कटें, न छीलें और न ही भूमि में रहें। कटाई के समय खेत में नमी न हो तो हल्दी सिंचाई कर दें। प्रकंदों को निकालने के बाद ऊपर की पत्तियां आदि काट कर अलग कर देते हैं व प्रकंदों को पानी से धोकर साफ कर देते हैं। प्रकंदों की औसत उपज 200 से 300 क्विंटल/ हेक्टेयर प्राप्त हो जाती है। इसकी सूखी हल्की किस्म के अनुसार 15–30 प्रतिशत तक प्राप्त होती है।

## बीज प्रकंदों का भण्डारण

बीज प्रकंदों का भंडारण हवादार कमरों में पत्तों से ढंककर करते हैं। बीज राइजोम को गड्ढ़ों में लकड़ी का बुरादा, रेत आदि रखकर भी भण्डारण किया जा सकता है। इन गड्ढों को लकड़ी के फंटों से ढ़क देते हैं। स्केल ग्रसित प्रकंदों को 15 मिनट तक क्विनॉलफॉस 2 मिली/ लीटर पानी तथा कवक ग्रसित राइजोम को मैंकोजैब या रिडोमिल 3 ग्राम/ लीटर पानी के घोल से उपचारित करने के बाद भण्डारण करते हैं।

## हल्दी का प्रक्रियाकरण

### हल्दी को उबालना

प्रकंद पुंज से गांठों को अलग करके उनको 1 घंटे तक पानी में उबाला जाता है। उबालते समय सोडियम बाईकार्बोनेट या सोडियम कार्बोनेट 100 ग्राम प्रति 100 लीटर पानी में उपयोग किया जाता है। उबालने के लिए गैल्बनाइज्ड तांबा या लोहे की कड़ाई या मिट्टी के पात्रों का प्रयोग किया जा सकता है।

### सुखाना

उबले हुए कंदों को घास की चटाई या दरी आदि पर 5–7 सेमी मोटी परत बनाकर 10–15 दिनों तक धूप में सुखाया जाता है। किस्म के अनुसार सूखने पर हल्की 15–30 प्रतिशत रह जाती है।

### हल्दी की पॉलीशिंग

सूखने के बाद प्राप्त हल्दी ज्यादा लुभावनी नहीं लगती है अतः इसके बाहरी आवरण को चमकाया जाता है। हल्दी की पांलिशिंग हेतु मानवीय विधि के तहत कंक्रीट के फर्श पर इनको रगड़ा जाता है। हल्दी की पॉलिशिंग हेतु घुमावदार ड्रम प्रयोग किये जाते हैं। इसके लिए हस्त चलित या मशीनों से चलाये जाने वाले ड्रम/ पॉलिशर भी प्रचलन में है। इन ड्रमों को घुमाने से हल्दी की गांठे आपस में घर्षण करती है जिससे पॉलिश की प्रक्रिया पूर्ण होती है।

### हल्दी की रंगाई

हल्दी का अच्छा मूल्य लेने के लिए अच्छा रंग आवश्यक है, इसके लिए पॉलिशिंग के आखिरी चरण में हल्दी की सूखी गांठों में 2 किग्रा/ क्विंटल की दर से हल्दी पावडर मिलाया जाता है। तैयार हल्दी को बोरे में भरकर नमी रहित गोदाम में रख देते हैं।



# कॉरपोरेट की नौकरी छोड़कर खेती की राह पकड़ी, आज 1.5 करोड़ है सालाना टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉरपोरेट की नौकरी छोड़कर खेती-किसानी का रुख करना आसान नहीं था लेकिन छत्तीसगढ़ की स्मारिका चंद्राकर ने साबित कर दिया कि खेती से भी प्रॉफिट कमाया जा सकता है। स्मारिका ने पांच साल पुणे में कॉरपोरेट जगत में काम करने के बाद खेती का रुख किया और आज उनका सालाना टर्नओवर 1.5 करोड़ रुपये है। उनके खेतों में 125 लोगों को रोजगार मिला है और वह उपज बढ़ाने के लिए एडवांस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करना चाहती हैं। उनका कहना है कि लोगों में यह धारणा है कि खेती से प्रॉफिट नहीं कमाया जा सकता है। लेकिन यह सच्चाई नहीं है। उन्होंने खुद दुनिया को दिखाया है कि खेती से भी पैसा कमाया जा सकता है।

एमबीए ग्रेजुएट स्मारिका का संबंध छत्तीसगढ़ के चारमुडिया गांव के एक किसान परिवार से है। उनका बचपन गांव में धान के खेतों के बीच गुजरा जहां उन्होंने अपने पिता और दादा से जीवन और खेती बाड़ी का ककहरा सीखा। रायपुर से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग करने के बाद उन्होंने पुणे से एमबीए किया। पुणे में पांच साल तक बिजनस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के तौर पर



काम करने के बाद उन्होंने रायपुर में अपने परिवार के करीब जाने का फैसला किया। वीकेंड पर वह अक्सर खेतों में जाया करती थीं। उन्होंने धान की खेती की बारीकियां सीखने लगीं। इस दौरान अक्सर उपज और प्रॉफिट बढ़ाने पर चर्चा होती।

### 1.5 करोड़ रुपये का टर्नओवर

स्मारिका ने महसूस किया कि धान के बजाय सब्जियों की खेती ज्यादा मुनाफे वाली हो सकती है। उन्होंने धीरे-धीरे इस पर काम करना शुरू किया। इसका परिणाम शानदार रहा। 2021 में उन्होंने नौकरी छोड़कर खेती का रुख किया और 20 एकड़ से अधिक जमीन पर सब्जी उगानी शुरू कर दी। पिछले तीन साल में उन्हें हर एकड़ में करीब 50 टन टमाटर की पैदावार हासिल की। पिछले फाइनेंशियल ईयर में उनका टर्नओवर 1.5 करोड़ रुपये रहा। उनके खेतों में उगने वाले टमाटर विशाखापटनम, पटना, कोलकाता, दिल्ली, बेंगलुरु और कई दूसरे शहरों को भेजे जाते हैं।

स्मारिका ने एक इंटरव्यू में कहा कि पहले उन्होंने गोबर और वर्मिकोपोस्ट से मिट्टी में सुधार किया। उसके बाद सिंचाई की व्यवस्था को दुरुस्त किया। इसका नतीजा यह हुआ कि पहले साल में ही उन्हें प्रति एकड़ करीब 50 टन टमाटर की फसल मिली। टमाटर के अलावा वह लौंकी, खीरे और बैंगन की भी खेती करती हैं। उन्होंने कहा कि धान की खेती तो साल में केवल दो बार हो सकती है लेकिन सब्जियां कई बार उगाई जा सकती हैं। इससे ज्यादा मुनाफा कमाया जा सकता है। स्मारिका अभी 20 एकड़ में खेती कर रही हैं लेकिन आने वाले दिनों में उनकी योजना और 15 एकड़ जमीन में खेती करने की है। स्मारिका के पिता और भाई भी खेती में उनकी मदद करते हैं।

# दुनियाभर में बंद कोका-कोला का बॉटलिंग इन्वेस्टमेंट ग्रुप




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़ी बेवरेज कंपनियों में से एक कोका-कोला ने अपने बॉटलिंग इन्वेस्टमेंट ग्रुप को बंद करदिया है। इसके तहत अमेरिका की यह कंपनी भारत सहित दुनियाभर में अपने बॉटलिंग परिचालन का संचालन करती है। कोका-कोला के इंटरनेशनल डेवलपमेंट प्रेजिडेंट हेनरिक ब्राउन ने एक आंतरिक नोट में कहा कि बीआईजी का कॉर्पोरेट कार्यालय 30 जून को बंद हो गया। उन्होंने कहा कि बॉटलिंग इन्वेस्टमेंट ग्रुप का हेडक्वार्टर बंद करने और हमारे शेष बॉटलिंग निवेशों की अधिक सुव्यवस्थित तरीके से निगरानी करने के लिए यह सही समय है। नोट में कहा गया है कि भारत, नेपाल और श्रीलंका कोका-कोला के आंतरिक बोर्ड की निगरानी में रहेंगे। यह कदम सीधे तौर पर भारत को प्रभावित करेगा, क्योंकि कोका-कोला इंडिया की पूर्ण स्वामित्व वाली बॉटलिंग कंपनी हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेज सीधे तौर पर बीआईजी के कंट्रोल में थी।

ईटी ने 18 जून को खबर दी थी कि कोका-कोला ने एचसीसीबी में माइनोरिटी स्टेक बेचने के लिए कम से कम चार बड़े भारतीय व्यापारिक घरानों और उनके पारिवारिक कार्यालयों से संपर्क किया है। यह कदम कंपनी के आईपीओ से पहले वैल्यू अनलॉक करने के लिए है। रविवार से कोका-कोला के बॉटलिंग निवेश और ऑपरेशन का मैनेजमेंट एक आंतरिक बोर्ड के माध्यम से किया जाएगा। यह बोर्ड बॉटलिंग बिजनस के प्रदर्शन और रणनीति पर नजर रखेगा। बोर्ड की अध्यक्षता ब्राउन करेंगे। इसमें वैश्विक कार्यों का प्रबंधन करने वाले वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इनमें मोनिका हॉवर्ड डगलस, मूरत ओजगेल, एनरिक रापेटी, तपस्वी चंदेले और जॉन मर्फी शामिल हैं। ब्राउन ने नोट में कहा कि इस फैसले का मकसद निर्णय लेने की प्रक्रिया और अधिक सरल बनाना तथा सभी बाजारों में क्षमताओं को मजबूत करना है।

**भारत में बिजनस-** हाल के महीनों में, कोका-कोला ने कई तरह के ट्रांजैक्शंस की घोषणा की है, जिससे बॉटलिंग इन्वेस्टमेंट ग्रुप का प्रभाव काफी कम हो गया है। कंपनी की योजना ब्रांड बिल्डिंग, बाजार में प्रवेश, इनोवेशन और प्रतिस्पर्धी रणनीति पर अधिक फोकस करने की है। यही वजह है कि कंपनी बॉटलिंग ऑपरेशन को बेचने की तैयारी में है। जनवरी में, एचसीसीबी ने देश के उत्तरी, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कंपनी के स्वामित्व वाले कुछ बॉटलिंग ऑपरेशन अपने तीन मौजूदा फ्रैंचाइजी बॉटलर मून बेवरेजेज, एसएलएमजी बेवरेजेज और कंधारी ग्लोबल बेवरेजेज को बेच दिए थे। कंपनी ने कहा था कि इन बॉटलिंग ऑपरेशन को रिफ्रैंचाइज करने से उसे 293 मिलियन डॉलर का फायदा हुआ। एचसीसीबी अब 16 प्लांट्स का संचालन कर रही है, जो मुख्य रूप से पश्चिम और दक्षिण भारत में फैले हुए हैं।

2006 में, कोका-कोला ने अपनी कंपनी के स्वामित्व वाले बॉटलिंग ऑपरेशन को एकीकृत कर बॉटलिंग इन्वेस्टमेंट्स ग्रुप का गठन किया था। उस समय उसने कहा था कि इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि बॉटलिंग ऑपरेशन को उचित निवेश और विशेषज्ञता प्राप्त हो। 2022-23 में एचसीसीबी का रेवेन्यू 40 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12,840 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 809.32 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुना है। दुनियाभर में कोका-कोला के बॉटलिंग ऑपरेशन में लिस्टेड और निजी स्वामित्व वाली कंपनियों का मिश्रण है। दुनियाभर में इसके टॉप पांच बॉटलिंग पार्टनर्स ने 2022 में इसके कुल यूनिट केस वॉल्यूम में 42 प्रतिशत का योगदान दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला आयात वृद्धि दर बीते दशक में घटकर 2.5 प्रतिशत से नीचे आई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ऊर्जा सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है। इसका पता इस बात से चलता है कि कोयला आयात में वार्षिक वृद्धि पिछले एक दशक में वित्त वर्ष 2023-24 तक घटकर 2.49 प्रतिशत रह गई है। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2004-05



से 2013-14 तक कोयला आयात की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 21.48 प्रतिशत रही। हालांकि, 2014-15 से 2023-24 तक कोयला आयात की सीएजीआर केवल 2.49 प्रतिशत रही।

बयान के अनुसार, इसके अलावा, वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान आयातित कोयले की हिस्सेदारी का सीएजीआर 13.94 प्रतिशत था। जबकि, पिछले दशक के दौरान यह आंकड़ा गिरकर शून्य से नीचे लगभग 2.29 प्रतिशत हो गया।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि घरेलू कोयला संसाधनों के अनुकूलन और नवीन तकनीकी समाधानों का लाभ उठाने पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करते हुए देश ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भरता की ओर अपनी यात्रा जारी रख रहा है। बयान के अनुसार, विश्व में पांचवें सबसे बड़े कोयला भंडार से संपन्न भारत इस ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है।

### एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी के नाम की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र के तहत एक स्वायत्त निकाय वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंध निदेशकों में से एक चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी के नाम को बैंक के अगले अध्यक्ष के रूप में नामित करने की सिफारिश की है। एफएसआईबी ने शनिवार को पद के लिए



तीन उम्मीदवारों के साथ बैठक के बाद भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अध्यक्ष पद के लिए चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी के नाम की सिफारिश की। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों के लिए काम करने वाली एफएसआईबी ने एक बयान में कहा, इंटरफेस में उनके प्रदर्शन, उनके समग्र अनुभव और मौजूदा मापदंडों को ध्यान में रखते हुए ब्यूरो ने एसबीआई में चेयरमैन पद के लिए चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी के नाम की सिफारिश की गई है। एफएसआईबी ने एसबीआई चेयरमैन के पद के लिए 29 जून को तीन उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। वर्तमान चेयरमैन दिनेश खारा 28 अगस्त को 63 वर्ष के होने पर सेवानिवृत्त होंगे। दावेदारों में सेट्टी एसबीआई में लगभग 36 वर्षों की सेवा के साथ सबसे वरिष्ठ हैं। एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए जिन अन्य दो एमडी का साक्षात्कार लिया गया, उनमें अश्विनी कुमार तिवारी और विनय एम टोंसे शामिल हैं। सरकार ने 1988 बैच के आईआरएस अधिकारी रवि अग्रवाल को सीबीडीटी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। सरकार के इस कदम का उद्देश्य आर्थिक चुनौतियों के बीच कर प्रशासन दक्षता को बढ़ाना और अनुपालन को बढ़ावा देना है।

# चीन से आ रहे सस्ते माल ने बढ़ाई देश की चिंता, एक्शन में मोदी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरकार की देश को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिशों के बावजूद चीन से आयात बढ़ता जा रहा है। खासकर चीन से स्टील के आयात में हाल में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली है। मार्च में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में भारत स्टील का नेट इम्पोर्टर बन गया और यह ट्रेंड नए फाइनेंशियल ईयर में भी जारी दिख रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल और मई में चीन से फिनिश्ड स्टील का इम्पोर्ट पांच साल का उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक घरेलू स्टील इंडस्ट्री ने इस पर चिंता जताई है। उसके बाद मोदी सरकार एक्शन मोड में है। सूत्रों के मुताबिक चीन से सस्ते आयात से निपटने के लिए स्टील और इंडस्ट्री मिनिस्ट्रीज के बीच बातचीत चल रही है।

भारत ने अप्रैल और मई के बीच 1.1 मिलियन मीट्रिक टन तैयार इस्पात का आयात किया, जो एक साल पहले की तुलना में 19.8 प्रतिशत अधिक है। एक सूत्र ने कहा कि स्टील मंत्रालय ने बढ़ते आयात के बारे में कॉमर्स मिनिस्ट्री को अवगत कराया है। उद्योग ने इसकी जांच की मांग की है। सूत्र ने कहा कि सरकार चीन से हो रहे सस्ते आयात पर नजर रख रहा है।



हाल के महीनों में चीन भारत को स्टील का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर बना हुआ है। टाटा स्टील जैसी प्रमुख भारतीय स्टील कंपनियों ने चीनी आयात पर चिंता जताई है।

भारतीय स्टील इंडस्ट्री ने सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने और इम्पोर्ट टैक्स बढ़ाने की मांग की है। हालांकि इस्पात मंत्रालय ने मजबूत स्थानीय मांग का हवाला देते हुए इस तरह की मांग को नहीं माना है। इससे पहले शनिवार को आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार को बढ़ते आयात के कारण स्टील पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत करने पर विचार करना चाहिए। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के डायरेक्टर एंड वाइस प्रेजिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग) रंजन धर ने कहा कि तुरंत, हमें 12.5 प्रतिशत शुल्क व्यवस्था पर वापस जाना चाहिए, जो पहले थी।

# अनिल अग्रवाल के हाथ अफ्रीका में लगा खजाना, अब रॉकेट बनेंगे वेदांता के शेयर!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरबपति कारोबारी अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाले वेदांता ग्रुप के लिए अफ्रीका से गुड न्यूज आई है। जांबिया की एक अदालत ने एक कॉपर खदान के लेनदारों को बकाया चुकाने की योजना को मंजूरी दे दी है। इससे वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड कोंकोला कॉपर प्रोजेक्ट का कंट्रोल फिर से हासिल कर सकती है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक जांबिया की राजधानी लुसाका की एक अदालत ने शुक्रवार को एक स्कीम ऑफ अरेंजमेंट को मंजूरी दे दी। कोंकोला कॉपर माइंस पीएलसी के लेनदारों ने भी इसका सपोर्ट किया है। इस दक्षिणी अफ्रीकी देश के खान मंत्री पॉल काबुसवे ने फेसबुक पर यह जानकारी दी। वेदांता साल से 2019 से ही इस एसेट को फिर से हासिल करने की कोशिश में लगी है। पिछली सरकार ने इस खान के मालिक पर विस्तार योजनाओं के बारे में झूठ बोलने और बहुत कम टैक्स देने का आरोप लगाते हुए इसे प्रॉविजनल लिक्विडेशन में डाल दिया था।

खदान को फिर से हासिल करने के लिए वेदांता को अब ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं का कर्ज चुकाने के लिए 250 मिलियन जारी करने होंगे। वेदांता का कहना है कि वह भुगतान करने के



लिए पूरी तरह तैयार है। कंपनी ने साथ ही खदान की विस्तार परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अगले पांच साल में .1 अरब का निवेश करने की भी प्रतिबद्धता जताई है। कोंकोला खदान की सालाना उत्पादन क्षमता 300,000 टन है। पिछले महीने दुनिया में कॉपर की कीमत रेकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई थी। यह धातु एनर्जी ट्रांजिशन के लिए अहम है। इस खान का प्रमुख ऑपरेशन कोंकोला डीप जमीन के भीतर एक मील तक फैला हुआ है। यह दुनिया की सबसे गीली खदानों में से एक है। इसे चालू करने के लिए रोजाना 140 ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल के बराबर पानी को सतह पर पंप करने की आवश्यकता होती है।

### निवेशकों की चांदी

वेदांता ग्रुप के शेयरों में इस साल रेकॉर्ड तेजी आई है। इस साल कमाई के मामले में उसने रिलायंस इंडस्ट्रीज , महिंद्रा ग्रुप और टाटा ग्रुप को पीछे छोड़ दिया है। ग्रुप की कंपनियों में वेदांता लिमिटेड और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड शामिल हैं। चालू फाइनेंशियल ईयर में वेदांता ग्रुप के निवेशकों की वेल्थ में काफी इजाफा हुआ है। इस दौरान दोनों कंपनियों का कंबाइंड मार्केट कैप 2.2 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है। आंकड़ों के मुताबिक 28 मार्च से 20 जून के बीच वेदांता समूह के कुल बाजार पूंजीकरण में 2.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई। यह रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा ग्रुप और टाटा ग्रुप जैसे देश के प्रमुख औद्योगिक घरानों के मुकाबले कहीं ज्यादा है।

# केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को मिलेगा 18 महीने का एरियर! पीएम मोदी को मिला प्रपोजल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनर्स को कोरोना महामारी के दौरान 18 महीने का महंगाई भत्ता और महंगाई राहत नहीं मिला था। सरकार ने जनवरी 2020 से जून 2021 तक 18 महीने के लिए डीए और डीआर का भुगतान रोक दिया था।

इससे पहले भारतीय प्रतीक्षा मजदूर संघ के महासचिव मुकेश सिंह ने भी केंद्र सरकार से 18 महीने का रुका हुआ डीए बकाया जारी करने का आग्रह किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में सिंह ने कहा कि जैसे-जैसे हमारा देश महामारी के प्रभाव से धीरे-



धीरे उबर रहा है, उसकी वित्तीय स्थिति में सुधार देखना उत्साहजनक है। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों और पेंशनर्स को 18 महीने के रुके हुए डीए और डीआर का भुगतान किया जाना चाहिए। इससे पहले, लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा था कि कोरोना महामारी से वित्तीय स्थिति पर नकारात्मक असर हुआ था। ऐसी स्थिति में डीए/डीआर का बकाया देना व्यावहारिक नहीं है।

कर्मचारियों और पेंशनर्स द्वारा लगातार इसके भुगतान की मांग की जा रही है। इससे एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स को फायदा होगा। जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी फॉर सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लॉयीज की नेशनल काउंसिल के सेक्रेटरी शिव गोपाल मिश्रा ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पत्र लिखकर कर्मचारियों और पेंशनर्स को 18 महीने का डीए और डीआर देने का आग्रह किया है।

### महंगाई भत्ता क्या है?

केंद्र सरकार के कर्मचारियों का डीए साल में दो बार जनवरी से जुलाई के बीच अपडेट किया जाता है। महंगाई भत्ते की वर्तमान दर को मूल वेतन से गुणा करके डीए का कैलकुलेशन किया जाता है। सरकारी कर्मचारियों और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को डीए और डीआर दिया जाता है। यह कर्मचारियों को उनके रहने के खर्च में मदद करने के लिए दिया जाता है। अगर केंद्र सरकार कर्मचारियों के बकाये भत्ते के भुगतान पर फैसला करती है तो केंद्रीय कर्मचारियों को दो लाख रुपये तक का फायदा होने की उम्मीद है। लेवल-1 के कर्मचारियों का डीए एरियर 11,880 रुपये से लेकर 37,554 रुपये तक है। इसी तरह लेवल-13 के कर्मचारियों को 1,23,100 रुपये से 2,15,900 रुपये तक एरियर मिल सकता है। लेवल-14 के कर्मचारियों को डीए एरियर के रूप में 1,44,200 रुपये से 2,18,200 रुपये तक मिल सकते हैं।

# नई सरकार बनते ही इकॉनमी को नई उड़ान देने की तैयारी, सरकार ने उठाया बड़ा कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीडीपी के लिए अभी आधार वर्ष 2011-12 है और एक सलाहकार समिति ने 2020-21 को नए आधार वर्ष के रूप में अनुशंसित किया था। अब सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने नेशनल अकाउंट्स के लिए बेस ईयर के संशोधन के लिए 26 सदस्यीय पैनल के गठन की अधिसूचना जारी की है। इंस्टीट्यूट ऑफ इकनॉमिक ग्रोथ के पूर्व प्रोफेसर बिस्वंताह गोलदार की अध्यक्षता वाले पैनल को मौजूदा डेटाबेस की समीक्षा करने और नेशनल अकाउंट्स के अनुमानों में सुधार के लिए नए डेटा स्रोतों को शामिल करने पर सलाह देने का काम सौंपा गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि इस समिति का उद्देश्य आर्थिक विश्लेषण और नीति के प्रयोजनों के लिए राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के संकलन और प्रस्तुति के लिए कार्यप्रणाली पर




सलाह देना है।

पैनल नेशनल अकाउंट्स के लिए आधार वर्ष और थोक मूल्य सूचकांक, उत्पादक मूल्य सूचकांक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक जैसे अन्य संबंधित प्रॉडक्ट्स के साथ इसके अलाइनमेंट पर भी सलाह देगा। पैनल को संयुक्त राष्ट्र के ताजा मानकों के कार्यान्वयन और यूएन स्टैटिस्टिक्स डिवीजन द्वारा अनुशंसित नए वर्गीकरण को अपनाने पर भी सलाह देने को कहा है। इस समिति का कार्यकाल पांच वर्ष या नेशनल अकाउंट्स के अगले आधार वर्ष संशोधन के पूरा होने तक, जो भी बाद में हो, होगा। अधिसूचना के अनुसार परिचालन व्यवहार्यता के लिए समिति अधिकतम दो वर्ष के कार्यकाल के साथ विभिन्न पहलुओं पर उप समितियों का गठन कर सकती है।

### कौन-कौन हैं पैनल में

पैनल के अन्य प्रमुख सदस्यों में सीएसओ के पूर्व महानिदेशक जी सी मन्ना, इंस्टीट्यूट ऑफ इकनॉमिक ग्रोथ के निदेशक चेतन घाटे, एनआईबीएम पुणे के निदेशक पार्थ रे, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के आर्थिक अध्ययन और योजना केंद्र के प्रोफेसर सुब्रत गुहा, दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स की प्रोफेसर मौसमी दास, आईआईटी कानपुर के गणित और सांख्यिकी विभाग के डीन शलभ, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर रंजन कुमार साहू, जीएसटीएन के सीईओ, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और एनएसएस के महानिदेशक और अन्य शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फिलीपींस में पटाखा गोदाम में विस्फोट, पांच की मौत, 20 घायल



**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस के जाम्बोआंगा शहर में शनिवार को एक पटाखा गोदाम में हुए शक्तिशाली विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अधिकारियों के हवाले से बताया है कि विस्फोट में गोदाम के पास के घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी नुकसान पहुंचा है। विस्फोट स्थल पर पहुंचे जाम्बोआंगा के मेयर जॉन डेलिप ने संवाददाताओं को बताया कि घटना में पांच लोगों की मौत हो गई, और 20 लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में से आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि विस्फोट में मारे गए लोगों में एक बच्चा भी शामिल है। उन्होंने बताया कि अग्निशमन कर्मी और पुलिस विस्फोट के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### धर्म मेरा मार्गदर्शन करता है, नारायण मंदिर में ऋषि सुनक ने टेका मत्था, चुनावी जीत के लिए मांगा आशीर्वाद

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में आगामी कुछ दिनों के भीतर संसदीय चुनाव होने हैं और ऋषि सुनक की अगुवाई में कंजर्वेटिव पार्टी एक बार पिर जीत का पताका लहराने को बेताब है। हालांकि चुनावी रणनीतिकार चुनाव में विपक्षी दल लेबर पार्टी का पलड़ा भारी बता रहे हैं। इस बीच शनिवार को ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ लंदन के एक हिन्दू मंदिर का दौरा किया। श्री स्वामीनारायण मंदिर में माथा टेकने के बाद सुनक ने अपनी हिन्दू आस्था के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि धर्म हमेशा से मेरा मार्गदर्शन करता है। ब्रिटेन में होने वाले चुनाव के मद्देनजर लंदन में श्री स्वामी नारायण मंदिर पहुंचे ऋषि सुनक ने हिंदू आस्था के बारे में कहा कि यह मेरे लिए प्रेरणा और आराम का स्रोत है। सुनक ने लोगों को संबोधित किया और कहा कि धर्म हमेशा से उनका मार्गदर्शन करता है। चाहे वह निजी जीवन हो या सार्वजनिक। जिंदगी के हर छोर पर धर्म मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत है। सुनक ने कहा, मैं एक हिंदू हूं और आप सभी की तरह, मैं भी अपने धर्म के प्रति विश्वास से प्रेरणा और सांत्वना लेता हूं। मुझे श्रीमद भगवद गीता की शपथ लेकर सांसद बनने पर गर्व है। सुनक ने आगे कहा कि उन्हें हिन्दू होने पर गर्व है। उन्होंने आगे कहा, हमारा विश्वास हमें अपना कर्तव्य करना सिखाता है और जब तक कोई इसे ईमानदारी से करता है तब तक परिणाम के बारे में चिंता नहीं करता। यही वह है जो मुझे हमेशा प्रेरणा देता है। अपने माता–पिता की तरह मैं भी अपना जीवन सादगी से जीने की कोशिश करता हूं और यही वह चीज है जो मैं अपनी बेटियों को बड़े होने पर देना चाहता हूं। यह धर्म ही है जो सार्वजनिक सेवा के प्रति मेरे दृष्टिकोण में मेरा मार्गदर्शन करता है।

### दक्षिणपंथियों की बढ़ती ताकत के बीच फ्रांस में चुनाव, सत्ता में बदलाव के संकेत, मैक्रों की साख दांव पर

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस में आज संसदीय चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान हो रहा है, जिसे बहुमत की आस लगाए बैठे राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के लिए एक परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। मैक्रों के गठबंधन को वामपंथी गठबंधन से मजबूत चुनौती मिल रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद देश में पहली दक्षिणपंथी सरकार बन सकती है, जो यूरोपीय संघ में एक बड़ा बदलाव हो सकता है। इस महीने की शुरुआत में छह जून को यूरोपीय संसद के लिए चुनाव हुए थे। इस दौरान फ्रांस में सबसे चौंकाने वाली राजनीतिक परिस्थितियां थीं। यहां फ्रांस की धुर दक्षिणपंथी नेता मरीन ला पेन की नेशनल रैली ने मैक्रों की पार्टी को जबरदस्त झटका दिया था। इसके बाद ही राष्ट्रपति ने अंतिम नतीजे आने से पहले ही अचानक राष्ट्रीय चुनावों की घोषणा कर सबको हैरान कर दिया था। उन्होंने कहा था, मैंने फैसला किया है कि आप वोट के जरिए अपना संसदीय भविष्य चुने। इसलिए मैं नेशनल असेंबली भंग कर रहा हूं। धुर दक्षिणपंथी पार्टियां हर तरफ आगे बढ़ रही हैं। यह ऐसे हालात हैं, जिन्हे मैं स्वीकार नहीं कर सकता। फ्रांस में भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े 11 बजे से रात में साढ़े नौ बजे तक मतदान होगा। एग्जिट पोल देर रात सामने आ सकता है।

### बेटी की मौत की आरोप में मां गिरफ्तार

**कैरोलिना, एजेंसी।** उत्तर कैरोलिना में एक महिला को उसकी आठ वर्षीय बेटी की कार के अंदर लावारिस हालत में मौत हो गई। इसके बाद महिला को जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाने, हत्या और बाल उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 36 वर्षीय महिला एशली स्टालिंग्स 26 जून को गर्म मौसम के कारण अपनी बेटी को कार में छोड़कर अपने कार्यालय चली गई। उनका कहना है कि उसने कार का एसी चालू छोड़ा था, लेकिन उसे लगा कि उसकी बेटी ने कार बंद कर दी होगी क्योंकि उसे ठंड लग रही थी। उनके कहा कि वह मैसेज में अपनी बेटी से बात कर रही थी। आखिरी मैसेज के लगभग डेढ़ घंटे बाद जब वह कार में पहुंची तो उसने देखा कि उसकी बेटी कार की पीछे की सीट पर बेहोशी की हालत में थी।

# न खामनेई समर्थक जलीली न ही हिजाब विरोधी पजशिकयान, ईरान में किसी को बहुमत नहीं, जुम्मे के दिन फिर चुनाव

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रहीसी की मौत के बाद ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव जारी है। शुक्रवार को हुई वोटिंग में किसी भी उम्मीदवार को बहुमत नहीं मिला है। किसी भी पक्ष को 50 फीसदी वोट नहीं मिलने के कारण अब अगले शुक्रवार फिर से चुनाव होंगे। इस चुनाव में सबसे अधिक वोट हासिल करने वाले सईद जलीली और मसूद पाजशकियान के बीच सीधा मुकाबला होगा। ईरान के आंतरिक मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि 61 मिलियन से अधिक पात्र ईरानियों में से केवल 40 फीसदी लोगों ने मतदान किया, जो देश की क्रांति के बाद से राष्ट्रपति चुनावों में एक नया निचला स्तर है।

**हिजाब विरोधी नेता को ईरानी जनता ने किया सबसे ज्यादा पसंद :** ईरानी चुनाव आयोग से जारी अंतिम आंकड़ों के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव में करीब 2 करोड़ 45 लाख से ज्यादा वोट पड़े। इन वोटों में से 1 करोड़ 4 लाख वोट मसूद पजशकियान को मिले तो वहीं दुसरे नंबर पर खामनेई का समर्थन प्राप्त कट्टरपंथी नेता सईद जलीली रहे जिन्हें 94 लाख वोट मिले। संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर 33 लाख वोट लेकर तीसरे नंबर पर रहे। किसी भी नेता ने 50 फीसदी मत नहीं हासिल किए इसलिए अब 5 जुलाई को एक बार फिर से चुनाव होंगे। 1979 की क्रांति के बाद यह केवल दूसरी बार हुआ है कि राष्ट्रपति का चुनाव दूसरे दौर में गया है। हालांकि इस चुनाव से ईरान की नीतियों में कोई बड़ा बदलाव आने की संभावना नहीं है, लेकिन



इसके नतीजे 1989 से सत्ता में बैठे ईरान के 85 वर्षीय सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के उत्तराधिकार को प्रभावित कर सकते हैं। ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी सर्वोच्च नेता के लिए पहली पसंद माना जा रहा था। अब उनकी मौत के बाद यह चुनाव और भी ज्यादा दिलचस्प हो गया है।

**हिजाब का मुद्दा रहा सबसे ऊपर :** ईरानी मीडिया की रिपोर्टों के मुताबिक इस चुनाव में इस बार नए मुद्दे निकलकर सामने आए हैं। भ्रष्टाटार का मुद्दा, देश की आर्थिक स्थिती, प्रेस की आजादी जैसे मुद्दे छाए रहे, सबसे चौंकाने वाला मुद्दा हिजाब कानून का रहा। 2022 में महीसा अमीनी से शुरू हुआ यह हिजाब विरोधी संघर्ष और उसके बाद सरकार द्वारा किया गया उसका दमन वोटर्स के दिमाग में सबसे बड़ा मुद्दा रहा। हिजाब ईरान में लंबे समय से ईरान में धार्मिक पहचान का प्रतीक रहा है, ईरान में इस्लामिक क्रांति के बाद से हिजाब को एक राजनीतिक हथियार के रूप इस्तेमाल किया जाता रहा है।1979 में क्रांति के बाद से ईरान में जब से हिजाब का कानून लागू हुआ था, तब से महिलाएं अलग-अलग तरह से इशका विरोध करती रही है। ईरान में 6 करोड़ से ज्यादा वोटर्स में आधे से ज्यादा महिलाएं हैं। महिला वोटर्स पर प्रभाव छोड़ने के लिए कट्टरपंथी छवि के नेता मोहम्मद बाकर कालिबाफ ने कुछ दिन पहले कहा था कि हिजाब कानून पर शुरुआत से सोचने की जरूरत है।

**उदारवादी पजशिकयान के आगे बढ़ते ही एकजुट हुए कट्टरपंथी रिवॉल्यूशनरी फोर्स के नेता :** ईरानी उपराष्ट्रपति आमिर हुसैन काजीजादेह हाशमी ने बुधवार को ही अपना नाम वापस ले लिया था। अपने बयान में हाशमी ने कहा कि रिवॉल्यूशनरी फोर्स की एकता को बनाए रखने के लिए उन्होंने यह कदम उठाया है। इसके साथ ही हाशमी ने राष्ट्रपति रेस में शामिल बाकी फोर्स से संबंधित नेताओं से भी आम सहमति बनाने की अपील की थी। उनकी इस अपील के बाद तेहरान के मेयर अली रजा जकानी ने भी राष्ट्रपति चुनाव से अपनी दावेदारी वापस ले ली।

**80 लोगों ने किया था राष्ट्रपति पद के लिए आवेदन लड़े केवल 6 :** ईरानी राष्ट्रपति चुनावों के नियमों के मुताबिक जितने भी प्रत्याशी होते हैं उन सभी के आवेदन को ईरान की गार्जियन काउंसिल के पास भेजा जाता है। काउंसिल की मंजूरी मिलने के बाद ही कोई भी प्रत्याशी चुनाव में खड़ा हो सकता है। इस चुनाव में राष्ट्रपति बनने के लिए 80 लोगों ने आवेदन दिया था इनमें से केवल 6 लोगों को चुनाव लड़ने लायक पाया। इस चुनाव में 7 महिलाओं ने भी राष्ट्रपति बनने के लिए आवेदन दिया था ईरानी चुनाव नियमों के मुताबिक किसी भी उम्मीदवार को 50 फीसदी मत नहीं मिले हैं। ऐसे में सबसे अधिक वोट हासिल करने वाले दो प्रमुख उम्मीदवारों के बीच दोबारा चुनाव होता है। तो ऐसे में अब जलीली और पजशकियान के बीच अगले जुम्मे यानि की 5 जुलाई को फिर से मुकाबला होगा।

### आईसीसी टी20 विश्वकप - कई वैश्विक नेताओं ने भारत को दी जीत की बधाई, श्रीलंका और इस्राइल ने कहा- यह ऐतिहासिक उपलब्धि

**कोलंबो, एजेंसी।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराकर आईसीसी टी20 विश्वकप का खिताब अपने नाम कर लिया। विश्व कप में शानदार जीत पर कई वैश्विक नेताओं ने भारत को जीत की बधाई दी। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा भारत ने दबाव में भी शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं, इस्राइली राजदूत नाओर गिलोन भी भारत की जीत को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। श्रीलंका के विदेश मंत्री साबरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, बधाई हो भारत! दबाव में शानदार प्रदर्शन!। साबरी ने आगे लिखा, भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहला आईसीसी खिताब जीता है। इस जीत के साथ भारत ने 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त कर दिया है।



### उ. कोरिया में लोगों को हर माह जमा करना होगा 10 किलो मल, आदेश ना मानने पर देना होगा 5,000 वॉन

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया में किम जोंग उन की तानाशाही का एक बेहद ही अजीब मामला सामने आया है। हाल ही में जारी एक आदेश में उत्तर कोरिया के लोगों को कहा गया है कि वे हर महीने कम से कम 10 किलो सूखा मानव मल जमा करेंगे और इसे सरकार को देंगे। इस आदेश को नहीं मानने वालों पर 5,000 वॉन (500 रुपये) का जुर्माना लगाया जाएगा। यह आदेश उस घटना के करीब एक महीने बाद आया है, जब किम जोंग ने सीमा पार दक्षिण कोरिया में मल से भरे गुब्बारे भेजे थे। माना जा रहा है कि तानाशाह का यह नया आदेश ऐसी ही शरारत की घटनाओं को फिर से अंजाम देने के लिए है। इस बीच उत्तर कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए के मुताबिक उत्तर कोरिया के लोगों को आदेश दिया गया है कि प्रत्येक घर से 10 किलोग्राम (22 पाउंड) मानव मल एकत्र किया जाएगा, ताकि इसका इस्तेमाल खाद के तौर पर किया जा सके। आदेश के मुताबिक लोगों को यह मल सुखाकर जमा करना होगा। इसके बाद इसे नजदीकी उर्वरक केंद्र पर जमा कराना होगा।

### नशे की हालत में चालक ने नेल सैलून में घुसा दी कार, अमेरिकी पुलिसकर्मी समेत चार की मौके पर ही मौत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** मौत कब कहां कैसे आ जाए पता ही नहीं चलता। एक न्यूयॉर्क की पुलिसकर्मी जो कि एक शादी की पार्टी के लिए सैलून में नाखून बनवा रही थी। उस सैलून में एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे पुलिसकर्मी समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। न्यूयॉर्क के लॉन्ग आईलैंड में स्थित एक नेल सैलून में एक तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। 64 वर्षीय श्वाली 2020 चेली ट्रैवर्स चला रहा था, तभी अचानक उसकी कार नेल सैलून के स्टोरफ्रंट से टकरा गई। टकराव से सैलून का पूरा कांच टूट गया और छत भी गिर गई। इस घटना के दौरान नेल सैलून में न्यूयॉर्क सिटी पुलिस विभाग की एक अधिकारी 30 वर्षीय एमिलिया रेनहैक भी समेत कई लोग मौजूद थे।

पुलिसकर्मी समेत 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस का कहना है कार चालक नशे की हालत में था। कार चालक को हिरासत में ले लिया गया है, उस पर नशे में गाड़ी चलाने का आरोप लगाया गया है। उसे वेस्ट इस्लिप के गुड समैरिटन यूनिवर्सिटी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने बताया उसकी चोटें गंभीर नहीं थीं। पुलिस का कहना है कि उसके खिलाफ अतिरिक्त आरोप लंबित हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पुलिसकर्मी एमिलिया किसी शादी के डिनर के लिए तैयार होने सैलून गई थीं।

# सर्बिया में इस्राइली दूतावास पर हमला, ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी को बनाया निशाना, हमलावर ढेर

**बेलग्रेड, एजेंसी।** सर्बिया के एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को एक व्यक्ति को मार गिराया। व्यक्ति ने बेलग्रेड में इजरायली दूतावास के सामने क्रॉसबो से उसकी गर्दन पर गोली चलाई थी। वहीं सर्बिया की प्रधानमंत्री ने इसे आतंकवादी हरकत बताया है।

सर्बिया की राजधानी में सुबह लगभग 11 बजे एक हमलावार ने इजरायली दूतावास के बाहर ड्यूटी पर तैनात अधिकारी को गोली मार दी। इसके बाद पुलिसकर्मी ने भी हमलावर पर गोली चलाई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आंतरिक मंत्री इंविका डेसिक ने कहा कि पुलिसकर्मी ने आत्मरक्षा में गोली चलाई थी। 34 वर्षीय अधिकारी हमले के समय अपने गार्ड बूथ में थे। उनकी अस्पताल में सर्जरी हुई। पुलिस पर हमला करने वाला व्यक्ति बेलग्रेड से लगभग 50 किलोमीटर दूर स्थित म्लादेनोवैक शहर का है। उसने इस्लाम धर्म में खुद को परिवर्तित किया है। अधिकारियों के अनुसार हमलावर नोवी पज़ार में रहने के लिए चला गया था, जो सर्बिया में बोस्नियाक मुस्लिम अल्पसंख्यक का ऐतिहासिक और राजनीतिक केंद्र है। यह देश में इस्लाम का केंद्र है। पुलिस का कहना है कि सुरक्षा सेवाओं को कुछ लोगों पर हमले से जुड़े होने का संदेह था, इसलिए कुछ गिरफ्तारी की गई थी। उसमें बेलग्रेड का एक व्यक्ति भी शामिल है। जिसे दो वर्ष पहले भी कई आतंकवादी इंटरनेट साइट जो कि जिहाद का आह्वान करती थी, वह उन्हें ऑपरेट करता था। इस कारण उसे गिरफ्तार



किया गया था। हालांकि बाद में उसे गिरफ्तार कर दिया गया था। पुलिस का कहना है कि वे कई स्थानों पर तलाशी ले रहे हैं।

**घायल पुलिस अधिकारी ने मिलने पहुंचे राष्ट्रपति :** राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने घायल अधिकारी से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग हैं, जिनकी हम तलाश कर रहे हैं, उनमें से एक सर्बिया में है। उन्होंने कहा कि हमलावर और उसके साथियों को शनिवार के पहले ही अधिकारियों ने ढूंढ लिया था। लेकिन पर्याप्त सबूत न होने के कारण उसे रिहा करना पड़ा।


प्रधानमंत्री ने की घटना की घोर निंदा, बोला आतंकवादी कृत्य है सर्बिया की प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक ने इस हमले की निंदा करते हुए उसे जघन्य आतंकवादी कृत्य करार दिया। पीएम ने कहा कि उनका देश आतंकवादी घटना का करारा जवाब देगा। ताकि सर्बिया के नागरिक सुरक्षित महसूस कर सके।

**घटना के बाद दूतावास को किया बंद :** इजराइली विदेश मंत्रालय ने बताया कि घटना के बाद दूतावास को बंद किया गया है। हालांकि दूतावास का कोई कर्मचारी घायल नहीं हुआ है। परिस्थितियों की जांच चल रही है।

# आईएसआई जैसी एजेंसियां न्यायिक मामलों में न दें दखल, पीएमओ रोके: इस्लामाबाद हाई कोर्ट

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय को कुछ खाश निर्देश जारी किए। इसमें कहा गया कि आईएसआई जैसी खुफिया एजेंसियों को आदेश दिया जाए कि वे फैसले को लेकर किसी भी न्यायाधीश या उनके स्टाफ से संपर्क न करें। कई न्यायाधीशों ने खुफिया एजेंसियों आईएसआई, सैन्य खुफिया और खुफिया ब्यूरो पर वांछित फैसले प्राप्त करने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया है। विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री व पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान, उनकी पार्टी के नेताओं और समर्थकों के मामलों में।

इस्लामाबाद हाई कोर्ट के 8 में से 6 जजों और पंजाब की आतंकवाद रोधी अदालतों के कुछ न्यायाधीशों ने इसे लेकर पत्र लिखा था। पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश और लाहौर एचसी के चीफ जस्टिस को चिट्ठी लिखकर उनका ध्यान न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों के खुले हस्तक्षेप की ओर दिलाया गया। उनमें से कुछ ने शिकायत की थी कि उन पर दबाव डालने के लिए उनके



परिवार के सदस्यों को खुफिया एजेंसियों की ओर से हिरासत में लिया गया।

आईएसआई कर्मियों की ओर से उत्पीड़न के आरोप लाहौर एचसी के जस्टिस शाहिद करीम ने आईएसआई के कर्मियों की ओर से उत्पीड़न के आरोप लगाए। इस संबंध में शनिवार को पंजाब के सरगोधा जिले में एटीसी न्यायाधीश की शिकायत पर प्रधानमंत्री कार्यालय को लिखित निर्देश जारी किए। न्यायाधीश ने अपने लिखित आदेश में कहा, प्रधानमंत्री खुफिया एजेंसियों की कार्रवाइयों के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह हैं, क्योंकि वे उनके अधीन आती हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से आईएसआई और आईबी सहित सभी असैन्य या सैन्य एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए जाएं कि वे भविष्य में किसी भी उद्देश्य के लिए किसी भी न्यायाधीश या उनके किसी स्टाफ से संपर्क न करें।

पंजाब पुलिस के लिए भी इसी तरह के निर्देश जारी किए गए हैं। कोर्ट ने कहा कि उसके आदेश का क्रियान्वयन न होने की स्थिति में पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस प्रमुख को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा। साथ ही, अवमानना ?? कार्यवाही शुरू की जाएगी। पीटीआई के प्रवक्ता रऊफ हसन ने कहा कि एक सोची-समझी साजिश के तहत यह हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनादेश के चोर सरकार और उसके गुर्गे अपनी मर्जी के फैसले कराने के लिए न्यायपालिका को मजबूर कर रहे हैं।

# मोसुल में ऐतिहासिक मस्जिद अल-नूरी की दीवार में मिले पांच जिंदा बम, पूरे इलाके में दहशत

**बगदाद, एजेंसी।** उत्तरी इराक के मोसुल में ऐतिहासिक मस्जिद अल-नूरी की दीवारों में पांच बड़े बम पाए गए हैं। जानकारी के मुताबिक ये बम उस समय के हैं जब इस इलाके में आईएसआईएस का कब्जा था। 12वीं शताब्दी की ऊंची मीनारों के लिए फेमस इस मस्जिद को आईएसआईएल ने 2017 में ध्वस्त कर दिया था। हालांकि यूनेस्को ने 2020 से इसे एक बार फिर से ठीक कराने का काम शुरू किया।



यूनेस्को ने कहा कि मस्जिद में नमाज वाले हॉल की दक्षिणी दीवार में पांच बड़े साइज के बम पाए गए हैं। जाहिर सी बात है कि बड़े स्तर पर तबाही करने के लिए इन बमों को लगाया गया था। ये पांचों बम जिंदा बताए गए हैं। इराक के प्रशासन का कहना है कि एक बम को तत्काल निष्क्रिय कर दिया गया था। वहीं बाकी के चार बम आपस में जुड़े हुए हैं और कुछ दिन में उन्हें भी निष्क्रिय किया जाएगा। फिलहाल पूरे इलाके में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

इराक के प्रशासन ने फिलहाल यूनेस्को से अपना काम रोकने को कहा है। इराक की सरकार का कहना है कि जब तक पांचों बम निष्क्रिय ना हो जाएं तब तक मस्जिद परिसर में कोई भी कदम ना रखे। ढूस्ढुरु आतंकी अबू बकर अल बगदादी ने 29 जून 2014 को इस मस्जिद को खलीफा का अधिकार क्षेत्र घोषित कर दिया था। 2017 में मोसुल में आईएस के लड़ाकों ने इस मस्जिद को ढहाने की कोशिश की। बता दें कि मोसुल के शहरी इलाकों में आज भी कई जगहों पर आईएस के छिपाए गए बम मिल जाते हैं। यूएन भी मोसुल में बारूदी सुरंगों को साफ करने में मदद करता है। मोसुल के पुराने शहर में अब भी कई इलाके रहने लायक नहीं हैं। वहीं यूनेस्को ने अल नूरी मस्जिद को पूरी तरह रीस्टोर करना का लक्ष्य दिसंबर 2024 तक का रखा है। फिलहाल आईएसआईएस के कब्जे में इराक और सीरिया का कोई इलाका नहीं है। फिर भी अंदर-अंदर आतंकी संगठन में भर्ती और आए दिन हमलों की खबरें आती रहती हैं।

# अपने बेटे बैरन को लेकर मेलानिया ने पति ट्रंप से किया बड़ा समझौता, अगर वह राष्ट्रपति बने तो....

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। इसके लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप जमकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। वहीं, उन्हें डेमोक्रेट के उम्मीदवार और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन से कड़ी टक्कर मिल रही है। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगर 78 साल के ट्रंप राष्ट्रपति बन जाते हैं, तो वह अपनी पत्नी मेलानिया को कुछ खास सक्रिय नहीं देख पाएंगे।

दरअसल, मेलानिया ने पूर्व राष्ट्रपति से एक समझौता किया है। उन्होंने अपने पति से कहा, अगर आप चुनाव जीतकर राष्ट्रपति बनते हैं, तो मुझे 24 घंटे प्रथम महिला के तौर पर सक्रिय नहीं रहना पड़ेगा।

अधिक से अधिक समय बिताना चाहती हैं... रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पूर्व प्रथम लेडी ने यह समझौता इसलिए किया है क्योंकि वह अधिक से अधिक समय अपने बेटे बैरन के साथ बिताना चाहती हैं। 18 साल के बैरन जल्द ही न्यूयॉर्क शहर के एक विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए चले जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि वह एक मां हैं और अपने बेटे के साथ हर महीने कुछ समय बिताने की योजना बना रही हैं। यहां तक कि वह न्यूयॉर्क में हर हफ्ते अपने बेटे से मिल सकती हैं।

**सुर्खियों से दूर रहते हैं बैरन ट्रंप :** बैरन को ट्रंप परिवार ने अब तक सुर्खियों से दूर रखा है। बैरन का जन्म मार्च 2006 में हुआ था और वह डोनाल्ड ट्रंप की पांचवीं और मेलानिया ट्रंप की पहली संतान हैं। बैरन का बचपन न्यूयॉर्क में बीता है और उनकी शुरुआती पढ़ाई भी वहीं से हुई है। जब डोनाल्ड ट्रंप पहली बार अमेरिका के




राष्ट्रपति चुने गए थो तो उन्होंने बताया था कि बैरन न्यूयॉर्क छोड़कर व्हाइट हाउस जाने में झिझक रहे थे। बैरन अभी 18 साल के हैं।

**कभी अकेले नहीं रहे :** सूत्रों ने आगे कहा, बैरन पहले कभी पूरी तरह से अकेले नहीं रहे हैं। अब कॉलेज में वह प्रवेश लेने वाले हैं। ऐसे में कुछ चिंताओं से बचाने के लिए मेलानिया अपने बेटे के करीब रहना चाहती हैं। अगर ट्रंप राष्ट्रपति बनते हैं तो बैरन को मिलने वाला समय बंट जाएगा, जिससे वह परेशान हो सकता है। मेलानिया अपने बच्चों को लेकर बहुत भावुक हैं। वह उनकी सुरक्षा को लेकर हमेशा सतर्क रहती हैं। वह पहले ही इस बात से भी इनकार कर चुकी हैं कि बैरन फ्लोरिडा से रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में रिपब्लिकन प्रतिनिधि के रूप में काम करेंगे।

# यह मेरा आखिरी टी20 वर्ल्ड कप था, हम यही हासिल करना चाहते थे: विराट कोहली

**बारबाडोस, एजेंसी।** 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के रोमांचक फाइनल में, भारत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात रनों से विजयी हुआ और अपना दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीता। शो के स्टार कोई और नहीं बल्कि विराट कोहली थे, जिन्होंने 59 गेंदों पर 76 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। हालाँकि, यह महत्वपूर्ण जीत कड़वी थी क्योंकि कोहली ने टी20 से संन्यास की घोषणा की, जो एक शानदार टी20 करियर के अंत का प्रतीक है। दुनिया भर से आए प्रशंसकों से खचाखच भरे स्टेडियम में आयोजित फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक था। एक दशक से अधिक समय तक भारतीय टीम के लिए ताकत का स्तंभ रहे कोहली दृढ़ संकल्प के साथ क्रीज पर उतरे। बेहतरीन स्ट्रोक्स और धैर्य से भरी उनकी पारी ने भारत के कुल स्कोर को मजबूत



किया और दक्षिण अफ्रीका के सामने एक मजबूत लक्ष्य रखा। जैसे ही अंतिम गेंद फेंकी गई और भारत ने जीत हासिल की, भीड़ खुशी से झूम उठी। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार पाने वाले कोहली खड़े थे, भावुक दिख रहे थे, फिर भी शांत थे। मैच के बाद की प्रस्तुति में, उन्होंने दर्शकों और अपने प्रशंसकों को हार्दिक शब्दों से संबोधित किया। यह मेरा आखिरी टी20 विश्व कप था, यह वही है जो हम हासिल करना चाहते थे, कोहली ने कहा, उनकी आवाज़ गर्व और राहत से गूंज रही थी।एक दिन आपको ऐसा लगता है कि आप रन नहीं बना सकते और ऐसा हो जाता है, भगवान महान है। बस अवसर, अभी या कभी नहीं जैसी स्थिति। यह भारत के लिए खेलने वाला मेरा आखिरी टी20 मैच था। हम वह कप उठाना चाहते थे। हालाँकि उनकी घोषणा की उनके करीबी लोगों को उम्मीद थी, फिर भी क्रिकेट जगत में भावनाओं की लहर दौड़ गई। विराट ने कहा,हां, मैंने (टी-20 से संन्यास की घोषणा कर दी है), यह एक खुला रहस्य था। यह ऐसा कुछ नहीं था जिसकी घोषणा मैं नहीं करने वाला था, भले ही हम हार गए हों। यह अगली पीढ़ी के लिए टी-20 खेल को आगे ले जाने का समय है। यह हमारे लिए आईसीसी टूर्नामेंट जीतने का लंबा इंतजार है। आप रोहित जैसे खिलाड़ी को देखें, उसने 9 टी20 विश्व कप खेले हैं और यह मेरा छठा विश्व कप है। कोहली की टी20 यात्रा जून 2010 में शुरू हुई। 14 वर्षों में, उन्होंने 125 टी20 मैचों में 4188 रन बनाए, जिसमें एक शतक और 38 अर्धशतक शामिल थे। खेल के प्रति उनके अथक समर्पण और जुनून ने उन्हें अपने साथी रोहित शर्मा के बाद टी20 में दूसरा सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी बना दिया।

# इस विश्व कप के पीछे हमारी 3-4 वर्षों की मेहनत है: रोहित शर्मा

**बारबाडोस, एजेंसी।** अपनी कप्तानी में भारत को 17 साल बाद दूसरी बार टी 20 का विश्व चैंपियन बनाने वाले रोहित शर्मा ने इस सफलता के पीछे पिछले तीन-चार वर्षों की मेहनत का हाथ बताया है। रोहित ने



शनिवार को मैच के बाद कहा, तीन चार साल कैसे रहे हैं, इसका वर्णन काफ़ी मुश्किल है। इसके पीछे हमारी तीन चार सालों की मेहनत है। हम इस तरह के मुक़ाबलों में पहले भी हार चुके थे। लेकिन आज हमने यह कर दिखाया कि मुश्किल परिस्थितियों से कैसे निकला जाता है। टूर्नामेंट जीतने के लिए काफ़ी कुछ करना पड़ता है। कप्तान ने कहा मुझे अपने खिलाड़ियों पर गर्व है और ख़ास तौर पर टीम मैनेजमेंट का शुक्रगुज़ार हूं कि उन्होंने हमें खेलने की छूट दी। सिर्फ़ मैं नहीं बल्कि किसी को विराट के फ़ॉर्म को लेकर संदेह नहीं था। उन्होंने 15-16 वर्षों में इस खेल के लिए बहुत कुछ किया है। विराट आज भी एक छोर पर डटे रहे और अन्य बल्लेबाज़ों ने उनके इर्द गिर्द बल्लेबाज़ी की। बुमराह की तारीफ़ शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। बुमराह के साथ मैंने काफ़ी क्रिकेट खेली है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने भारतीय खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दल को बुमराह लीड कर रहे हैं। उनके पीछे चहल, शिवम दुबे, जायसवाल, कोहली हैं..।

जसप्रीत बुमराह को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ चुना गया। बुमराह ने कहा, हम इसीलिए खेलते हैं। मैंने ख़ुद को जितना संभव हो चिंतित ना होने देने का प्रयास किया। यह काफ़ी अहम क्षण है। मेरा परिवार यहां है। इससे बेहतरीन क्षण कुछ और नहीं हो सकता। इस पूरे टूर्नामेंट में मैंने गेंद के हिसाब से गेंदबाज़ी करने का प्रयास किया।

## भारत बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने शनिवार को इंडोनेशिया के योग्यकार्ता में ग्रुप सी मुकाबले में फिलीपींस पर 3-2 से जीत के साथ बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। भारतीय टीम, जिसने अपने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में वियतनाम को 5-0 से हरा दिया था, ने प्रतियोगिता में अपने दूसरे मुकाबले के लिए अपनी लाइन-अप में कुछ बदलाव किए, जिसमें लड़कों के एकल में प्रणय शेट्टीगर की जगह रौनक चौहान और लड़कियों के युगल में श्रावणी वालेकर के साथ के.वेन्नला को शामिल किया गया। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप की उपविजेता तन्वी शर्मा ने फंटस्पिना क्रिस्टेल री पर 21-9, 21-17 से जीत के साथ भारत की शुरुआत की, लेकिन जमाल रहमत पांडी के खिलाफ शुरुआती गेम जीतने के बाद चौहान लय बरकरार नहीं रख सके और 15-21, 21- 18, 21-12 से हार गए। इसके बाद वेन्नाला और श्रावणी ने हर्नांडेस एंड्रिया और पेसियस लिबटन को 39 मिनट में 23-21, 21-11 से हराकर भारत को एक बार फिर आगे कर दिया। अर्श मोहम्मद और शंकर सरावत के लड़कों के युगल संयोजन ने क्रिश्चियन डोरेगा और जॉन लांजा पर 21-16, 21-14 से जीत के साथ परिणाम को संदेह से परे रखा। भार्गव राम एरिगेला और के. वेन्नाला की मिश्रित युगल जोड़ी अंतिम मुकाबला हार गई।

## विराट के बाद रोहित ने भी लिया टी20 से संन्यास

**बारबाडोस।** टी 20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद विराट कोहली ने टी20 से संन्यास लिया तो उसके कुछ देर बाद ही भारत के लिए आईसीसी टूर्नामेंट जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी टी20 से संन्यास की घोषणा कर दी। हालांकि उन्होंने कहा कि वह वनडे और टेस्ट खेलना पसंद करेंगे। रोहित ने शनिवार को मैच के बाद पत्रकार वार्ता में कहा, यह मेरा भी आखिरी टी20आई मैच था। इस प्रारूप को अलविदा कहने का इससे बेहतर लम्हा नहीं है। मैंने हर लम्हे का लुत्फ़ लिया है। मेरे करियर की शुरुआत ही इस प्रारूप के साथ हुई थी। मैं बस यही चाहता था, मैं बस इस कप को जीतना चाहता था। उन्होंने कहा,मैं सच में इस कप को जीतना चाहता था। इसको शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह मेरे लिए बहुत भावुक पल है। मैं अपने करियर में सच में इस खिताब को चाहता था। मैं खुश हूं कि हम लाइन को पार कर पाए हैं। रोहित ने इस प्रारूप में अपने करियर का अंत सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ के तौर पर किया है, जहां पर उन्होंने 159 मैचों में 4231 रन बनाए हैं और उनके नाम सबसे अधिक पांच टी20 शतक हैं। रोहित ने अपने टी20




करियर में दो आईसीसी टूर्नामेंट जीते। इससे पहले वह 2007 टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और इस बार बतौर कप्तान उन्होंने यह खिताब जीता है।

रोहित के टी20 करियर की बात करें तो उन्होंने 159 मैचों में 32.05 की औसत और 140.89 के स्ट्राइक रेट से 4231 रन बनाए, जिसमें पांच शतक के अलावा 32 अर्धशतक भी शामिल रहे।

टी-20 वर्ल्डकप: 2024

# जीत लिया जग सारा!

## 17 साल बाद भारतीय टीम बनी टी-20 की वर्ल्ड चैम्पियन, साउथ अफ्रीका को हराया

**बारबाडोस, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है. इस टीम ने इतिहास में चौथी बार कोई वर्ल्ड कप (वनडे, टी20) खिताब जीता है. भारतीय टीम ने शनिवार (29 जून) को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 7 रनों से शिकस्त दी. इस जीत के साथ ही 140 करोड़ भारतीयों को जश्न मनाने का सुनहरा मौका दिया. बता दें कि भारतीय टीम ने 2 बार वनडे वर्ल्ड कप (1983, 2011) खिताब जीता है. जबकि दो बार ही टी20 वर्ल्ड कप (2007, 2024) खिताब जीत लिया है. टीम ने पिछला वर्ल्ड कप (वनडे में) 2011 में जीता था. अब 13 साल बाद कोई वर्ल्ड कप (टी20 में) खिताब जीता है.




**क्लासेन की फिफ्टी भी अफ्रीका को नहीं जिता सकी** - बारबाडोस में खेले गए इस फाइनल में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 177 रनों का टारगेट दिया था. इसके जवाब में अफ्रीका की टीम 8 विकेट पर 169 रन ही बना सकी और खिताब गंवा दिया. मैच में अफ्रीका ने 12 रनों पर 2 विकेट गंवा दिए थे. इसको बाद क्विंटन डिकॉक और ट्रिस्टन स्टब्स ने 38 गेंदों पर 58 रनों की पार्टनरशिप कर टीम को संभाला. स्टब्स 31 रन बनाकर आउट हुए. फिर डिकॉक ने हेनरिक क्लासेन के साथ मिलकर 36 जोड़े. जब स्पिनर्स के खिलाफ डिकॉक और क्लासेन ने पैर जमाए तो रोहित ने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को लगाया. ऐसे में डिकॉक उनके जाल में फंसे और विकेट देकर चलते बने. यहां डिकॉक 39 रन बनाकर चलते बने.

**पंड्या ने आखिरी ओवर में ऐसे पलट दी बाजी** - आखिर में जब क्लासेन ने बल्ला चलाया तो लगा कि मैच भारत के हाथ से निकल जाएगा. मगर रोहित ने चाल चली और हार्दिक पंड्या को गेंदबाजी पर लाए. फिर पंड्या ने सबसे पहले क्लासेन को शिकार बनाया. क्लासेन 27 गेंदों पर 52 रन बनाकर आउट हुए. इसके बाद पूरी अफ्रीकी टीम लड़खड़ा गई और भारत चैम्पियन बनने से नहीं चुका. भारतीय टीम के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने 20 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके. जबकि पेसर अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह को 2-2 सफलताएं मिलीं. स्पिनर अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया. आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे, लेकिन पंड्या ने 2 विकेट लेकर 8 रन दिए और मैच जीत लिया।

एशियाई जूनियर स्क्वैश

## शिवेन ने अंडर-15 खिताब जीता, अंडर-13 में आद्या चैंपियन बनीं

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत के शिवेन अग्रवाल और आद्या बुधिया शनिवार को यहां समाप्त हुई 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वैश चैंपियनशिप में क्रमश : लड़कों के अंडर-15 और लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में चैंपियन बनकर उभरे। दूसरी वरीयता प्राप्त अग्रवाल ने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के मुहम्मद रज़ीक पुत्र मोहम्मद फखरूर रज़ी को 11-7, 8-11, 11-5, 13-11 से हराया, जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त आद्या ने चौथी वरीयता प्राप्त हमवतन गौशिका एम को 11-5, 11-5, 11-4 से हराया। अग्रवाल ने 2022 में अंडर-13 सेमीफाइनल में मुहम्मद रज़ीक से अपनी हार का बदला लिया, जबकि आद्या का पदक प्रतियोगिता के लड़कियों के अंडर-13 वर्ग में भारत का पहला स्वर्ण था भारत ने 12 साल के अंतराल के बाद चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते।




## नामीबिया दौरे के लिए पंजाब की पुरुष टीम घोषित

**मोहाली, एजेंसी।** शेर-ए-पंजाब टी-20 कप के दूसरे सीजन के सफल आयोजन के बाद पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने 14 सदस्यीय पंजाब सीनियर पुरुष टीम की घोषणा की है जो 3 जुलाई से शुरू होकर 10 जुलाई तक चलने वाली पांच मैचों की 50 ओवर की सीरीज के लिए नामीबिया के 12 दिवसीय दौरे पर जाएगी। टीम शनिवार रात को नई दिल्ली से दौरे के लिए रवाना हुई। पूर्व क्रिकेटर और योग्य कोच रवनीत सिंह और हरमीत बंसल कोच के रूप में टीम के साथ होंगे। मैच विंडहोक के वांडरर्स स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे। टूर के बारे में बात करते हुए पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी दिलशेर खन्ना ने कहा कि नामीबिया टूर प्लेयर्स को एक्सपोजर देगा और हमारे प्लेयर्स जरूर इंटरनेशनल टूर पर अच्छा करके लौटेंगे। ये टूर उन्हें सीखने का मौका देगा, जिससे हमें आगामी डोमेस्टिक टूर्नामेंट में अच्छा करने में मदद मिलेगी।




पंजाब की टीम में युवा और अनुभव दोनों तरह के प्लेयर्स है। दौरे के आयोजन के पीछे के विचार पर बात करते हुए पीसीए के संयुक्त सचिव सुरजीत राय ने कहा कि खिलाड़ियों को ऑफ-सीजन में अनुभव देने के उद्देश्य से, पीसीए ने दौरे के आयोजन का फैसला किया है। हमने हाल ही में संपन्न शेर-ए-पंजाब टी-20 कप में खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखा। टूर्नामेंट में कुल 33 मैचों ने राज्य के खिलाड़ियों को एक बेहतरीन मंच प्रदान किया। नामीबिया दौरे की योजना भी खिलाड़ियों को विदेशी धरती पर खेलने का अनुभव देने के लिए बनाई गई है। खिलाड़ियों को मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहिए और अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए। इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। नेहल वढेरा और उदय प्रताप सहारन, जो पंजाब टी-20 लीग का हिस्सा नहीं थे, भी दौरे पर आई पंजाब टीम में शामिल हैं। शेर-ए-पंजाब में 22 विकेट लेने वाले मध्यम गति के गेंदबाज गुरनूर बरार भी नामीबिया दौरे के लिए पंजाब टीम का हिस्सा हैं। मैच 3 जुलाई, 5 जुलाई, 7 जुलाई, 9 जुलाई और 10 जुलाई को होंगे। राय टीम के साथ साहेबजीत सिंह सेहम्बी के साथ यात्रा करेंगे जो पीसीए एपेक्स काउंसिल के सदस्य हैं।

ये है पंजाब टीमः अनमोल मल्होत्रा, आराध्य शुक्ला, गुरनूर सिंह बराड़, हरप्रीत सिंह बराड़, जस इंदर सिंह, मयंक मारकंडे, नमन धीर, नेहाल वढेरा, प्रभसिमरन सिंह, पुखराज मान, रमनदीप सिंह, सनवीर सिंह, सिद्धार्थ कौल और उदय प्रताप सहारन।

सपोर्ट स्टाफः हरमीत सिंह बंसल (कोच), रवनीत सिंह (कोच), राम बाबू शॉ (फिजियोथेरेपिस्ट), लविश चौधरी (ट्रेनर) और सतविंदर सिंह (मैनेजर)।

टी-20 वर्ल्डकप: 2024

## सूर्यकुमार को जय शाह से मिला ‘सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार

**ब्रिजटाउन, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए ‘सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा ‘भेड़ियों के झुंड से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिलीप ने कहा, ‘हम बड़े मुकाबलों में मौके के अनुसार प्रदर्शन करने की बात करते हैं लेकिन आज हमने सिर्फ प्रदर्शन नहीं किया बल्कि जीत हासिल की। उन्होंने कहा, ‘हमने पूरे टूर्नामेंट में और आज जो जज्बा, जो एकजुटता और जो लचीलापन दिखाया, वह असाधारण से कम नहीं है। दिलीप ने कहा, ‘हमने ‘भेड़ियों के झुंड की तरह क्षेत्ररक्षण किया।



## कैप्टन कूल कहे जाने वाले एमएस धोनी ने भारत की जीत के बाद अपने बधाई संदेश में कहा कि उनके भी दिल की धड़कनें आज बढ़ गई थीं.

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने साल 2007 के बाद 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया है. 2007 में टीम इंडिया ने एमएस धोनी की कप्तानी में यह खिताब अपने नाम किया था. उस खिताबी जीत में रोहित शर्मा बतौर खिलाड़ी खेले थे, जिन्होंने आज अपनी कप्तानी में भारत को उसका दूसरा टी20 वर्ल्ड कप खिताब दिलाया है. भारत की इस खिताबी जीत पर पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी बधाई दी है. धोनी ने जीत की बधाई देते हुए लिखा कि इस मैच में उनके दिल की धड़कने भी बढ़ गई थीं. लेकिन आपको शांत रहने के लिए बधाई. आपने आत्मविश्वास के साथ जो किया उसके लिए बहुत-बहुत शुक्रिया. बता दें धोनी को कैप्टन कूल कहा जाता है लेकिन धोनी ने लिखा कि इस मैच को देखते हुए उनकी भी धड़कने बढ़ गई थीं.



यह बात अपने आप में खास है कि मैदान से दूर रहकर धोनी भी नर्वस हो गए. उन्होंने इस जीत को अपने जन्मदिन का अडवांस तोहफा करार दिया. बता दें धोनी आगामी 7 जुलाई को अपना 43वां बर्थडे सेलीब्रेट करेंगे. धोनी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, ‘वर्ल्ड कप चैंपियन 2024. मेरे दिल की धड़कने भी बढ़ गई थीं. आप लोगों ने शांत रहकर, खुद पर भरोसा रखा और जो आपने किया वह बहुत शानदार है. भारत और दुनिया के हर कोने में रहने वाले भारतीयों के लिए वर्ल्ड कप घर लाने के लिए आपका बहुत शुक्रिया. अरेज जन्मदिन के इस खास तोहफे के लिए शुक्रिया।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मारक्रम बोले

## यह दिल को झकझोरने वाली हार है

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत के खिलाफ निराशाजनक हार को दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने चुभने वाला करार देते हुए उम्मीद जतायी कि यह प्रदर्शन अगली बार टीम को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा। जीत के लिए 176 रन का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम हेनरिच क्लासेन की 27 गेंद में 52 रन की पारी के दम पर 15वें ओवर के बाद बेहद मजबूत स्थिति में थी। टीम को आखिरी 30 गेंद में 30 रन की जरूरत थी लेकिन भारत ने शानदार वापसी करते हुए सात रन की रोमांचक जीत दर्ज की।

आखिरी ओवरों में जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या ने कमाल की गेंदबाजी की जबकि सूर्यकुमार यादव ने दबाव की परिस्थिति में कमाल का कैच लपका। इससे पहले विराट कोहली ने 76 रन की पारी खेल भारत को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक



पहुंचाया। मारक्रम ने मैच के बाद कहा, ‘यह क्रिकेट का पहला मैच नहीं है जिसमें 30 गेंदों में से 30 की जरूरत वाली टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने अच्छी गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण से शानदार वापसी की।

इस 29 साल के खिलाड़ी ने कहा, ‘अभी किसी एक चीज को हार का कारण बताना मुश्किल है। हम अगले कुछ दिनों में, अगले कुछ हफ्तों में इस बारे में विचार करेंगे, उन क्षेत्रों को ढूंढने का प्रयास करेंगे जिसमें हम आज के मैच के दौरान सुधार कर सकते थे। हम इसके साथ ही उन चीजों के बारे में भी सोचेंगे जो हमारे लिए वास्तव में अच्छा रहा है।

हार के गम के बावजूद मारक्रम को विश्व कप फाइनल में पहुंचने पर टीम के साथी खिलाड़ियों पर गर्व है। उन्होंने कहा, ‘मैं यह बात कहना चाहूंगा कि मुझे अपनी टीम के खिलाड़ियों पर काफी गर्व है। हम सिर्फ आज के प्रदर्शन से नहीं बल्कि टीम ने इस पूरे टूर्नामेंट और उससे पहले तैयारियों के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है।% मारक्रम ने कहा, ‘यह हार चुभने वाली है लेकिन इससे आने वाले टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए टीम की भूख बढ़ेगी।

## मन की बात में पीएम मोदी ने की सूर्य कुमार यादव के कैच की तारीफ

### विराट कोहली-राहुल द्रविड़ का किया आभार

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की ‘मन की बात’ - मासिक रेडियो प्रसारण - रविवार, 30 जून को फिर से शुरू हुई। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने कहा, आज, आखिरकार वह दिन आ गया है जिसका हम सभी इंतजार कर रहे थे फरवरी से मैं ‘मन की बात’ के माध्यम से एक बार फिर आपके बीच में हूं, अपने परिवार के सदस्यों के बीच में हूं, मैंने फरवरी में कहा था कि चुनाव नतीजों के बाद मैं फिर आपसे मिलूंगा और आज फिर मन की बात के साथ आपके बीच उपस्थित हूं। मानसून के आगमन ने आपका भी दिल खुश कर दिया है...। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय क्रिकेट टीम को टी 20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी है और कहा कि क्रिकेटरों ने विश्व कप के साथ-साथ करोड़ों लोगों का दिल भी जीत लिया है। इस जीत के बाद प्रधानमंत्री ने रविवार को कॉल कर टीम इंडिया के खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात की और उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की। उन्होंने फाइनल में विराट कोहली की पारी और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री ने हार्दिक पांड्या के अंतिम ओवर और सूर्य कुमार यादव के कैच की भी तारीफ की और जसप्रीत बुमराह के योगदान को भी जमकर सराहा।

# पवन कल्याण की आगामी फिल्म पर आया बड़ा अपडेट



पवन कल्याण साउथ फिल्मों के सुपरस्टार हैं। वह मुख्य रूप से तेलुगु सिनेमा में काम करते हैं। फिल्मों के अलावा वह राजनीति में भी काफी सक्रिय हैं। उनकी जनसेना पार्टी ने हाल में ही संपन्न हुए आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया और सत्ता में काबिज हुई। इस वक्त वह आंध्र प्रदेश के नौवें उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत हैं।

फिल्मों की बात करें तो उनकी कई फिल्मंर इस साल रिलीज को प्रस्तावित हैं। उनमें से ही एक फिल्म हरि हर वीरा मल्लू को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। पवन कल्याण की आगामी फिल्म हरि हर वीरा मल्लू पर काफी समय से काम चल रहा है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसे कई मुश्किलों से गुजरना पड़ा है। अब फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। फिल्म के प्रस्तुतकर्ता ए.एम. रत्नम दर्शकों को एक बेहद शानदार सिनेमाई अनुभव देने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज पर संशय बरकरार है, लेकिन अभिनेता के फैंस उम्मीद जता रहे हैं कि वो इस साल के अंत तक सिनेमाघरों में फिल्म देख सकेंगे।

हाल में ही एक इंटरव्यू में ए.एम. रत्नम ने फिल्म को लेकर बात की है। इस दौरान उन्होंने बताया कि मछलीपट्टनम बंदरगाह पर एक सीक्वेंस शूट किया गया है। बेहतरीन सीजीआई के लिए ईरान की एक कंपनी को जिम्मेदारी दी गई है। काम बेहतर हो इसके लिए ईरान से एक व्यक्ति भारत आया है। उन्होंने बताया कि इस एपिसोड के लिए सीजीआई का काम अगले 10-15 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।

इस इंटरव्यू में उन्होंने आगे बताया कि कुश्ती से जुड़ा एक एपिसोड शूट किया गया है , जिसके वीएफएक्स का काम अभी बेंगलुरु में किया जा रहा है। इसके साथ ही चारमीनार एपिसोड के लिए वीएफएक्स का काम हैदराबाद में चल रहा है। फिल्म में वीएफएक्स का काफी महत्व होगा। इसे लेकर ए.एम. रत्नम ने कहा है कि विजुअल इफेक्ट्स दर्शकों को पुराने दिनों की याद दिलाएंगे।



## जिगरा से होगा कंगुवा का मुकाबला, क्या आलिया दे पाएगी बॉबी को टक्कर

स्टूडियो ग्रीन के बैनर से आने वाली सूर्या अभिनीत बहुप्रतीक्षित कंगुवा वास्तव में सबसे बड़ी फिल्मों में से एक होने वाली है जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार है। जहां एक ओर शानदार टीजर ने इसकी विशाल और रोमांचकारी दुनिया की झलक दिखाई, वहीं दूसरी ओर सुपरस्टार सूर्या का एक शक्तिशाली योद्धा और बॉबी देओल का एक खलनायक के रूप में पहले कभी न देखा गया अवतार भी पेश किया, जिसे देखने के बाद दर्शक उत्साहित हो गए।

एक ओर इन बातों को लेकर चर्चाएं जारी ही थीं कि अब फिल्म के मेकर्स ने रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है। नए पोस्टर के साथ कंगुवा के निर्माताओं ने रिलीज की तारीख की एक शानदार घोषणा की है। फिल्म 10 अक्टूबर 2024 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। निर्माताओं ने नया पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, योद्धा राजा का स्वागत करने के लिए खुद को तैयार रखें। हमारा कंगुवा 10 अक्टूबर 2024 से आपके दिलों और स्क्रीन पर छाने के लिए तैयार है, कंगुवा फ्रॉम ऑक्ट 10। वैसे अब कंगुवा के सामने आलिया भट्ट की फिल्म है, यानी दोनों का सामना होना तय है। कंगुवा का क्लैश आलिया भट्ट की जिगरा से होने वाला है, 11 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।

बता दें, शिवा ने फिल्म के लेखन से लेकर निर्देशन की कमान संभाली है।

इस फिल्म में सूर्या, बॉबी देओल, जगपति बाबू और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म में संगीत रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी वेट्री पलानीसामी ने की है। फिल्म दो अलग-अलग समय, अतीत और वर्तमान की कहानी दिखाएगी, इसलिए ही इसे रियल लोकेशन पर शूट किया गया। गोवा, यूरोप और श्रीलंका जैसी खूबसूरत पर इस फिल्म को फिल्माया गया है। खास तौर पर एक्शन सीन्स के लिए 60 दिन लगाए गए हैं। फिल्म की पूरी कहानी दो टाइमलाइन में चलेगी और इसमें 1000 साल को कवर करने की कोशिश की गई है।

फार्मा कंपनी के

## गोरख धंधे की पोल खोलेगी रितेश स्टारर पिल



रितेश देशमुख जल्द ही ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। उनकी पहली वेब सीरीज का नाम है पिल, जो फर्जी दवाओं के कारोबार पर आधारित है। मेकर्स ने सीरीज का ट्रेलर जारी किया है। एक मिनट से ज्यादा लंबे ट्रेलर की शुरुआत रितेश के किरदार प्रकाश चौहान से होती है, जो फार्मा इंडस्ट्री की एक कंपनी का डिप्टी मेडिसिन कंट्रोलर है। इसमें एक व्यक्ति तक दवा पहुंचने की प्रक्रिया को दिखाया गया है, जिसमें ताकतवर उद्योगपति, भ्रष्ट डॉक्टर, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, राजनेता, पत्रकार और मुखबिर शामिल हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे बाजार में घूम रही एक दवा के खाने से नकारात्मक नतीजे सामने आते हैं। प्रकाश सच्चाई को उजागर करने के लिए लड़ाई लड़ता है, इस दौरान उसका सामना कंपनी के चालाक सीईओ से होता है, जिसका किरदार पवन मल्होत्रा ने निभाया है। अपनी पहली सीरीज के बारे में रितेश ने कहा- डिजिटल स्ट्रीमिंग की दुनिया में कदम रखना रोमांचक है। जब आपको पिल जैसी कहानी सौंपी जाती है, तो उसके लिए सही दिशा में कड़ी मेहनत करना बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है।

## पैपराजी पर भड़कीं तृप्ति !

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैड न्यूज' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। तृप्ति डिमरी को 'एनिमल' फिल्म से काफी लोकप्रियता मिली। इस फिल्म से उन्हें 'भाभी 2' का एक नया नाम मिला और प्रशंसकों ने उन्हें नेशनल क्रश भी घोषित कर दिया। अब 'बैड न्यूज' के एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान पैपराजी ने उन्हें भाभी कह कर बुलाया। अभिनेत्री ने मुस्कुराते हुए कहा कि वो भाभी नहीं हैं। तृप्ति का यह रिप्लाई सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।



## वैवाहिक जीवन में कदम रखने जा रही हैं वरलक्ष्मी सरतकुमार?



साउथ अभिनेत्री वरलक्ष्मी सरतकुमार चर्चा में हैं। चर्चा की वजह है उनकी शादी। मार्च में सगाई करने के बाद अब अगले महीने जुलाई में वरलक्ष्मी शादी रचाने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने निमंत्रण पत्र बांटने शुरू कर दिए हैं। आज शनिवार को वरलक्ष्मी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी शादी का कार्ड देकर समारोह में आमंत्रित किया है। साउथ की कई फिल्मों में नजर आ चुकीं वरलक्ष्मी ने इस साल की चर्चित फिल्म हनुमान में भी अहम रोल अदा किया है। अभिनेता से नेता बने आर शरतकुमार के घर जन्मीं वरलक्ष्मी भी पिता की तरह अभिनय की दुनिया में नाम कमा रही हैं। वे तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम फिल्मों कई शानदार किरदार अदा कर चुकी हैं। उन्होंने 2012 में तमिल फिल्म पोडा पोडी से करियर की शुरुआत की थी। इस साल जनवरी में रिलीज हुई तेजा सज्जा की फिल्म हनुमान में वरलक्ष्मी सरतकुमार ने हनुमंतु की बहन अंजम्मा की भूमिका अदा की। फिल्म में हनुमंतु का रोल अभिनेता तेजा सज्जा ने अदा किया है। यह फिल्म साउथ के साथ-साथ हिंदी पट्टी में भी खूब पसंद की गई। फिल्म का निर्देशन प्रशांत वर्मा ने किया है, जो अब इसका अगला भाग लेकर आने वाले हैं। वरलक्ष्मी अब वैवाहिक जीवन में कदम रखने जा रही हैं। उन्होंने इसी साल मार्च में बॉयफ्रेंड निकोलाई सचदेव से सगाई की। कहा जा रहा है कि दो जुलाई को उनकी शादी है।



## हरलीन सेठी ने बैड कॉप में मिली भूमिका के लिए निर्देशक का जताया आभार

अपनी बहुमुखी भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेत्री हरलीन सेठी इन दिनों बैड कॉप के लिए चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज में अभिनेत्री की अदाकारी को समीक्षकों और प्रशंसकों द्वारा खूब सराहा गया है। यह सीरीज डबल ड्रामा के साथ गहरे रहस्य और साजिश से भरपूर है। बैड कॉप आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित और रेंसिल डिसिल्वा द्वारा लिखित है। वहीं अब हरलीन ने सीरीज के बारे में बात करते हुए उन्हें कास्ट करने के लिए निर्देशक आदित्य दत्त का आभार जताया।

हरलीन सेठी ने सीरीज के बारे में बात करते हुए निर्देशक की भी तारीफ की। उनका कहना है कि आदित्य दत्त ने उनकी क्षमता और उन पर अटूट विश्वास जताया, जिसके लिए वे निर्देशक की आभारी हैं। उन्होंने इस बात का खुलासा किया कि कैसे शुरुआती झिझक के बावजूद उन्हें देविका के रूप में चुना गया। आदित्य दत्त के दृढ़ विश्वास से ही हरलीन को चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने का निर्णय लेने में मदद मिली। हरलीन सेठी ने कहा, आदित्य दत्त को मुझ पर बहुत विश्वास था। उन्हें लगा कि वे इस भूमिका में सिर्फ मुझे ही देख सकते हैं। जब कोई आप पर इतना विश्वास करता है तो आप भूमिका को कैसे नकार सकते हैं? वे मुझसे कहीं ज्यादा आश्वस्त थे। शुरू में जब मैंने स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी थी तो वे मुझे देविका की भूमिका निभाने के लिए मनाने पर अड़े हुए थे और मुझे मनाने की कोशिश कर रहे थे, जिसके बाद मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी और फिर हमने शो के बारे में उचित बातचीत की।

## फिल्मों की बढ़ती लागत पर लक्ष्मी मांचू की दो टूक

लक्ष्मी मांचू अनुभवी अभिनेता मोहन बाबू की बेटी हैं। उन्होंने हॉलीवुड में अभिनय करने से पहले भारतीय सिनेमा में एक बाल कलाकार के रूप में काम किया है। तमिल, तेलुगु और मलयालम सहित कई दक्षिण फिल्मों में काम करने के बाद लक्ष्मी हैदराबाद से मुंबई आ गईं।

एक इंटरव्यू में, अभिनेत्री ने हॉलीवुड और भारतीय सिनेमा के बीच अंतर गिनाते हुए बताया कि कैसे सेट पर बहुत सारे अनावश्यक लोग होते हैं। लक्ष्मी ने इंटरव्यू में दावा किया कि हॉलीवुड अभिनेता अपनी कुर्सियां खुद खींचते हैं और इसके विपरीत, भारत में मेकअप और बाल बनाने वाले लोगों के पास भी सहायक होते हैं। अभिनेत्री ने कहा, मुझे ऐसा लगता है, क्यों चाहिए इतने लोग। प्रत्येक अभिनेता चार से पांच ऐसे लोगों को लाता है जिनके पास सेट पर करने के लिए कुछ नहीं होता। मेकअप आर्टिस्ट के पास एक सहायक होता है, बाल बनाने वाले के पास एक सहायक होता है, यहां तक कि स्पॉट बॉय के पास भी एक सहायक होता है।





## अजय देवगन ने की अमिताभ बच्चन की तारीफ

दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन इन दिनों अपनी फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। फिल्म में उनके काम की खूब तारीफ की जा रही है। इसी बीच, अब अभिनेता अजय देवगन ने भी अमिताभ की प्रशंसा करते हुए उनके काम को लेकर काफी कुछ कहा। एनएच स्टूडियोज यूट्यूब चैनल पर मौजूद एक वीडियो में अजय देवगन को बिग बी की तारीफ करते हुए सुना गया। अजय देवगन ने कहा कि अमिताभ बच्चन को काम करना पसंद है और वो इतनी उम्र में भी बिना रुके काम कर रहे हैं। अजय ने आगे कहा कि अमिताभ आज भी बुद्धिमान और समझदार इसलिए हैं, क्योंकि वो लगातार काम कर रहे हैं। अजय का मानना है कि कोई चाहे जितना भी जीएं, लेकिन हमेशा काम करते रहना चाहिए। अगर ये करना बंद कर देते हैं और काम के बजाय आराम करने को चुनते हैं तो आप तीन गुना तेजी से बूढ़े होने लगते हैं।

-साभार एजेंसी